www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

31 दिसंबर, 2024
पौष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 73







# झारखंड में इको टूरिज्म को करें विकसित: हेमंत

## मुख्यमंत्री ने कार्य योजना बनाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में इको टूरिज्म को इस प्रकार विकसित किया जाये, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ-साथ प्रकृति को भी संरक्षित रखा जा सके। वह सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में इको टूरिज्म को लेकर अधिकारिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने झारखंड में इको टूरिज्म के विकास हेतु एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी एवं पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार मौजूद थे।

**विभागों के साथ समन्वय कर योजना करें तैयार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वन पर्यावरण विभाग एवं पर्यटन विभाग एक बेहतर समन्वय के साथ इको टूरिज्म के विकास के लिए झारखंड के उन स्थानों को चिन्हित करने का कार्य करें, जहां इको टूरिज्म की संभावनाएं हैं। अधिकारियों को राज्य में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर विशेष फोकस करने का निर्देश दिया।



### देश-दुनिया में अलग पहचान मिलेगी

हेमंत सोरेन ने कहा कि इको टूरिज्म को बढ़ावा देने से झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता को देश और दुनिया में एक अलग पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश के अन्य राज्यों या दूसरे देशों में जहां इको टूरिज्म के क्षेत्र में अच्छे कार्य हुए हैं, वहां के मॉडल का अध्ययन करें। साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में वैश्विक मानचित्र पर झारखंड को पहचान देने के उद्देश्य से वन विभाग एवं पर्यटन विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इको टूरिज्म विकसित हो, इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इको टूरिज्म के विकसित होने से झारखंड की प्रकृति धरोहरों को संरक्षित रखा जा सकेगा।



## हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार हटाये गये

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने पत्नी की हत्या के आरोप में घिरे हजारीबाग के सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार की सेवा वापस कार्मिक विभाग को कर दिया है। अशोक कुमार को अविलंब कार्मिक विभाग में योगदान देने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। उधर, हजारीबाग पुलिस अधीक्षक कार्यालय से गोपनीय पत्र जारी किया गया है। इस घटना को लेकर एसआइटी का गठन किया गया है। उनसे पूछताछ शुरू हो गयी है।

### आप प्रमुख सह पूर्व मुख्यमंत्री का चुनावी एलान

# पुजारी और ग्रंथी को हर महीने 18000 रुपये देंगे: केजरीवाल

दिल्ली में इमामों को 17 महीने से वेतन नहीं किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एलान किया कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सरकार बनाती है, तो वह पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करेगी। इसके तहत मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार हर महीने भत्ता दिया जायेगा। केजरीवाल ने कहा कि योजना के लिए रजिस्ट्रेशन मंगलवार से शुरू होगा। केजरीवाल मंगलवार को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जायेंगे। जहां वे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जांच करेंगे। इधर, दिल्ली वक्फ बोर्ड के इमामों ने केजरीवाल के घर के बाहर प्रदर्शन किया। इमामों का दावा है कि उन्हें 17 महीने से वेतन नहीं मिला है। इसके लिए वे मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल समेत सभी से शिकायत कर चुके हैं।



गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। अगले दो महीने में चुनाव हो सकते हैं। इसे देखते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने वादों की झड़ी लगा दी है। केजरीवाल अब तक बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना, महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना, ऑटो चालकों के लिए योजना, बुजुर्ग पेंशन योजना की घोषणा कर चुके हैं। अब सोमवार को संवाददाता सम्मेलन कर पुजारी और ग्रंथी के लिए योजना की घोषणा की है।

### 50 बार अधिकारियों से मिले, वेतन नहीं मिला

आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर इमामों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के चेयरमैन साजिद रशीदी ने कहा कि वेतन में देरी को लेकर पिछले 6 महीनों से अधिकारियों और नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। रशीदी का कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल समेत हर छोटे-बड़े अधिकारी से लगभग 50 बार मुलाकात की है। रशीदी ने दिल्ली सरकार को चेतावनी दी है कि 240 इमामों को वेतन जल्द नहीं मिला, तो वे धरने पर बैठेंगे। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि उनका मासिक मानदेय इमामों के लिए 18000 और मुअज्जिनों के लिए 16000 रुपये डेढ़ साल से ज्यादा समय से नहीं मिला है।






# अपराधियों ने एक व्यक्ति से लूटा 13 लाख रुपये, बचाव में आये व्यक्ति को मारी गोली

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ के आवास के पास हुई घटना

आइसीआइसीआइ बैंक में पैसे जमा करने आया था व्यक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में अपराधियों का तांडव लगातार जारी है। पंडरा ओपी क्षेत्र में सोमवार को एक कंपनी के मैनेजर सुमित कुमार गुप्ता से अपराधियों ने 13 लाख रुपये लूट लिये। वह क्षेत्र में स्थित आइसीआइसीआइ बैंक में रुपये जमा करने आये थे। वहीं, लूटपाट की घटना हुई। लूटपाट के दौरान बीचबचाव करने आये वहां स्थित एक होटल के संचालक सुमित कुमार को अपराधियों ने गोली मार दी। घायल सुमित को स्थानीय लोग अस्पताल ले गये। जिस जगह यह घटना हुई, वहां से कुछ ही दूरी पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ का घर है। तीनों अपराधी एक बाइक पर पहुंचे थे। तीनों ने मुंह पर रूमाल बांध रखा था। अपराधी घटना को अंजाम देकर वहां से फरार हो गये। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। अपराधियों के धर पकड़ में जुट गयी है।

# राज्य सरकार भूमि अधिग्रहण और फॉरेस्ट क्लीयरेंस का समाधान करे: नितिन गडकरी

- केंद्रीय मंत्री ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र
- हेमंत सोरेन को शानदार काम के लिए बधाई भी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्य में चल रही केंद्रीय योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री को हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास में तेजी लाने के लिए आपके शानदार सहयोग के लिए आभारी हूं। उन्होंने झारखंड में सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं का उल्लेख करते हुए इसके निदान का आग्रह भी किया है। एनएचएआइ और विभिन्न हाइवे परियोजनाओं को गति प्रदान करने के लिए सहयोग मांगा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि इन मुद्दों पर राज्य के मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दें, ताकि विकास परियोजनाएं बाधित न हो।

### 33 परियोजनाओं पर काम प्रगति पर

गडकरी ने कहा है कि वर्तमान में झारखंड में 33 एनएचएआइ परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, जिनकी लागत 38,500 करोड़ रुपये है। ये परियोजनाएं सुदूर क्षेत्रों में संपर्क बढ़ाने में सहायक हैं। इन परियोजनाओं में चालू, स्वीकृत और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित परियोजनाएं शामिल हैं।

### इन बातों पर ध्यान कराया आकृष्ट

गडकरी ने मुख्यमंत्री का ध्यान कुछ प्रमुख मुद्दों की ओर आकर्षित किया है। राज्य सरकार की विभिन्न विभागों (राजस्व, वन विभाग की स्वीकृति और पुलिस) से त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। वर्तमान में, 25 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं विभिन्न चरणों में रुकी हुई हैं। जमीन अधिग्रहण, मुआवजा वितरण भी समय पर नहीं हो रहा है। उन्होंने वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेस वे की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि कुडू-उदईपुरा पैकेज का कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

इसकी वजह फॉरेस्ट क्लीयरेंस और जमीन अधिग्रहण का नहीं होना है। कई प्रोजेक्ट फॉरेस्ट क्लीयरेंस, मुआवजा और जमीन अधिग्रहण के कारण रुके हुए हैं।



### झारखंड में 15 हाइवे प्रोजेक्ट का काम प्रभावित

झारखंड में 15 हाइवे प्रोजेक्ट का काम फॉरेस्ट क्लीयरेंस के कारण प्रभावित हो रहा है। कुडू से उदयपुरा (लातेहा), उदयपुरा से भोगू सेक्शन (लातेहार), भोगू से शंखा (पलामू) और बासुकीनाथ से देवघर ( देवघर) के बीच फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है। वहीं वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रोस वे के तहत चतरा बाइपास (चतरा), देवरिया से दोनोरेशान (चतरा-हजारीबाग), दोनोरेशान से बोंगाबार पैकेज (हजारीबाग-रामगढ़), बोंगाबार से लेपो पैकेज (रामगढ़-बोकारो), लेपो से कमलापुर पैकेज (बोकारो) में फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा है। नयी सड़क परियोजना के तहत देवघर बाईपास, गुमला बाइपास, केरेटया से क्योंदपानी, क्योंदपानी से लतरा और लतरा से सीठियो के बीच फॉरेस्ट क्लीयरेंस का पेंच फंसा हुआ है।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,400 रु./10 ग्राम
चांदी 89,000 रु./प्रति किलो



# नया साल 2025 : जश्न मनाने के लिए पिकनिक स्पॉट पर लोगों की उमड़ रही भीड़



सुनील कुमार सिंह

**रांची।** नया साल 2025 दस्तक दे रहा है। इसी के साथ लोग पार्टी और पिकनिक मनाने के लिए अच्छी जगह की तलाश में जुट गये हैं। झारखंड में भी कई ऐसे जगह हैं, जहां आप नये साल का जश्न मना सकते हैं। दिसंबर और जनवरी के महीने में रांची और आसपास के इलाकों के पिकनिक स्पॉट पर लोगों की काफी भीड़ रहती है। लोग छुट्टी के दिनों में अपने परिवार के साथ इन स्थानों पर क्वालिटी टाइम बिताने के लिए जाते हैं। प्रकृति की गोद में बसे झारखंड में केवल आसपास के लोग ही नहीं, बल्कि दूर-दूर से भी सैलानी घूमने के लिए आते हैं। यहां पर्यटक केवल झरने देखने के लिए ही नहीं, बल्कि आसपास के स्थानों पर पूरी मस्ती भी करते हैं। झारखंड में कई ऐसे जगह हैं, जहां आप पूरे परिवार के साथ वनभोज का आनंद उठा सकते हैं। नये साल में नये पिकनिक स्पॉट भी लोगों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। आपको बताते है कि कौन-कौन सी जगह आप अपने परिवार के साथ घूम कर नये साल को यादगार बना सकते है।

## प्रकृति की गोद में बसा है बाघमुंडा

रांची से 80 किमी दूर गुमला जिले में बसिया के निकट तिर्रा के बंबियारी गांव में प्रकृति की गोद में बाघमुंडा बसा हुआ है। खूंटी की ओर से तोरपा होते हुए यहां पहुंचा जा सकता है। सड़क भी अच्छी है, जिससे पर्यटक यहां दो से ढाई घंटे में पहुंच पाते हैं। बीच जंगल में चट्टानों के बीच से गिरती पानी की मोटी धार किसी शानदार फॉल से कम नहीं है। इस बड़े जल स्रोत से निकलती चौड़ी नदी इलाके की सुंदरता में चार चांद लगा रही है। नदी और झरने का पानी इतना शुद्ध है कि लोग उसे खाना बनाने के इस्तेमाल में भी ला रहे हैं। नदी के पास पहुंचने के लिए पार्किंग स्थल से करीब 50 सीढ़ी नीचे उतरना पड़ता है। यहां अभी पर्यटकों की भीड़ लग रही है। यहां पार्किंग की भी सुविधा है। स्थानीय लोगों ने कई स्टॉल लगा रखे हैं। ज्यादातर पर्यटक खाना बनाने की व्यवस्था कर वहां पहुंच रहे हैं। नदी में लगातार एक-दो फीट पानी बहता रहता है। किनारे पर बालू का भंडार और बलुई नदी बच्चों को खेलने के लिए आकर्षित कर रही है। जंगल, नदी और पहाड़ पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं।

### रोज आइलैंड

रांची से करीब 10-15 किमी दूर अनगड़ा के पास गेतलसूद स्थित रोज आइलैंड की खूबसूरती जन्नत से कम नहीं है। इन दिनों इस खूबसूरत आइलैंड को एक बेहतर डेस्टिनेशन भी माना जाता है। रोज आइलैंड गेतलसूद डैम का ही एक हिस्सा है। यहां शाम के समय जब सूर्य की रोशनी पड़ती है, तो आसपास का नजारा देखते ही बनता है। पहले यहां सरसों की खेती भी होती थी। यहां बीच में सैलानियों द्वारा गंदगी फैलाने के कारण स्थानीय लोगों ने उनके आने पर रोक लगा दी थी, लेकिन अब नव वर्ष के समय आप यहां का आनंद लेने जा सकते हैं और पिकनिक मना सकते हैं। इस समय लोग इस नये स्पॉट पर पिकनिक मनाने के लिए बड़ी तादाद में पहुंच रहे हैं। साथ ही यहां प्री-वेडिंग और एलबम की शूटिंग भी चल रही है।

## देखने लायक है सुरसू वैली का नजारा

यदि आप सुरसू वैली नहीं गये हों, तो एक बार जरूर जायें। यहां की सपीली सड़क और घाटी का नजारा देखने लायक है। यहां आप इत्मीनान से लोगों की भीड़ से दूर पिकनिक मना सकते हैं। यह आपके पिकनिक स्पॉट के लिए बिल्कुल नयी जगह होगी, जहां आपको बार-बार जाने का दिल करेगा। हालांकि अब यहां भी लोग पहुंचने लगे हैं। यह रांची से 46 किमी की दूरी पर है। रांची से जोन्हा बाजार से होते हुए स्कूल मोड़ के पास से बायें एक रास्ता जाता है, जो गोला निकल जाता है। उस रास्ते के बीच में ही सुरसू वैली देखने को मिलेगी।

### नेतरहाट

झारखंड के लोगों के लिए राजधानी और उसके आसपास कई ऐसी जगहें हैं, जहां आप बहुत आराम से कम खर्चे में घूम कर आ सकते हैं। छोटानागपुर की पहाड़ों की रानी नेतरहाट एक ऐसी ही जगह है। यहां हमेशा सैलानी आते हैं। न्यू ईयर में पर्यटकों की भीड़ बढ़ जाती है। इसे झारखंड की शान भी कहा जाता है। यहां की पहाड़ियों पर सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा देखना अपने आप में एक अद्भुत क्षण होता है। इसलिए पर्यटकों के बीच नेतरहाट काफी लोकप्रिय है।

### पतरातू घाटी

न्यू ईयर सेलिब्रेट करने के लिए झारखंड आकर अगर आप पतरातू घाटी नहीं गये, तो यकीन मानिये आपने एक बेहतरीन मौका गंवा दिया। यहां की खूबसूरत वादियां और घुमावदार जलेबी जैसी सड़कें पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। एक बार पतरातू घाटी घूम लेंगे, तो बार-बार यहां आने का मन करेगा। पहाड़ियां, वादियां और झील की खूबसूरती आपको आनंद से भर देगी।

### दशम फॉल

नये साल में लोग झरनों का आनंद लेना भी पसंद करते हैं। अगर आप झारखंड में नया साल सेलिब्रेट कर रहे हैं, तो दशम फॉल एक अद्भुत जगह है। यह अपनी खूबसूरती के लिए काफी फेमस है। पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में लोग न्यू ईयर के मौके पर दशम फॉल घूमने आते हैं। आप भी एक बार इस झरने को अपनी आंखों से जरूर निहारिये।

### बेतला नेशनल पार्क

झारखंड का बेतला नेशनल पार्क भी नया साल मनाने वालों के लिए एक बेहतरीन जगह है। इसे पलामू टाइगर रिजर्व भी कहते हैं। आप भी एक बार बेतला नेशनल पार्क जरूर जायें। प्रकृति की गोद में स्थित बेतला नेशनल पार्क कभी बाघों के लिए जाना जाता था। आज इसमें बाघ तो यदा-कदा दिखते हैं, लेकिन जंगली हाथी, हिरण, बंदर, तेंदुआ, जैसे कई सारे जंगली जानवर देखने को मिल जाएंगे। दशम फॉल की तरह बेतला नेशनल पार्क में भी बड़ी संख्या में पर्यटक न्यू ईयर मनाने आते हैं।

### प्राचीन भुवनेश्वरी मंदिर और गोल पहाड़ी मंदिर

पूर्वी सिंहभूम जिले का जमशेदपुर शहर अपने आप में एक अद्भुत जगह है, जहां आप नये साल का जश्न मना सकते हैं। यहां आप प्राचीन भुवनेश्वरी मंदिर और गोल पहाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना कर सकते हैं। अगर आपको प्रकृति के बीच रहना पसंद है, तो आप जूलॉजिकल पार्क, दलमा झील, हुडको झील और जुबिली झील घूमने जा सकते हैं। जमशेदपुर से सटे और भी कई पर्यटक स्थल हैं, जहां आप नये साल में घूम सकते हैं।

### हजारीबाग

झारखंड का हजारीबाग जिला भी नये साल में घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां की पहाड़ियां, झरने, भव्य मंदिर आपको आकर्षित करेंगे। हजारीबाग में बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के पर्यटक बड़ी संख्या में नये साल पर घूमने के लिए आते हैं। आप भी अपनी फैमिली के साथ हजारीबाग घूमने का प्लान बना सकते हैं।

बोकारो स्टील सिटी झारखंड का एक बेहद खूबसूरत शहर है। न्यू ईयर 2025 में झारखंड में अगर आपने भी झारखंड घूमने का प्लान बनाया है, तो आप बोकारो स्टील सिटी जायें। यहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। बोकारो में घूमने के लिए मंदिर, मानव निर्मित झील और अन्य कई रोमांचक स्थल हैं। संताली आदिवासियों का वेटिकन लुगु पहाड़ बोकारो शहर से कुछ ही दूरी पर है। यह बेहद रमनीक स्थल है।

### मैथन डैम

धनबाद जिले में स्थित मैथन डैम आस्था और सौंदर्य का अद्भुत संगम है। प्रकृति की गोद में बसे इस डैम का नजारा देखने और मां कल्याणेश्वरी देवी के दर्शन के लिए यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है। फैमिली के साथ घूमने के लिए यह बेहद खास पर्यटन स्थल है। मैथन डैम में नौका विहार का भी पर्यटक आनंद लेते हैं।

### पेरवाघाघ जलप्रपात

तोरना का पेरवाघाग जलप्रपात राज्य के सबसे खूबसूरत झरनों में शामिल है। इसकी सुंदरता देखते ही बनती है। घने जंगलों से घिरा पेरवाघाघ अपनी प्राकृतिक छटाओं के कारण सैलानियों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित करता है। प्राकृतिक सौंदर्य व नीले पानी की झील एकमात्र पेरवाघाग में ही देखने को मिलती है। यहां सैलानियों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। यहां शौचालय, टॉवर तथा रेस्ट रूम भी है।



# झारखंड में अब 1 एकड़ से कमवाले निजी तालाब का भी होगा जीर्णोद्धार : शिल्पी नेहा

- अगले वित्तीय वर्ष में तालाब जीर्णोद्धार में सीढ़ी निर्माण भी अनिवार्य
- सब्जियों की एमएसपी तैयार करने में जुटा है कृषि विभाग
- कृषि भवन में औचक निरीक्षण करने पहुंची मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की
- कर्मियों और अधिकारियों की छुट्टी पर रहने से दिखी नाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब 1 एकड़ से कम में बने तालाब का भी सरकार जीर्णोद्धार करेगी। अगले वित्तीय वर्ष में निजी तालाब को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग को प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही नये निर्देश के अनुसार अब तालाब के जीर्णोद्धार के दौरान एक तरफ से सीढ़ी का निर्माण भी कराया जाएगा। ये निर्देश कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कांके कृषि भवन के औचक निरीक्षण के क्रम में उपस्थित अधिकारियों को दिया। वर्तमान में निजी तालाब के जीर्णोद्धार के लिए कम से कम 1 एकड़ और अधिक से अधिक 5 एकड़ वाले तालाब की योजना चल रही है। इस योजना से बड़ी संख्या में किसानों के छोटे तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पा रहा है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग के द्वारा आने वाले समय में सब्जियों की एमएसपी तय करने की दिशा में काम करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि फूल गोभी या पत्ता गोभी जैसे सब्जियों का दर दूसरे राज्य के व्यापारी आ कर कम कर रहे है। इससे स्थानीय किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। औचक निरीक्षण करने पहुंची मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि भवन में कर्मियों और अधिकारियों के छुट्टी पर चले जाने को लेकर नाराज दिखी। उन्होंने कहा कि क्रिसमस से लेकर नये साल या



दूसरे पर्व त्योहार मनाना जरूरी है, पर इसका काम पर असर नहीं पड़े इसका ध्यान रखना चाहिए। आज जब मैं यहां पहुंची हूं, तो 50 प्रतिशत कर्मी और अधिकारी 15 से 20 दिन के अवकाश पर हैं। झारखंड में पहले से ही सरकारी कर्मियों की कार्य संस्कृति गड़बड़ रही है। इसमें सुधार जरूरी है और ऐसा करके हम विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कर सकते है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के बजट राशि को खर्च करने के साथ साथ अगले वित्तीय वर्ष के बजट की तैयारी में सभी को जुट जाना होगा। औचक निरीक्षण के दौरान जैविक खेती को लेकर दी गयी जानकारी पर भी मंत्री आश्चर्य चकित दिखीं। उन्होंने कहा कि इसके बारे में कितने लोग जानते है। पैकेजिंग, शॉर्टिंग और ग्रेडिंग को लेकर मंत्री ने जेएसएलपीएस के पलाश ब्रांड का उदाहरण दिया।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब दूसरे विभाग के द्वारा ये किया जा सकता है तो यहां क्यों नहीं। उद्यान विभाग के द्वारा 27 एकड़ में बनाये जाने वाले हाई टेक नर्सरी में स्थानीय 2 से 3 हजार ग्रामीणों को रोजगार देने का भी निर्देश मंत्री ने दिया। उन्होंने कहा कि लोग रोजगार के लिए दूसरे जगह पलायन करते है ऐसे में हाई टेक नर्सरी में उनके रोजगार को सुनिश्चित कर पलायन को रोका जा सकता है ।

## डीसी रैंक के सात आइएएस को मिली प्रोन्नति

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने डीसी रैंक के सात अफसरों को प्रोन्नति दे दी है। प्रोन्नति पानेवाले अफसरों में कर्ण सत्यार्थी, गरिमा सिंह, मेधा भारद्वाज, हिमांशु मोहन, चंदन कुमार, विशाल सागर और राहुल कुमार शामिल हैं। कार्मिक ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार इन अफसरों को कनीय प्रशासनिक कोटि के वेतनमान में प्रोन्नति दी गई है। साथ ही इन अफसरों को अगले दो साल में एमसीटी फेज तीन का प्रशिक्षण पूरा करना होगा।

## आठ आइएएस एसडीओ को मिला प्रमोशन

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अनुमंडल पदाधिकारी स्तर के आठ पदाधिकारियों को सीनियर टाइम स्केल (लेबल-11 पे-मैट्रिक्स-67,100-208700) में प्रोन्नति प्रदान की गयी है। सभी पदाधिकारी अ पने वर्तमान पद पर बने रहेंगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। इन्हें मिला प्रमोशनः शताब्दी मजूमदार-एसडीओ धालभूमगढ़, उत्कर्ष कुमार- एसडीओ रांची सदर, आशीश गंगवार-एसडीओ छतरपुर, श्रीकांत यशवंत- एसडीओ गिरिडीह, ओमप्रकाश गुप्ता- अवर सचिव योजना एवं विकास विभाग, सन्नी राज- एसडीओ सिमरिया, चतरा, अनिमेश रंजन- एसडीओ खुरी-महुआ, रिया सिंह- एसीडीओ कोडरमा।

# बदलेगी शिक्षकों की ट्रांसफर पॉलिसी, दस हजार शिक्षकों की होगी बहाली : रामदास

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के ट्रांसफर संबंधित नियमों में बदलाव होगा। इसके लिए विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जायेगा। इसके बाद शिक्षकों की गृह जिले में स्थानांतरण की प्रक्रिया सरल हो जायेगी। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण से संबंधित नियमों की समीक्षा की जा रही है। कई शिक्षकों ने शिकायत की है कि वर्तमान नियमों की वजह से शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं हो पा रहा है, ना ही म्यूचुअल ट्रांसफर ही हो पा रहा है, जिससे समस्या



हो रही है। इसे देखते हुए यह संशोधन किया जा रहा है। 2022 में स्थानांतरण नियमों में किया गया था बदलाव वर्ष 2022 में स्थानांतरण नियमों में बदलाव किया गया था। इसके बाद शिक्षकों के गृह जिले में स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हुई थी। अंतर जिला स्थानांतरण के दौरान कुछ प्रावधानों में बदलाव की जरूरत महसूस की गयी, जिस पर अब काम किया जा रहा है।

वर्तमान के नियमों के अनुसार, अंतर जिला स्थानांतरण में शिक्षक की उम्र, जोन में तैनाती और प्राथमिकता के आधार पर अंक तय किये गये हैं। इसके अलावा, अगर शिक्षक किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, तो स्थानांतरण का प्रावधान है। महिला शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए पहले से तय प्राथमिकताओं में भी बदलाव किया जायेगा।

**सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में दो गार्ड और एक माली की होगी बहाली :** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जमशेदपुर सर्किट हाउस में एक बैठक की। इसमें उपायुक्त अनन्य मित्तल, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार व जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार ने हिस्सा लिया। इसमें मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का दौरा किया था। पाया कि स्कूलों में सारी व्यवस्थाएं बेहतर हैं, लेकिन स्कूल में कोई सुरक्षाकर्मी नहीं है। ना ही कोई माली है। सीनियर सेक्शन के बच्चे यहां पढ़ाई करते हैं, इसलिए उन्होंने निर्देश दिया है कि तत्काल आउटसोर्स कर सभी स्कूल में में दो-दो सिक्योरिटी गार्ड एवं एक माली की बहाली की जाये।

# एनएच पर एक्सीडेंट में मौत हुई, तो दर्ज होगी एफआइआर : मंत्री दीपक बिरुवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, अधिवक्ता राजाराम गुप्ता ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार और परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान गुप्ता ने एनएच 75 (ए) पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और आरोप लगाया कि एनएच विभाग की लापरवाही के



कारण ये घटनाएं बढ़ रही हैं। गुप्ता ने बताया कि इस मार्ग के मुफस्सिल थाना के पास विभाग द्वारा नाली निर्माण के लिए महीनों पहले गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। साथ ही, चाईबासा से हाटगम्हरिया मार्ग की स्थिति भी ऐसी ही है। मंत्री दीपक बिरुवा ने इस पर गंभीर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यदि भविष्य में एनएच मार्ग पर किसी भी सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत होती है, तो संबंधित कार्यपालक अभियंता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। मंत्री ने यह भी कहा कि एनएच 75 (इ) चाईबासा-हाटगम्हरिया मार्ग का निर्माण निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं हो सका है, और इसके लिए एनएच विभाग और संवेदक पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। इस मामले में शीघ्र ही कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा, मंत्री ने चाईबासा क्षेत्र के अन्य मार्गों पर स्पीड ब्रेकर और रबर स्ट्रिप लगाने की आवश्यकता पर बल दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 24.3 °c | 14.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.12 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.29 बजे |



# झरिया विधायक रागिनी सिंह ने हेमंत सोरेन से की मुलाकात

## क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झरिया से बीजेपी की विधायक रागिनी सिंह ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। प्रोजेक्ट भवन में हुई मुलाकात में विधायक रागिनी सिंह ने अपने क्षेत्र की समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। झरिया में कोयला माफिया की कार्यशैली से भी बीजेपी विधायक ने सीएम को रूबरू करवाया। मुलाकात की बाद कहा कि वहां कुछ लोग सीएम के नाम का भी दुरुपयोग कर रहे है। पिछली कुछ दिनों से 500 कोयला मजदूरों के लिए संकट की स्थिति बनी है। बीजेपी विधायक ने कहा सीएम ने मामले में गंभीरता दिखाने की बात कही है।



## रांची में देर रात चला एंटी क्राइम जांच अभियान

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में नये साल को लेकर देर रात एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय और डीएसपी सिल्ली के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस ने मेन रोड से लेकर रातू रोड तक सड़क पर पैदल पेट्रोलिंग की। इस दौरान बार-रेस्टोरेंट से लेकर सड़क पर वाहनों की जांच की गयी। इसके अलावा नशे में वाहन चलाने वालों की भी जांच हुई। उल्लेखनीय है कि नये साल के स्वागत को लेकर पूरे झारखंड में कई कार्यक्रमों का आयोजन होना है। वहीं, साल खत्म होने से पहले पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए पुलिस मुख्यालय के राज्य के सभी जिलों में पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किये गये हैं।

# रांची बिरसा जू में नये साल पर खास तैयारी, टिकट दर 70 रुपये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची का बिरसा जू नये साल के लिए तैयार है। पर्यटकों के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। दो जनवरी तक के लिए सिस्टम में कुछ बदलाव किये गये हैं। सोमवार को बंद रहने वाला जू छह जनवरी जिस दिन सोमवार है उस दिन भी खुला रहेगा। 2 जनवरी 2025 तक प्रति वयस्क टिकट दर 70 रुपये रखा गया है, जबकि 3 साल से 12 साल के बच्चों के लिए 30 रुपये का टिकट लगेगा। इन तीन दिनों तक ग्रुप टिकट की व्यवस्था नहीं रहेगी। इस बार आप नये जानवरों को भी देख पायेंगे। इसमें सफेद बाघ, सफेद तेंदुआ, सफेद मोर, सफेद हिरण और गंध मृग जैसे दुर्लभ वन्यजीव शामिल है।

जू प्रशासन की ओर से 31 दिसंबर से लेकर दो जनवरी तक पांच अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाये गये हैं। जहां से सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक टिकट खरीदा जा सकता है। भीड़ को देखते हुए तीन दिन जू प्रशासन ने जू के दोनों ओर गाड़ी खड़ा करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त निजी लोग भी सड़क के दोनों किनारों को घेर कर पार्किंग भी व्यवस्था भी करेंगे।

रांची के बिरसा जैविक उद्यान में 91 प्रजातियां संरक्षित हैं। इसमें 41 पक्षी, 31 स्तनधारी और 19 सरीसृप शामिल हैं। इसके अलावा दरियाई घोड़ा, लकड़बग्घा, सांभर, चीतल, कृष्णामृग जैसे जीवन के नवजात आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।
- **वृष** — जॉब में स्थानांतरण- पदोन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।
- **मिथुन** — कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।
- **कर्क** — शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।
- **सिंह** — राजकीय कार्यो में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।
- **कन्या** — प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे,मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।
- **तुला** — सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।
- **वृश्चिक** — नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा,यश,कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।
- **धनु** — आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर,वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।
- **मकर** — अकस्मात धन लाभ होने की संभावना,आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **कुंभ** — सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।
- **मीन** — लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है।

## ड्राप आउट बच्चों का सर्वे

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज द्वारा सोमवार कोको रुगड़ी गाढ़ा मधुकुम, मौसीबाड़ी जगरनाथपुर एवं अन्य आवासीय इलाकों में शिशु सर्वे किया गया। जानकारी के मुताबिक शिशु पंजी सर्वे का कार्य दिनांक 4 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक चलेगा। सर्वे के माध्यम से ड्राप आउट नेवर इनरॉल्ड बच्चों की जानकारी इकठ्ठा की जा रही है, ताकि हर बच्चा स्कूल में अच्छा उद्देश्य पूरा हो सकें। इसके अतरिक्त 15 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षित वयस्कों की भी जानकारी सर्वे के माध्यम से इकट्ठा की जा रही है।

# झारखंड में हर दिन औसतन पांच लोगों की हो रही हत्या : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य की गिरती कानून व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि झारखंड में प्रतिदिन औसतन पांच लोगों की हत्या हो रही है।

मरांडी ने राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) के आंकड़ों के हवाले से लिखा है कि इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक के बीच 1400 लोगों की हत्या की जा चुकी है। इस दौरान सिर्फ आमलोग ही नहीं, बल्कि पुलिस अधिकारी, अधिवक्ता और जनप्रतिनिधि भी असमय मौत के घाट उतार दिये गये हैं। झारखंड में अपराध का ग्राफ चिंताजनक रूप से ऊपर चढ़ रहा है।

बाबूलाल ने लिखा है कि विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन मुख्यमंत्री नागरिकों की सुरक्षा में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि झारखंड में बढ़ता अपराध आम लोगों के जेहन में खौफ पैदा कर रहा है, यदि तुरंत ठोस कदम नहीं उठाये गये, तो राज्य की स्थिति और भयावह हो सकती है। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है।

# रांची में कोई सुरक्षित नहीं : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार संजय सेठ ने सोमवार को रांची राजधानी में लूट की घटना एवं अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े युवक को गोली मारने की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। मंत्री श्री सेठ ने कहा आखिर रांची की पुलिस कर क्या रही है। रोज दिनदहाड़े अपराध हो रहे हैं, प्रशासन मौन है। आखिर इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

उन्होंने कहा कि राजधानी रांची क्राइम सिटी का अड्डा बन चुका है। इन अपराधियों के सामने सरकार और प्रशासन पंगु बनी हुआ है। रांची में कोई भी वर्ग सुरक्षित नही है, न व्यापारी वर्ग, और न कारोबारी। राज में आम लोग और व्यापारी कैसे अपना कारोबार को करेंगे, जहां दिनदहाड़े पैसे लूट लि. जाते हो। सभी थाना और अधिकारी बालू के अवैध धंधे में लिप्त हैं। पैसे की उगाई का खेल चल रहा है जनता मर रही है और बाबू लोग मस्त हैं। सरकार और प्रशासन धैर्य की परीक्षा ना ले सभी वर्गों में आक्रोश है अगर सरकार और प्रशासन नहीं चेती तो इसका खामियाजा भुगतना होगा।

## कॉमर्शियल बिल्डिंग के पार्किंग का दुरुपयोग करने वालों को अल्टीमेटम

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची नगर निगम की नजर वैसे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों (कमर्शियल) पर है जो अपने पार्किंग एरिया का उपयोग दूसरे कार्यों के लिए कर रहे हैं। साथ ही अपनी भी गाड़ियों को पार्किंग की बजाय सड़क किनारे खड़ी करते हैं। कई दुकानदार अपने क्षेत्र से बाहर सामान रखकर व्यवसाय कर रहे हैं। इससे ट्रैफिक पर भी असर पड़ रहा है। इसके चलते सफाई के कामों में निगम के कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिससे निगम भी परेशान है। निगम के उप प्रशासक के मुताबिक, इससे भवन प्लान एक्ट तथा झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 का उल्लंघन हो रहा है। इसे देखते निगम ने तीन दिनों की नोटिस जारी करते कहा है कि ऐसे प्रतिष्ठान जो अपने पार्किंग का उपयोग दूसरे कामों के लिए कर रहे हैं, वे ऐसा ना करें। अपनी गाड़ियों की पार्किंग अपने ही निर्धारित जगह पर करें, सड़कों पर नहीं। बिल्डिंग प्लान में निर्धारित पार्किंग एरिया का उपयोग दूसरे किसी कार्य के लिए ना करें। ऐसा नहीं करने पर भवनों को सील करते अन्य कार्रवाई की जायेगी।

# झारखंड प्रदेश युवा राजद के अध्यक्ष रंजन यादव ने संगठन का किया विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सोमवार को झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने संगठन विस्तार करते हुए युवा राजद के रांची महानगर का अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह को बनाया है। साथ ही ललन यादव, अभिराज राय, राजेश यादव को प्रदेश सचिव के रूप में मनोनीत किया। सोमवार को राजद के महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव ने संगठन विस्तार करते हुए जितेंद्र कुमार राणा को रांची महानगर के उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया।

इस अवसर पर कई युवाओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करनेवालों में रवि रंजन कुमार, सिद्धार्थ कुमार समेत दर्जनों युवा शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्यतः राजद उपाध्यक्षा अनीता यादव, युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, महासचिव क्षितिज मिश्रा, रांची महानगर अध्यक्ष कमलेश यादव और सुरेंद्र यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# रांची की नेहा पटवारी को मिला मारवाड़ी युवा मंच का सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार

## झारखंड एवं समाज के लिए गर्व की बात : संजय सर्राफ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का गुजरात के गांधी धाम में आयोजित चार दिवसीय 15वां राष्ट्रीय अधिवेशन मे राष्ट्रीय रक्तदान संयोजक राजधानी रांची की नेहा पटवारी को सत्र 2023-25 के लिए मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टर ने सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार से अलंकृत किया। इस अवसर पर सुरेंद्र ने कहा कि आपसे पूर्ण आशा एवं विश्वास है कि मंच को इसी तरह अपनी सेवा देकर मंच के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए एक नया इतिहास गढ़ने का कार्य निःस्वार्थ भावना से निरंतर करते रहेगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मंच की नारी शक्ति तेजी से समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। उसी कड़ी को नेहा पटवारी ने अपने कार्यों के द्वारा सेवा कार्य कर परचम लहराया है। नेहा पटवारी को सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय कार्य समिति सदस्य संजय सर्राफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए नेहा पटवारी को बधाई देते हुए कहा है कि सर्वोच्च नवरत्न पुरस्कार मिलना झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने समाज के गौरव को बढ़ाते हुए गौरवान्वित की है। नेहा पटवारी समर्पण शाखा रांची की पूर्व अध्यक्ष, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच में मुख्यालय उपाध्यक्ष पर रहते हुए भी राष्ट्र के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से अलंकृत हुई थीं।

# एमआरएमसीएच में मैन पॉवर की कमी तीन दिनों में दूर करें एक जनवरी से लगेगी बायोमेट्रिक अटेंडेंसः राधाकृष्ण किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पलामू।** संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सोमवार को मेदिनीनगर के सर्किट हाउस में मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल को लेकर हुई बैठक में सफाई को लेकर विशेष रूप से चर्चा की। पाया गया कि 300 बेड वाले एमआरएमसीएच में 135 सफाई कर्मियों को तीन शिफ्ट में लगाना है, लेकिन यहां मात्र 51 कर्मी ही कार्यरत हैं। दिसंबर 2024 तक 47 कर्मियों की ही हाजिरी बनी हुई पायी गयी।

इसके बाद मंत्री मैनपॉवर देने वाली कंपनी बालाजी पर भड़क गए और उन्होंने तीन दिनों के भीतर सरकार के एग्रीमेंट के अनुसार 135 कर्मियों को एमआरएमसीएच में लगाने का निर्देश दिया। मंत्री ने यह भी कहा कि एक जनवरी से सारे कर्मियों की अटेंडेंस बायोमेट्रिक बनेगी और उसके अनुसार भुगतान किया जायेगा। जो 47 कर्मी पाये गये, उन्हें भी उचित मजदूरी नहीं मिल रही है। इस मामले में श्रम अधीक्षक को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री ने कुछ दिन पहले एमआरएमसीएच का औचक निरीक्षण किया था और कई मामलों में सुधार करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था। इसी के आलोक में मंत्री ने जिले के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डॉक्टर आरके रंजन, एमआरएमसीएच के प्रिंसिपल, नगर आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन, एडिशनल कलेक्टर, श्रम अधीक्षक और बालाजी कंपनी के सुपरवाइजर के साथ बैठक की।

मंत्री ने यह भी कहा कि बैठक के दौरान सामने आया कि जून 2024 से आयुष्मान में भुगतान नहीं हो पाया है। इस कारण आयुष्मान के रोगियों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। रांची जाकर आयुष्मान के अधिकारियों से बात की जायेगी और एक सप्ताह के भीतर भुगतान करने की कोशिश होगी, ताकि आयुष्मान कार्ड के आधार पर इलाज कराने वाले रोगियों को आर्थिक लाभ मिल सके।

वित्त मंत्री ने एमआरएमसीएच परिसर में पुलिस फोर्स की तैनाती करने का निर्देश दिया है। पुलिस से रिलेटेड चाहे पोस्टमार्टम का मामला हो या फिर डॉक्टर को सुरक्षा देने का, सभी में अस्पताल में कार्यरत पुलिसकर्मी ही कार्य करेंगे। अस्पतालकर्मियों को पुलिस केस में थाने का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अस्पताल में पुलिस की मौजूदगी के लिए मंत्री ने पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन से बात की और जल्द से जल्द पदाधिकारी और जवानों की तैनाती करने का निर्देश दिया। पुलिस के रहने के लिए भी व्यवस्था करने को भी कहा गया है। मंत्री ने जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल को सामुदायिक स्वास्थ्य, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में भी मैन पावर के अनुसार सप्ताह में एक या दो दिन जरूर डॉक्टरों की तैनाती करने का निर्देश दिया गया है, ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों का इलाज हो सके।

## सीसीएल अंतर-क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2024

# अरगडा में खेल भावना और उत्कृष्टता का उत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीसीएल द्वारा आयोजित अंतर-क्षेत्रीय हॉकी प्रतियोगिता, 2024 का भव्य आयोजन 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक अरगडा क्षेत्र के गिद्दी-'सी' फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सीसीएल के विभिन्न कमांड क्षेत्रों की 12 टीमों ने भाग लिया। सभी मैच लीग प्रारूप में खेले गये, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन 26 दिसंबर को संजय कुमार झा, महाप्रबंधक, अरगडा क्षेत्र द्वारा किया गया।

**रोमांचक मुकाबले और विजेताओं का एलान :** सेमीफाइनल मुकाबले 28 दिसंबर को हुए, जिनमें बरका सयाल क्षेत्र और हजारीबाग क्षेत्र की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

29 दिसंबर को फाइनल मुकाबले और समापन समारोह का आयोजन गिद्दी-'सी' फुटबॉल मैदान में हुआ। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र ने मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। हजारीबाग क्षेत्र की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए बरका सयाल क्षेत्र की टीम को 1-0 के करीबी अंतर से पराजित कर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। समापन समारोह के दौरान सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र की उपस्थिति में हजारीबाग क्षेत्र को अगले वर्ष के सीसीएल अंतर-क्षेत्रीय हॉकी महोत्सव की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गयी। निदेशक महादय द्वारा खिलाड़ियों, कोच और सभी सहभागी टीमों को खेल भावना बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया।

### व्यक्तिगत पुरस्कार और विशेष सम्मान

- मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब हजारीबाग क्षेत्र के आनंद कुमार ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जीता।
- सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार हजारीबाग क्षेत्र के गुणीलाल मांझी को दिया गया।
- सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का सम्मान बरका सयाल क्षेत्र के रमेश हांसदा को मिला।
- सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार बरका सयालक्षेत्र के श्री राजू मुर्मू को प्रदान किया गया।







# नये साल के जश्न में डूबेगी रांची 13 हजार रुपये तक का है टिकट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नए साल का जश्न मनाने के लिए राजधानीवासी तैयार है। इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। काउंटडाउन भी शुरू हो गया है। इसे लेकर राजधानी के होटलों और क्लबों में खास तैयारी भी गई है। कई होटलों में नामी-गिरामी बैंड भी अपनी प्रस्तुति देंगे। 31 दिसंबर की रात लोग झूमते हुए हैप्पी न्यू ईयर सेलेब्रेट करते नजर आएंगे।दीपशिखा और म्यूराक्षी बिखेरेंगी डांस का जलवा

होटल रेडिशन ब्लू में नए साल को सेलेब्रेट करने की पूरी तैयारी है। 31 जनवरी को ग्रैंड वॉल रूम में जबरदस्त बैंड की प्रस्तुति होगी। कोलकाता की डांसर दीपशिखा घोष और म्यूराक्षी गांगुली अपने डांस का जलवा बिखेरेंगी। आदिशक्ति द बैंड भी अपनी प्रस्तुती से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। रेडिशन ब्लू में नये साल को सेलेब्रेट करने के लिए 700 लोगों की इंट्री रखी गयी है। टिकट की कीमत 12999 रुपये रखी गयी है।

**रांची क्लब में डीजे की धुन पर थिरकेंगे :** रांची क्लब में भी खास तैयारी की गयी है। यहां कार्यक्रम की शुरुआत 31 दिसंबर को रात्रि के आठ बजे से होगी। कार्यक्रम के लिए खास तरह का ड्रेस कोड रखा गया है। लोगों को ग्लैमर व गोल्ड थीम के परिधान के साथ इंट्री दी जायेगी। टेबल की बुकिंग के लिए प्रति व्यक्ति 1000 रुपये लिये जायेंगे। मनोरंजक गेम भी होगा। विजेता को उपहार दिये जायेंगे।

**जिमखाना क्लब में ओमेगा 2025 :** जिमखाना क्लब में ओमेगा 2025 का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 31 दिसंबर को रात्रि के आठ बजे से होगी। म्यूजिकल नाइट के साथ डीजे नाइट की भी व्यवस्था की गयी है। टिकट की कीमत 1500 रुपये और कपल के लिए 5000 रुपये रखी गयी है।

## कांके रिजॉर्ट में लाइव म्यूजिक

कांके रिजॉर्ट में लाइव म्यूजिक और डीजे की व्यवस्था होगी। 31 जनवरी को शाम 7-30 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। टिकट की कीमत 2499 रुपए है।

## होटल लीलैक में ग्लैम नाइट

होटल ली लैक में ग्लैम नाइट का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरूआत 31 जनवरी को रात्रि के आठ बजे से होगी। ग्लीटर थीम पर इंट्री होगी। फैमली की इंट्री के लिए 10,199 रुपए, कपल के लिए 7999 और 8 से 18 साल के बच्चों के लिए 1499 रुपए देने होंगे।

# मौलेश सिंह की मां राजमणि देवी का निधन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के हरमू रोड, किशोर गंज निवासी मौलेश सिंह की मां राजमणि देवी का स्वर्गवास हो गया। लापुंग स्थित पैतृक गांव में अंतिम कार्य किया गया। उनके निधन पर शहर के कई गणमान्य लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है।

# स्कूटी में लगी आग



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के रातू रोड में गोशाला न्यास के पास एक स्कूटी में आग लग गयी है। घटना के समय स्कूटी गति में थी और सड़क की कटिंग के पास इसकी चाल भी औसत थी। स्कूटी में आग लगते ही घटना स्थल पर अफरा-तफरी मच गयी।

# अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अलका डुंगडुंग की हुई सगाई

हॉकी सिमडेगा के पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी घर पहुंचकर दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** क्रिसमस के समापन के साथ ही शादी विवाह का दौर शुरू हो गया है। हॉकी की नर्सरी सिमडेगा में रोज राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विवाह के बंधन में बंध रहे हैं। सोमवार को सिमडेगा जिला की अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी अलका डुंगडुंग की भी सगाई खूंटी जिला निवासी सेना में कार्यरत जेम्स नाग के साथ हुई। सगाई कार्यक्रम अलका डुंगडुंग के गांव करंगागुड़ी बासेन नवा टोली में संपन्न हुई। उसकी सगाई में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी, कमलेश्वर मांझी, करिश्मा परवार, मेजर ध्यानचंद अवार्ड सम्मान प्राप्त भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुमराय टेटे, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग, सोनल मिंज, पूनम बारला, अल्फा केरकेट्टा, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रंजिता मिंज, अल्बिना तिर्की, दिव्य सोरेंग, सीमा कुमारी, प्रिया डुंगडुंग, पुनीता मिंज, रेशमा सोरेंग, अलबेला रानी टोप्पो, अनिमा तिरु, प्रमिला कुमारी, एलिन डुंगडुंग, निक्की कुल्लू, दिप्ती कुल्लू, रोहिता मिंज, अंजना डुंगडुंग, राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी विजय लकड़ा सहित कई राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी घर पहुंच कर दोनों को बधाई दी।

# रेलवे भर्ती बोर्ड पटना और मुजफ्फरपुर में विभिन्न पदों के लिए आयोजित हुई परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** रेलवे भर्ती बोर्ड, पटना एवं मुजफ्फरपुर द्वारा सहायक लोको पायलट, अवर निरीक्षक (रेल सुरक्षा बल), जूनियर इंजीनियर एवं तकनीशियन पदों के लिए 25 नवंबर, 2024 से 30 दिसंबर, 2024 तक विभिन्न तिथियों में कुल 22 दिनों और 66 पालियों में परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में रेलवे भर्ती बोर्ड, पटना एवं मुजफ्फरपुर के क्षेत्राधिकार में सहायक लोको पायलट के 137124 अभ्यर्थी, अवर निरीक्षक (रेल सुरक्षा बल) के 93548 अभ्यर्थी, जूनियर इंजीनियर के 75339 अभ्यर्थी एवं तकनीशियन ग्रेड-कएवं ग्रेड-III पदों के लिए 2,27,319 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। रेलवे भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सभी उम्मीदवारों की पहचान मूल आधार कार्ड/आईडी प्रूफ से सत्यापित की गयी।

# जलवायु परिवर्तन की दिशा में तकनीक का इस्तेमाल कारगर: डॉ अशोक पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित एक्सपर्ट टॉक में सियूरत टेक्नोलॉजीज, बोस्टन, अमेरिका के प्रिंसिपल इंजीनियर डॉ अशोक पटेल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की दिशा में तकनीक का इस्तेमाल काफी कारगर है। उन्होंने एआई तकनीक की मदद से जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में हो रहे क्रांतिकारी परिवर्तनों पर भी अपना विचार प्रस्तुत किया। उन्होंने एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग और 3-डी तकनीक को इस दिशा में महत्वपूर्ण करार दिया। इससे कार्बन उत्सर्जन में होनेवाली कमी पर भी उन्होंने उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। इस अवसर पर एडु मार्केटिंग मैथवर्क्स, बोस्टन, अमेरिका से आयीं नंदिनी सेन ने मैथवर्क्स के विषय में जानकारी देते हुए इसके तकनीकी टूल और क्लीन एनर्जी, रोबोटिक्स और एयरक्राफ्ट में इसके एप्लीकेशन के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने कार्बन उत्सर्जन कम करने से संबंधित प्रश्न पूछे। उन्होंने उम्मीद व्यक्त किया कि आनेवाले समय में विवि के शोधकर्ताओं को विशेषज्ञ परामर्श के माध्यम से कई तरह के फायदे हासिल होंगे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद भाषण देते हुए विवि के प्रभारी कुलपति एस बी डांडीन ने इस रिसर्च टॉक की सराहना करते हुए जलवायु परिवर्तन की दिशा में वैश्विक भूमिका और रिसर्च को महत्वपूर्ण बताया।

# बीएससी नर्सिंग का नामांकन ओपन करने का मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) छात्र मोर्चा ने स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात कर बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए परसेंटाइल को शून्य करने की मांग की है। झारखंड में कई विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में बीएससी नर्सिंग की सीटें खाली हैं, लेकिन परसेंटाइल की बाधा के कारण कई छात्र नामांकन लेने में असमर्थ हैं। जेएमएम छात्र मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात की और उन्हें इस मुद्दे से अवगत कराया। स्वास्थ्य सचिव ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में इस मामले में छात्र हित में निर्णय लिया जायेगा। इस मुलाकात में जेएमएम छात्र मोर्चा के अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, उपाध्यक्ष भास्कर महतो और अन्य सदस्य शामिल थे।

# 28वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल और क्लब योगा चैंपियनशिप 2024 संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची योग कल्चर के द्वारा आयोजित 28वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल और क्लब योगा चैंपियनशिप 2024 का सोमवार को देशप्रिय क्लब में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता में झारखंड की नम्रता कुमारी चैंपियन ऑफ चैंपियन बनी। समापन समारोह में स्वामी दिव्यानंद महाराज, सुमित घोष, आराधना देवरिया (अमेरिका), घनश्याम दास, स्वाति सरकार, डॉक्टर रीमा सेन गुप्ता, प्रनव चौधरी मौजूद थे। प्रतियोगिता 6 ग्रुप में आयोजित की गयी। इसमें बिहार, उत्तर प्रदेश, ओड़िशा झारखंड के प्रतिभागियों ने भाग लिया। रांची योग कल्चर के इंद्रजीत चक्रवर्ती ने बताया कि समारोह के प्रथम सत्र में टाइटल राउंड आयोजित किया गया। इसमें ग्रुप में आये प्रथम द्वितीय और तीसरे नंबर के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रदीप कुंभकार, कोमल, शेफाली चक्रवर्ती, श्रेया कुमारी, मोनालिसा, राकेश कुमार गुप्ता, जगदीश सिंह, मिनिमाए चाक्कू और ओरगो डे का योगदान रहा।

# स्वास्थ्य शिविर और कला व कोडिंग प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सिप्रा केयर फाउंडेशन ने थड़पखना स्थित इपीएल क्लासरूम में एक भव्य स्वास्थ्य शिविर एवं कला और कोडिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सीपी सिंह शरीक हुए। इस आयोजन में 250 से अधिक लोगों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच करवाई और 50 से अधिक बच्चों ने कला और कोडिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। स्वास्थ्य शिविर में प्रतिष्ठित डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और रक्त परीक्षण जैसी सेवाएं प्रदान की गयीं। कला-कोडिंग प्रतियोगिताओं ने बच्चों और युवाओं की रचनात्मकता और तकनीकी कौशल को प्रोत्साहित किया। सिप्रा केयर फाउंडेशन के सभी ट्रस्टी और इपीएल क्लासरूम के समर्पित छात्रों और शिक्षकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सिप्रा केयर फाउंडेशन समाज की सेवा और युवाओं को प्रोत्साहित करने वाले ऐसे और कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा। सिप्रा केयर फाउंडेशन के सुबीर चक्रवर्ती, सरबानी चक्रवर्ती, रंजन तिवारी, सुमित सिंह, और अभिषेक कुमार, अनुभव, असद और सुरभि ने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी।

# ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन का राष्ट्रीय अधिवेशन 4 से पुरी में

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा पुरी में 4-5 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर के अभिभावक और बच्चों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा होगी। इस अधिवेशन में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें झारखंड से झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय एवं झारखंड अभिभावक महासंघ के महासचिव मनोज कुमार मिश्रा शामिल होगें। अधिवेशन के दौरान जिन विषयों पर चर्चा होगी, इसमें एक राष्ट्र, एक शिक्षा नीति, एक बोर्ड। बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार। अभिभावकों के अधिकारों की रक्षा बच्चों के साथ होने वाले अपराधों का समाधान। आरटीइ अधिनियम का अनुपालन। फी रेगुलेटरी एक्ट आदि विषयों पर चर्चा होगी। इस अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों और बच्चों की समस्याओं का समाधान करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

# पारस हॉस्पिटल एचइसी में दो टुकड़ों में बंटी किडनी के मरीज की जान बचायी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचइसी के यूरोलॉजिस्ट डॉ सौमिक चटर्जी ने गिरिडीह के रहने वाले 25 वर्षीय युवक की जान बचायी है। इस युवक का एक्सीडेंट होने के कारण इसका किडनी क्षतिग्रस्त हो गया और किडनी के दो टुकड़े हो गये थे। डॉ सौमिक चटर्जी ने बताया कि मरीज का ऑपरेशन तीन घंटे के अंदर डॉक्टर और उनकी टीम के द्वारा हाई रिस्क पर किया गया। थोड़ी और देर होती तो मरीज को बचाना संभव नहीं था। जब वह मरीज अस्पताल पहुंचा, तो उसका हार्ट रेट 170 था। बीपी कम हो गया था, तुरंत मरीज का सीटी स्कैन किया गया, जहां पता चला की किडनी दो टुकड़ों में टूट गयी है एवं छाती के अंदर रक्त प्रवाह होने में कारण हेमोथोरेक्स हो रहा है। मरीज को तुरंत ऑपरेशन थिएटर में लिया गया। जब उन्हें ओटी में रखा गया, तब तक उनका एसओपी 02 घट कर 64 प्रतिशत रह गया था। ऐसे में उस मरीज का तीन घंटे पेट का ऑपरेशन चला। पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने जानकारी दी।

# कार्निवल में कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की मची रही धूम

# साक्षी को मिस ब्यूटीफुल और कार्तिक को मिस्टर हंक का खिताब मिला

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड,मछली घर के द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्निवल 2025 के चौथे दिन भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। सोमवार को मुख्य आकर्षण युवकों और युवतियों के लिए' रांची की मिस ब्यूटीफुल' और 'रांची का मिस्टर हंक' प्रतियोगिता थी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को रैंप पर कैटवॉक करना था। चुने गये प्रतिभागियों को निर्णायकों के प्रश्नों का जवाब देना था। इस प्रतियोगिता में रांची की मिस ब्यूटीफुल का खिताब ने साक्षी ने जीता, जबकि रांची के मिस्टर हंक का खिताब कार्तिक के नाम रहा। मिस ब्यूटीफुल प्रतियोगिता के अन्य विजेताओं में रोशन और युवी और मिस्टर हंक के अन्य विजेताओं में प्रिया और शीतल शामिल थे। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में बेबी चटर्जी और जयंत मिश्रा उपस्थित थे। इसके पूर्व सुबह में बेस्ट पेंटिंग प्रतियोगिता और बेस्ट टैटू प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। उसके बाद का समय दंगल टाइम का था। मिस बैगवती में महिलाओं को अपने हैंड बैग की नुमाइश करते हुए रैंप पर कैटवॉक करना था। 'झूठी खाली थी कसम' प्रतियोगिता में लोगों को बड़ा से बड़ा झूठ बोलने की चुनौती थी। इसके बाद द फॉलो अप शो में ऋषभ ने स्टैंड अप कॉमेडी पेश कर लोगों को लोटपोट कर दिया। बेस्ट कपल डांस में ढेर सारे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। तेरे वास्ते फलक से मैं चांद लाऊंगा गाने की धुन पर कपल डांस करते दिखे। इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, डिप्टी चेयरपर्सन डॉ विद्या झा, कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी, डिप्टी इंचार्ज अभिषेक गिरी, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या,पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

## सोमवार का परिणाम

- दंगल टाइम - राधिका, श्रेयांशी
- बेस्ट हैंड बैग - स्वाति, शिवानी चंचल, माला भारती,रीतिका
- सबसे बड़ा झूठा कंपटीशन - आराध्या, सूरज, अभिषेक,
- सेल्फी टाइम - शिवानी

## आज का कार्यक्रम

- 11.00 बजे- कार्निवल ओपन
- 11:30 बजे- टंग ट्विस्टर
- 12:00 बजे- दंगल टाइम
- 1:30 बजे- मैं शायर तो नहीं (बेस्ट शायरी प्रतियोगिता)
- 3.00 बजे- सेल्फी टाइम
- 3:30 बजे- चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन
- 4:00 बजे- द फॉलो अप शो
- 5:00 बजे- तू मान मेरी जान (बेस्ट कपल डांस कंपटीशन)
- 5.30 बजे- किड्स फैशन शो (12 वर्ष तक) (थीम- मैं लड़की ब्यूटीफुल और मुंडा कमाल दा )
- 6:30 बजे- गुडबाय 2024 डांस
- 7:00 बजे- बेस्ट आउटफिट कंपटीशन ( थीम जैकेट्स )
- 8:00 बजे- लकी ड्रॉ

# सीएमपीडीआइ में सीएसआर पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीएमपीडीआइ ने पिछले दशक में की गयी निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के प्रभाव की समीक्षा और आकलन के लिए संस्थान के स्वर्णरेखा हॉल में सीएसआर एपेक्स समिति के सदस्यों और क्षेत्रीय संस्थान के स्तर पर उप-समिति के सदस्यों के लिए सीएसआर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के तहत 1 अप्रैल, 2014 से सीएसआर के अनिवार्य रूप से प्रभावी है। कार्यशाला में सीएसआर परियोजना की पहचान, कार्यान्वयन, सर्वोत्तम प्रथाएं और उभरते रूझान एवं ह्यसीएसआर नियम/ ऑडिट/ जिम्मेदारियां थीम पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किये गये। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक (एचआरडी/ सीएसआर) आरके महापात्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कहा कि प्रोएक्टिव सीएसआर हमें संभावित सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिमों की पहचान करने एवं उन्हें संबोधित करने, सामाजिक दायित्वों को पूरा करने, पीएसयू की सार्वजनिक धारणा को बढ़ाने एवं उन्हें जिम्मेदार और नैतिक संगठनों के रूप में चित्रित करने में मददगार साबित हो सकता है। यह सकारात्मक छवि प्रतिभा को आकर्षित कर सकती है एवं ग्राहक निष्ठा बढ़ा सकती है तथा हितधारकों के साथ रिश्ते मजबूत कर सकती है।

# निशान साहिबजी को माला पहना कर प्रभातफेरी का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा सोमवार को सातवें दिन प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी सुबह 5.45 बजे गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकल कर नरेश पपनेजा, सरदार गुरदीप सिंह मल्होत्रा, भगवान दास मुंजाल, दिलीप सिंह, अशोक मुंजाल, कुलदीप बेदी, बीआर मग्गो, सरदार गुरमीत सिंह, मनोहर लाल जसूजा की गलियों से होते हुए प्रकाश गिरधर, सोनू खुराना, गुलशन मुंजाल के फ्लैट से होकर हरविंदर सिंह बेदी, दीन दयाल काठपाल की गली होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंच कर सुबह 8.20 बजे समाप्त हो गयी। सभी श्रद्धालुओं ने अपने अपने घरों के सामने निशान साहिबजी को माला पहना कर और फेरी पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धा भाव से स्वागत किया।

फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया,शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, नीता मिढ़ा, रेशमा गिरधर, इंदु पपनेजा, गूंज काठपाल, बबीता पपनेजा एवं जसपाल मुंजाल ने गुण निधान हरिनामा जपि पूरन होए कामा... एवं भजहु गोबिंद भूलि मत जाहु मानस जनम का एही लाहु... तथा गुर जैसा नाही को देव जिसु मसतकि भागु सु लागा सेव... जैसे कई शबद गायन करते हुए साध संगत को निहाल किया।

सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठा कर प्रभातफेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने वाहेगुरु से कुशल मंगल की अरदास की।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंहजी के 358वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभात फेरी का समापन कल 31 दिसंबर को होगा तथा 6 जनवरी को श्री गुरु गोबिंद सिंहजी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जायेगा। इस उपलक्ष में रात 8 बजे से 1 बजे तक कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया जायेगा तथा रात 12 बजे प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 4 जनवरी को रखे जाने वाले श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग होगा। प्रभात फेरी में नरेश पपनेजा, हरविंदर सिंह बेदी, अशोक मुंजाल, आशीष ग्रोवर, दिनेश किंगर, राकेश काठपाल, कमल मुंजाल, सन्नी पपनेजा, राजेंद्र कटारिया, कुलदीप बेदी, सागर पपनेजा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, सुरेश मिढ़ा, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, बसंत काठपाल, मोहित झंडई, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, गुलशन मिढ़ा, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, आशीष दुआ, भगवान थरेजा, जितेश बेदी, हरीश तेहरी, भरत गाबा, कुणाल चूचरा, हरविंदर सिंह, गौरव मिढ़ा, पियूष मिढ़ा, मनीष गिरधर, अमन सचदेवा, कमल अरोड़ा, ज्ञान मादन पोत्रा, प्रवीण मुंजाल, हरदेवी मुंजाल, दुर्गी देवी मिढ़ा, रज्जो काठपाल, अंजू पपनेजा, कुसुम पपनेजा, ममता पपनेजा, खुशबू मिढ़ा, अंजू काठपाल, रजनी मक्कड़, नितिका पपनेजा, वीनू बेदी, अनिता ग्रोवर, बंसी मल्होत्रा, अमर मुंजाल, बिमला मिढ़ा, मीना गिरधर, मंजीत कौर, किरण अरोड़ा, ममता थरेजा, ममता सरदाना, नीतू किंगर, सुषमा गिरधर, मनोहरी काठपाल, गूंज काठपाल, ऊषा झंडई शामिल थे।

## इसरो की अंतरिक्ष में ऐतिहासिक छलांग

# स्पैडेक्स मिशन की सफल लॉन्चिंग

**दोनों स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में सात जनवरी को जोड़ेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीहरिकोटा।** इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से रात 10 बजे स्पैडेक्स यानी, स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया। पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किया गया। अब 7 जनवरी 2025 को इस मिशन में अंतरिक्ष में बुलेट की स्पीड से दस गुना ज्यादा तेजी से ट्रैवल कर रहे इन दो स्पेसक्राफ्ट्स को कनेक्ट किया जाएगा। मिशन सफल रहा तो रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जायेगा।

मिशन की कामयाबी पर ही भारत का चंद्रयान-4 मिशन निर्भर है, जिसमें चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाये जायेंगे। चंद्रयान-4 मिशन को 2028 में लॉन्च किया जा सकता है।

इसरो प्रमुख डॉ एस सोमनाथ ने कहा कि मैं स्पैडेक्स मिशन के लिए पीएसएलवी-सी60 के सफल लॉन्च की घोषणा करता हूं। रॉकेट ने उपग्रहों को सही कक्षा में स्थापित किया है। पीएसएलवी परियोजना की पूरी टीम को बधाई, जिन्होंने उपग्रहों सही कक्षा में पहुंचाया। साथ ही, स्पैडेक्स टीम को भी बधाई, जिन्होंने दो छोटे उपग्रहों का डिजाइन करके एक नए और सस्ते डॉकिंग मिशन पर काम किया।

इसरो के अनुसार स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यान को डॉक (एक यान से दूसरे यान के जुड़ने) करने और अनडॉक (अंतरिक्ष में जुड़े दो यानों के अलग होने) करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी का विकास और प्रदर्शन करना है। स्पैडेक्स मिशन पीएसएलवी की ओर से प्रक्षेपित दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग कर अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन के लिए लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है। अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी की तब जरूरत होती है जब साझा मिशन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की जरूरत होती है।

# सेवा भारती का वन विहार कार्यक्रम संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेवा भारती, रांची महानगर का एक दिवसीय वन-विहार कार्यक्रम रांची के तुपुदाना स्थित संतोष बी एड कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस वन-विहार कार्यक्रम में संस्था द्वारा संचालित बाल संस्कार केंद्र, किशोरी विकास केंद्र, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षिकाओं एवं प्रशिक्षणार्थियों सहित मातृ मंडल की महिलाएं शामिल हुईं। एक दिवसीय कार्यक्रम में मनोरंजनपूर्ण एवं रोचक खेलकूद का आयोजन किया गया साथ ही योगासन, गीत का अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां विमला टोरका द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वन विहार कार्यक्रम के अंतिम चरण में एक बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि वन-विहार कार्यक्रम के माध्यम से सामूहिकता आती है। एक दूसरे से अपनत्व बढ़ता है। सेवा भारती के विभिन्न सेवा आयामों के द्वारा सामाजिक जागृति आयी है। निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा और सहयोग करना ही मानव जीवन की सार्थकता है। सदैव कुछ न कुछ देने का भाव हमारे संस्कार में होना चाहिए। इस अवसर पर सेवा भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल रांची महानगर के उपाध्यक्ष शुभेंदु भट्ट,सचिव श्याम टोरका, विनय गांगुली उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का उद्घाटन 5 जनवरी को, पोस्टर का किया गया विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता मे ट्रस्ट के प्रधान कार्यालय शिवगंज हरमू रोड में पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 5 जनवरी 2025 को अरगोड़ा पुंदाग मे राज्य का सबसे बड़ा राधा- कृष्ण मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभ उद्धाटन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार तथा संपर्क हेतु पोस्टर बैनर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल सचिव मनोज चौधरी ने बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी शिव धाम मंदिर का उद्घाटन 5 जनवरी को प्रातः 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक संत शिरोमणि श्रीश्री 1008 स्वामी श्री सदानंद महाराज के कर कमलों द्वारा तथा प्रणामी समाज के संत महात्माओं की उपस्थिति में होगा। साथ में 5 जनवरी से 8 जनवरी तक चार दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, वाणी चर्चा एवं बीतक कथा, तथा परमहंस संत शिरोमणि डॉ स्वामी श्री सदानंद महाराज के द्वारा श्रीमद्भागवत कर कृष्ण अमृत कथा एवं परम पूज्य श्रीश्री 108 श्री मोहन प्रियाचार्य महाराज के मुखारविंद से तारतम वाणी तथा अन्य संत महात्माओं के द्वारा दिव्य प्रवचन किया जायेगा। मंदिर की उद्घाटन की तैयारियां जोरों पर हैं। पोस्टर एवं बैनर रांची नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर लगाया जायेगा।

ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभ उद्घाटन एवं विस्तृत कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी हेतु 2 जनवरी को अपराह्न 3:30 बजे एक प्रेस वार्ता महाराजा अग्रसेन भवन में रखी गयी है। विमोचन कार्यक्रम मे- ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी, सह कोषाध्यक्ष नंदकिशोर चौधरी, पूरणमल सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विशाल जालान, विष्णु सोनी, चिरंजी लाल खंडेलवाल, दीपक चौधरी, संजय सर्राफ एवं अन्य उपस्थित थे।

**विजय मर्चेंट ट्रॉफी क्रिकेट**

# झारखंड ने जम्मू कश्मीर को एक पारी व 16 रनों से हराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड ने विजयवाड़ा में खेले गए तीन दिवसीय विजय मर्चेंट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन जम्मू कश्मीर को एक पारी और 16 रनों से हरा दिया। पहली पारी में 236 रनों से पिछड़ने के बाद जम्मू-कश्मीर ने अपनी दूसरी पारी में 220 रन बनाये। निसार ने अंत तक अपनी टीम को पारी की हार से बचाने के लिए भरपूर कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। उसने 108 रन की शानदार संघर्षपूर्ण पारी खेली। उसने दो छक्के एवं 18 चौके भी लगाये। झारखंड के लिए पहली पारी में 150 रन बनाने वाले अर्जुन प्रियदर्शी ने गेंदबाज में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। उसने 71 रन देकर कुल 6 खिलाड़ियों का आउट किया, जबकि आयुष ने 42 रन कर दो विकेट लिया। पहली पारी में जम्मू कश्मीर ने मात्र 129 बनाये थे। जवाब में झारखंड ने अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 365 रनों पर समाप्ति की घोषणा कर दी। झारखंड की ओर से अर्जुन प्रियदर्शी ने एक छक्का एवं 18 चौके की मदद से 150 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी, जबकि राजवीर ने 7 चौके की मदद से 60 रन बनाए। साकेत सिंह ने 43 रनों का योगदान किया। अर्जुन और राजवीर ने पांचवें के विकेट के लिए 176 रनों की साझेदारी निभायी। जम्मू कश्मीर की ओर से हरसिरत सिंह ने तीन एवं अभिरूप दास ने दो विकेट लिये। जम्मू कश्मीर की ओर से दूसरी पारी में करणवीर ने 24 एवं ए मेहता ने 38 रन बनाये। झारखंड की ओर से अर्जुन प्रियदर्शी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 23 रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि आयुष ने 23 रन देकर दो विकेट लिया।

# रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट कर रहा है झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स का आयोजन

## राज्य भर के पत्रकारों से आवेदन आमंत्रित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची प्रेस क्लब आरबीएस वैदिक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पत्रकार सम्मान की दिशा में एक नयी पहल शुरू करने जा रहा है। प्रेस क्लब झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स 2024 के तहत तीन पत्रकारों को सम्मानित करेगी। इसके लिए चयन समिति का गठन किया गया है। इसमें वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र, सोनाली दास, प्रेस कल्ब के प्रतिनिधि के रूप में अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन एवं सचिव अमरकांत, सामाजिक सख्शियत के रूप में पूर्व आइएएस रणेंद्र, रांची विवि के वीसी प्रो. अजीत कुमार सिन्हा और ट्रस्टी नित्यानंद शुक्ला शामिल रहेंगे। चयन समिति ने रविवार को बैठक कर चयन प्रक्रिया और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। कुल तीन कैटेगरी निर्धारित किये गये हैं, जिसके अंतर्गत लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड (31000 रुपये, शॉल व मोमेंटो), बेस्ट रिपोर्टर अवार्ड (21000 रुपये, शॉल व मोमेंटो) और बेस्ट फोटोग्राफी अवार्ड (21000 रुपये, शॉल व मोमेंटो) से सम्मानित किये जायेंगे। झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स के लिए 15 जनवरी 20025 तक रांची प्रेस क्लब में नॉमिनेशन किया जा सकता है। तीनों अलग-अलग कैटेगरी के लिए अलग-अलग आवेदन जमा करने होंगे। आवेदन का प्रारुप रांची प्रेस क्लब के वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं या रांची प्रेस क्लब से प्राप्त किया जा सकता है। विधिवत भरा आवेदन आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के साथ रांची प्रेस क्लब में जमा किये जायेंगे। बैठक के दौरान वरिष्ठ पत्रकार बैजनाथ मिश्र ने कहा कि पत्रकारों का सम्मान समाज का सम्मान होगा। उन्होंने बताया कि झारखंड बनने के बाद पहली बार रांची प्रेस क्लब और आरबीएस वैदिक ट्रस्ट के तत्वावधान में झारखंड जर्नलिज्म अवाड्र्स देने का निर्णय लिया गया है, जो सराहनीय है।

**ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप**

# आरटीसी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने ओड़िशा में लहराया जीत का परचम




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** सुको- काई कराटे यूनियन एचसीजी इंडिया के तत्वावधान में ओड़िशा में आयोजित 14वीं ऑल इंडिया ओपेन कराटे चैंपियनशिप में आरटीसी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जीत का परचम लहराया और ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, असम, गुजरात सहित 8 राज्यों के 1600 कराटेकार छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। इसमें उत्कल कराटे स्कूल झारखंड शाखा के कुल 100 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। नेतृत्व आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा के 30 सदस्यी कराटे टीम द्वारा किया गया। चैंपियनशिप का उद्घाटन कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष सिहान भरत शर्मा ने किया। 14वीं ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में निर्णायक के रूप में एशियन कराटे फेडरेशन के जज सिहान राजीव कुमार सिंह, सेंसाई महेश बराल, सेंसई दीपक सामंताराय आदि ने मुख्य भूमिका निभायी। इस चैंपियनशिप में आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा रांची झारखंड ने ओवरऑल दूसरा स्थान हासिल किया। राहुल कुमार महतो ने कुमिते में गोल्ड मेडल, प्रीतम कच्छप सिल्वर, सुचित कुमार महतो सिल्वर हिमांशू महतो सिल्वर, पीयूष कुमार सिल्वर, दीपिका कुमारी ब्रॉन्ज, दिव्या कुमारी ब्रॉन्ज, नैंसी मुंडा ब्रॉन्ज एवं किशोर कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन में एग्जामिनर सेसाई महादेव गोप, कोच नकुल यादव, विक्रम कुमार नायक एवं पूजा कुमारी का सराहनीय सहयोग रहा। इधर कराटे चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल किए जाने पर आरटीसी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो, चेयरमैन रामटहल चौधरी, सचिव डॉ पारसनाथ महतो एवं निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# सोमवती अमावस्या के अवसर पर गूंजा जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम... शरणागत हम आये आपके दर्शन हमको देवो श्याम... के ताली कीर्तन से हरमू रोड़ का श्रीश्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था सोमवती अमावस्या पर खाटूनरेश के महास्नान अनुष्ठान उत्सव का। श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर विशेष कार्यक्रम हये। प्रातः मंगल आरती एवं बाल भोग कर- के बाबा के गर्भगृह में परदा लगा दिया। दूध, दही, गंगाजल, शहद, केशर, इत्र, गुलाबजल, चीनी, गुड़ के महामिश्रण से खाटूनरेश को महास्नान कराया गया। डारक वुलु के साथ गोल्डेन जरी लगा बागा खाटूनरेश को पहनाया गया। गुलाब के विशेष रुह से खाटूनरेश का मसाज किया गया। मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को भी नवीन डारक वुलु के साथ गोल्डेन जरी लगा नया पौशाक पहनाया गया। कोलकाता से विशेष फूल - लाल गुलाब, रजनीगंधा, सफेद स्टार, पीला स्टार, तुलसीदल, पीला गेंदा की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया। मंदिर में विराजमान रिद्धी-सिद्धी, लड्डु गोपाल, शालीग्रामजी, गरुड़जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, प्राचीन तेल चित्रो व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया था। श्रृंगारित दरबार का परदा खोलते ही मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तो ने खाटूनरेश की जय-जयकार कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रृंगार आरती की गयी। पंचमेवा का भोग लगाया गया। दिन भर बड़ी संख्या में भक्तों ने श्रीश्याम दरबार में अपनी हाजरी लगायी। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रशान्त खेमका, वंदना खेमका, प्रवीण अग्रवाल, श्यामसुंदर जोशी उपस्थित थे।

### पहली जनवरी को विशेष कार्यक्रम

**श्रीश्याम मित्र मंडल, द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में विशेष कार्यक्रम होंगे। खाटूनरेश सहित सभी देवी-देवताओं का अनोखा विशेष श्रृंगार होगा। 101 दीप जलाए जायेंगे। खाटूनरेश को बुदिया का सवामनी का विशेष भोग अर्पित किया जायेगा। खेरीवाल इंटर प्राइजेन के उर्मिला जैन,अजय - कविता जैन, अकवी जैन व अभिषेक जैन के द्वारा पहली जनवरी के समस्त कार्यक्रमों की सेवा निवेदित की जायेगी।मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि पहली जनवरी का कार्यक्रम की तैयारी चल रही है। इस दिन मंदिर प्रातः 5 बजे से दोपहर 2 बजे तक फिर सायं 4.30 से रात्रि 9.30 बजे तक खुला रहेगा। खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार सभी कार्यक्रम होंगे।**

## वरीय पुलिस अधीक्षक पहुंचे रातू

# समीक्षा बैठक कर थानेदार को दिये कई दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातु।** रांची वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा सोमवार को रातु थाना पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सिटी एसपी राजकुमार मेहता कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, हेड क्वाटर डीएसपी 2 अरविंद कुमार एवं कोतवाली इंस्पेक्टर आदिकांत महतो मौजूद थे। एसपी चंदन सिन्हा ने पंडरा थाना और रातू थाने क्षेत्र में हुए लूट कांड की समीक्षा की। उन्होंने थानेदार को क्राइम कंट्रोल को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिये। एसपी ने थाने के विभिन्न मामलों के अनुसंधानकर्ता से कांडों के बारे में जानकारी ली। थानाध्यक्ष को पूर्व से लंबित मामलों का यथाशीघ्र निबटारा करने एवं वारंटियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। साथ ही हत्या, छिनतई, जैसी आपराधिक घटनाएं एवं लंबित मामलों को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं थानाध्यक्ष को वाहन चेकिंग, रात्रि गश्ती, बैंक एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकस रहने का निर्देश दिया।

# चार बाइक के साथ पांच चोर गिरफ्तार



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रविवार शाम मोटरसाइकिल चोरों के कुच्चू चौक के तरफ आने की सूचना पर ओरमांझी पुलिस के द्वारा कुच्चू चौक के पास दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस उपाधीक्षक अनुज उरांव के नेतृत्व में चलाये गये इस अभियान में तरुण महतो समेत दो अन्य युवकों को चोरी के बाइक साथ पकड़ गया। पूछताछ के क्रम में तरुण महतो ने मिथिलेश कुमार और सुरेश कुमार महतो कुच्चू, नरेश महतो, राजकुमार महतो मंदरो को बाइक चोर गिरोह का सदस्य बताया। बाइक चोर गिरोह के इन पांचों के पास से चोरी की तीन स्पेलेंडर और एक सुपर स्पेलेंडर बाइक जब्त की गयी है। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक अनुज उरांव, थाना प्रभारी सह निरिक्षक अनिल कुमार तिवारी, एएसआइ सतीश कुमार, नितीश कुमार, चंद्र देव सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

# हादसों पर सवाल

साल के आखिरी दिनों में हुई दो भीषण विमान दुर्घटनाओं के कारण जहां दुनिया भर में शोक की लहर है, वहीं इस वजह से हवाई यात्रा की सुरक्षा से जुड़े सवाल भी केंद्र में आ गये हैं। कजाकिस्तान में बुधवार को लैंडिंग करते हुए अजरबैजान के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 38 लोगों की मौत हुई, तो रविवार को दक्षिण कोरिया में हुए हादसे में 179 लोगों के मारे जाने की खबर है। साउथ कोरिया के मुआन में हुए हादसे में जिस तरह से लैंडिंग का प्रयास करते हुए विमान कुछ सेकंड के अंदर ही लपटों से घिरा नजर आया, वह किसी का भी दिल दहला सकता है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लैंडिंग से कुछ ही पहले विमान के पिछले हिस्से से एक पक्षी टकराया था। कहा जा रहा है कि शायद इसी वजह से लैंडिंग गियर में खराबी आ गयी, लेकिन कई जानकार इससे सहमत नहीं हैं। संभव है कि हादसे की जांच से कुछ और तथ्य सामने आने के बाद इस पहलू पर और रोशनी पड़े। इस बीच अजरबैजान विमान हादसे को लेकर हो रहे अलग-अलग दावों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन की माफी ने सस्पेंस को पूरी तरह खत्म किये बगैर संदेहों को और गहरा कर दिया है। पूतिन ने अपने माफीनामे में यह तो कहा कि जब वह विमान कजाकिस्तान में लैंड कर रहा था, तब यूक्रेनी ड्रोन हमलों के मद्देनजर रूसी डिफेंस सिस्टम एक्टिव था, पर यह स्वीकार नहीं किया कि वह विमान इसी सिस्टम का टारगेट बना। विमान किसी तकनीकी गड़बड़ी का शिकार हुआ या गलती से चली किसी मिसाइल का, सच तो यही है कि इसमें सवार यात्रियों को जान गंवानी पड़ी। एविएशन इंडस्ट्री की ज्यादा चिंता स्वाभाविक ही साउथ कोरियाई विमान हादसे को लेकर है, क्योंकि उसे यात्रियों की बढ़ती आशंकाओं का सामना करना है। हालांकि हवाई दुर्घटनाओं के मामले में साउथ कोरिया का रेकॉर्ड अच्छा माना जाता रहा है। यह पिछले एक दशक में हुई साउथ कोरियन एयरलाइन की पहली बड़ी दुर्घटना है। पिछली दुर्घटना 2013 में हुई थी, जब एशियाना एयरलाइंस की एक फ्लाइट सैन फ्रांसिस्को में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। उसमें तीन लोग मारे गये थे। ऐसी दुर्घटनाएं निश्चित रूप से लोगों के मन में डर बैठाती हैं, लेकिन तथ्य यह है कि आज भी हवाई यात्राएं सबसे सेफ कही जा सकती हैं। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के मुताबिक विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने का अनुपात 12 लाख में एक बैठता है। अगर हादसे में मौत का अनुपात देखा जाए तो वह 1.1 करोड़ यात्रियों में एक है, जबकि कार दुर्घटनाओं में मौत का अनुपात 5000 में एक पाया गया है।

**पूतिन ने अपने माफीनामे में यह तो कहा कि जब वह विमान कजाकिस्तान में लैंड कर रहा था, तब यूक्रेनी ड्रोन हमलों के मद्देनजर रूसी डिफेंस सिस्टम एक्टिव था, पर यह स्वीकार नहीं किया कि वह विमान इसी सिस्टम का टारगेट बना।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**लोकसभा और राज्यसभा में स्थगन प्रस्तावों के लिए कई अनुरोध किये गये, लेकिन कोई भी स्वीकार नहीं किया गया। यह नियम सदन को डॉ बीआर अंबेडकर पर उनकी टिप्पणियों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से तत्काल मामलों को संबोधित करने के लिए अपने निर्धारित व्यवसाय को रोकने की अनुमति देता है। शीतकालीन सत्र के दौरान केवल 40.03 प्रतिशत उत्पादकता के साथ लोकसभा ने 5 विधेयक पेश किये और उनमें से 4 को पारित किया।**


# जनता और सरकार के बीच संवाद की कड़ी है संसद

**कल्याणी शंकर**

संसद का हाल ही में समाप्त हुआ शीतकालीन सत्र अनुत्पादक और एक साल से भी अधिक समय में सबसे कम प्रभावी रहा। यह 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चला और इसमें विरोध और बहस सहित कई व्यवधान देखे गये। विपक्ष, विशेष रूप से, अडानी मुद्दे पर चर्चा करना चाहता था, जो अपने निहितार्थों के कारण महत्वपूर्ण सार्वजनिक हित का मामला है। साथ ही, इसने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भारतीय इतिहास में एक अत्यंत सम्मानित व्यक्ति डॉ बीआर अंबेडकर के बारे में उनकी टिप्पणियों के लिए माफी मांगने को कहा। इस सत्र के दौरान, लोकसभा ने 65 घंटे और 15 मिनट खो दिये, जो 2024 में सबसे अधिक है।

लोकसभा और राज्यसभा में स्थगन प्रस्तावों के लिए कई अनुरोध किये गये, लेकिन कोई भी स्वीकार नहीं किया गया। यह नियम सदन को डॉ बीआर अंबेडकर पर उनकी टिप्पणियों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से तत्काल मामलों को संबोधित करने के लिए अपने निर्धारित व्यवसाय को रोकने की अनुमति देता है। शीतकालीन सत्र के दौरान केवल 40.03 प्रतिशत उत्पादकता के साथ लोकसभा ने 5 विधेयक पेश किये और उनमें से 4 को पारित किया। राज्यसभा ने 3 विधेयकों को मंजूरी दी। शीतकालीन सत्र के दौरान करदाताओं के 97,87,50,000 रुपये से अधिक खर्च किये गये, जो अनुत्पादक शासन की उच्च लागत की स्पष्ट याद दिलाता है। संसद सत्र चलाने की लागत प्रति मिनट 2.5 लाख रुपये से अधिक है, जिसे देख कर भौंहें तन जानी चाहिए और हमारी संसदीय प्रथाओं का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। विपक्ष की स्थायी शिकायत यह है कि केंद्र संसदीय लोकतंत्र की लागत पर चर्चा करने से इन्कार करता है, जो आसमान छू रही है। पिछले 5 दशकों के दौरान, इसमें 100 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। यह उच्च लागत और कम उत्पादकता संसदीय सुधारों और बेहतर शासन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है।

**संसदीय बहस के लिए उपलब्ध घटता समय लोकतंत्र के लिए हानिकारक है।**



**स्थायी आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक सुधार अनिवार्य हैं। संसद की भूमिका नई आर्थिक नीति से जुड़ी हुई है, जिससे राज्य की भूमिका में भारी कमी आनी चाहिए। संसद के कुशल कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए फ्लोर मैनेजमैंट तकनीकों को पेशेवर बनाना महत्वपूर्ण है।**

18वीं लोकसभा कई मामलों में अलग है। एक दशक में पहली बार, हमारे पास एक आधिकारिक विपक्ष के नेता (एलओपी) के साथ एक मजबूत विपक्ष है। संसद के भीतर और बाहर पार्टियों के बीच कड़वाहट बढ़ती जा रही है। कोई भी पक्ष लचीला होने को तैयार नहीं है। संसद का अनुशासन, शिष्टाचार और गरिमा सर्वोपरि है। संसदीय सुधारों की तत्काल आवश्यकता पहले से कहीं अधिक स्पष्ट है और अब कार्रवाई की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, संसद में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पार्टी पर डॉ बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया।

वहीं, राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने अंबेडकर के बारे में उनकी टिप्पणियों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। इस मुद्दे पर बढ़ते संघर्ष के परिणामस्वरूप 2 लोग घायल हो गये और पुलिस भी शामिल हो गयी। राजनीतिक दलों को एक-दूसरे पर आरोप लगाने की बजाय आंबेडकर की विरासत का सम्मान करने पर ध्यान देना चाहिए। संसदीय बहस के लिए उपलब्ध घटता समय लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। विरोध, स्थगन और नियमित और छोटे सत्रों ने लगभग आधे सत्रों को खो दिया है, जबकि सांसदों को कानून निर्माता कहा जाता है, शोर-शराबे के बीच उचित चर्चा के बिना विधेयक पारित किये गये हैं।

व्यापार सलाहकार समिति संसद को समेटने में असमर्थ रही है, जो बहस, चर्चा और असहमति के लिए एक मंच है, लेकिन व्यवधान के लिए नहीं। संविधान सरकार की 3 शाखाएं स्थापित करता है विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका उन्हें लागू करती है और न्यायपालिका उनकी व्याख्या करती है और उन्हें लागू करती है। न्यायपालिका स्वतंत्र है, जबकि कार्यपालिका विधायिका के समर्थन पर निर्भर है और संसद के प्रति जवाबदेह है।

शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बहस, प्रश्नकाल और संसदीय समितियों के माध्यम से सरकार को जवाबदेह बनाये रखने में संसद की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार से जानकारी प्राप्त करने और कमियों को इंगित करने के लिए प्रश्नकाल आवश्यक है। संसदीय प्रणाली की सफलता स्थापित करने के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। व्यापक और तत्काल संसदीय सुधारों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक स्पष्ट है और कार्रवाई का समय अब आ गया है। स्थायी आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक सुधार अनिवार्य हैं। संसद की भूमिका नई आर्थिक नीति से जुड़ी हुई है, जिससे राज्य की भूमिका में भारी कमी आनी चाहिए। संसद के कुशल कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए फ्लोर मैनेजमैंट तकनीकों को पेशेवर बनाना महत्वपूर्ण है। जबकि हम पिछले 5 दशकों के दौरान संसद के यथोचित सफल कार्यों पर गर्व कर सकते हैं, समय की बदलती जरूरतों के लिए संसद की आवश्यकता है। हमें सावधानीपूर्वक और सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए और वांछित परिवर्तनों पर राष्ट्रीय सहमति बनानी चाहिए। आखिरकार, संसद लोगों और सरकार के बीच संवाद की कड़ी है। इसका समाधान स्वस्थ संसदीय प्रथाओं को अपनाने और शिष्टाचार बनाये रखने में निहित है।

## देश-विदेश की खबरें

# मणिपुर में सुरक्षाबलों ने चार बंकर नष्ट किये

**5 दिनों से सेना-पुलिस का ज्वाइंट सर्च ऑपरेशन, 9 हथियार, गोला-बारूद बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बाद सुरक्षाबलों ने इंफाल इस्ट और कांगपोकपी जिलों में बने बंकरों को नष्ट कर दिया है। मणिपुर पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

ये बंकर थम्नापोकपी और सनसाबी गांवों की सीमा से लगे इलाकों में बनाये गये थे। जहां से पहाड़ियों पर रहने वाले बंदूकधारी निचले इलाकों के गांवों पर हमला कर रहे थे। इसके अलावा 5 दिनों से सेना-पुलिस का जॉइंट सर्च ऑपरेशन भी चल रहा था। सेना ने 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक इंफाल इस्ट, टेंग्नौपाल, यांगियांगपोकपी और चुराचांदपुर से 9 हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया।

**कब-कब हथियार बरामद किये :** 23 दिसंबर- एक लाइट मशीन गन, एक 12 बोर सिंगल बैरल गन, एक 9 मिमी पिस्तौल, दो ट्यूब लांचर, विस्फोटक, गोला-बारूद। 27 दिसंबर- 0.303 राइफल, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडी) और ग्रेनेड बरामद हुए। 28 दिसंबर- दो वाहनों से दो डबल बैरल और एक सिंगल बोर राइफल बरामद की।

# पार्षद प्रत्याशी ने कांग्रेस नेताओं पर टिकट बेचने का आरोप लगाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस में टिकट की खरीद फरोख्त को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक पार्षद प्रत्याशी अपना टिकट कटने को लेकर विरोध जाता रहे हैं उनका कहना है कि पार्टी संगठन के वरिष्ठ नेताओं द्वारा टिकट बेचे जा रहे है। सिंबल बांटने के नाम पर पैसों के डिमांड की गयी है।

इतना ही नहीं यह भी आरोप लगाया गया है कि पहले पार्षद प्रत्याशियों की जो लिस्ट जारी हुई थी उसमें आर्य नगर से निशा सिंह का नाम था। लेकिन बड़े नेताओं की मिली भगत ने निशा सिंह का नाम काटकर दूसरे को टिकट दे दिया। जिसको लेकर यह विरोध जताया गया है। वीडियो देहरादून के एक निजी होटल का बताया जा रहा है। जिसमें वीडियो बनाने वाले व्यक्ति के साथ हाथापाइ भी की गयी है। वीडियो बना रहे व्यक्ति द्वारा यह बताया गया कि कांग्रेस के बड़े नेताओं द्वारा एक निजी होटल में बैठकर पार्षद प्रत्याशियों के टिकट गए हैं। वीडियो बनाने के बाद टिकट काटने पर कांग्रेस भवन में नेता ने आत्मदाह की चेतावनी भी थी।

इस पूरे प्रकरण को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन महारा की प्रतिक्रिया सामने आयी है। उन्होंने कहा है कि जिन लोगों ने पार्टी को बदनाम करने का काम किया है उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा है कि यदि उन्होंने टिकट बेचने का आरोप लगाया था उसको सिद्ध करें, अन्यथा माफी मांगे।

# केरल मिनी पाकिस्तान, राहुल-प्रियंका मुस्लिमों की वजह से जीतते हैं : नितेश

**कांग्रेस ने नितेश राणे को पद से हटाने की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पुणे।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि केरल मिनी पाकिस्तान है। राहुल और प्रियंका गांधी मुस्लिमों की वजह से वहां से चुनाव जीतते हैं।

राणे ने रविवार को पुणे जिले के पुरंदर की रैली में कहा- राहुल-प्रियंका को सभी आतंकवादी वोट देते हैं। यह सच है, आप पूछ सकते हैं। वे आतंकवादियों को अपने साथ लेकर सांसद बने हैं।

राणे ने कहा कि राहुल और प्रियंका के चुनाव जीतने पर जो भी कहा वो वायनाड के भाजपा नेताओं ने भी कहा। आप किसी से भी पूछ सकते हैं। राहुल-प्रियंका का समर्थन करने वाले लोग कौन हैं? कौन से संगठन उनका समर्थन करते हैं? क्या कांग्रेस सामने आकर कह सकती है कि हम गलत हैं? क्या वे कह सकते हैं कि चुनावों में राहुल और प्रियंका का एक भी आतंकवादी संगठन ने समर्थन नहीं किया? हम और सबूत देंगे। मैंने जो कुछ भी कहा वह तथ्यों पर आधारित था।



विपक्ष की प्रतिक्रिया के बाद राणे ने कहा कि केरल भारत का अभिन्न हिस्सा है। वह केवल केरल और पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ हो रहे व्यवहार की तुलना कर रहे थे। बीते दिनों वहां 12 हजार हिंदू महिलाओं का धर्मांतरण रोका गया था।

**कांग्रेस ने नितेश को मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग की**

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल लोंधे पाटिल ने पीएम नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से नितेश को मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राणे से और क्या उम्मीद की जा सकती है? उन्हें यही करने के लिए चुना गया है।

# बदमाशों ने आभूषण कारोबारी को मारी गोली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सुपौल।** सुपौल में रविवार की देर शाम को अज्ञात बदमाशों ने एक स्वर्ण व्यवसायी से लूटपाट की। इस दौरान कारोबारी को गोली मारकर उसके पास से आभूषण वाला बैग लेकर बदमाश फरार हो गया। जख्मी युवक की पहचान बरैल वार्ड नंबर 01 निवासी स्वर्णकार नीरज ठाकुर के बहनोई करीब 32 वर्षीय विकास ठाकुर के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी युवक को जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं देर रात को सुपौल के एसपी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लीद्ध

**बदमाशों ने लूट के दौरान मारी गोली :** सुपौल के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरैल वार्ड नंबर 04 स्थित खादी ग्राम उद्योग के समीप बदमाशों ने कारोबारी से लूटपाट की और इस दौरान कारोबारी को गोली मार दी। जख्मी का इलाज अस्पताल में चल रहा है और स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है। वहीं घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने सदर थाना पुलिस सहित वरीय अधिकारी को दी। जिसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अलोक कुमार एवं सुपौल थाना और लौकहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गयी वहीं देर रात एसपी शैशव यादव भी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# एच1बी वीजा प्रोग्राम में सुधार की जरूरत : इलॉन मस्क

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** टेस्ला के मालिक और ट्रंप प्रशासन में उनके सहयोगी इलॉन मस्क ने विदेशी कामगारों को मिलने वाले एच1बी वीजा पर एक बार फिर बयान दिया है। मस्क ने इस प्रोग्राम को खत्म जैसा बताते हुए, इसमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की बात कही है। मस्क ने एक पोस्ट के जवाब में कहा कि इस प्रोग्राम में न्यूनतम सैलरी और मेंटेनेंस को बढ़ाकर इसमें सुधार किया जाना चाहिए। इससे पहले मस्क ने पिछले हफ्ते शुक्रवार को इस वीजा के समर्थन में पोस्ट किया था। इस पोस्ट में मस्क ने एच1बी वीजा के लिए युद्ध करने तक की कसम खायी थी। मस्क के अलावा ट्रंप प्रशासन में शामिल हो रहे भारतवंशी विवेक रामास्वामी भी एच1बी वीजा प्रोग्राम के समर्थन में हैं। इस वीजा पर हर साल करीब 45 हजार भारतीय अमेरिका जाते हैं। इलॉन मस्क भी एच1बी वीजा पर साउथ अफ्रीका से अमेरिका पहुंचे थे।



**एच1बी वीजा पर पलटे ट्रंप**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ने एच1बी वीजा पर अपने रूख में बदलाव किया है। मस्क की पोस्ट के बाद ट्रम्प भी इस वीजा के समर्थन में आ गये हैं। इसे पहले तक डोनाल्ड ट्रंप इस प्रोग्राम का विरोध करते रहे हैं।

ट्रम्प ने शनिवार, 28 दिसंबर को कहा था कि वो हमेशा से इस वीजा के समर्थन में रहे हैं। ट्रम्प ने कहा ' मैं एच1बी वीजा में भरोसा करता हूं। मेरी कंपनियों में भी कई एच1बी वीजा वाले लोग हैं। मैंने कई बार इसका इस्तेमाल किया है और यह एक बेहतरीन प्रोग्राम हैं।

# पाकिस्तान में बस पलटने से 11 लोगों की मौत, 22 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पंजाब के फतेह जंग इलाके के पास एक बस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गयी और 22 लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार बहावलपुर से इस्लामाबाद जाते समय एम-14 मोटरवे पर बस पलट गयी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गयी और अन्य लोग घायल हो गयी। अधिकारियों ने इस हादसे के बाद बताया कि पीड़ित बहावलपुर, वेहरी, शरकपुर और इस्लामाबाद के निवासी थे। हादसे के बाद बचाव अधिकारियों ने कहा कि तीन महिलाओं के समेत छह लोगों को बेनजीर भुट्टो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, एक अन्य घायल को इस्लामाबाद और जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मंदिर कमेटी और पुजारी के बीच हुई झड़प, फायरिंग में एक घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में मंदिर कमेटी और पुजारी के बीच के हुए विवाद के बाद गोलीबारी की घटना हुई है। मंदिर कमेटी के एक व्यक्ति के पैर में गोली लग गयी है। घायल शख्स को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मनसाही थाना क्षेत्र के मरंगी पंचायत के घासी टोला की है।

## पेड़ काटने को लेकर हुआ विवाद

गोली लगने से घायल व्यक्ति की पहचान शिवरंजन सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घासी टोला के शिव मंदिर में स्थित आम के पेड़ का डाल काटने को लेकर विवाद हुआ था। मंदिर कमेटी और पुजारी प्रेम रंजन गोस्वामी के बीच विवाद बढ़ गया और इसी बीच पुजारी ने गोली चला दी।

## जांच में जुटी पुलिस

पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है और घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि पूर्व में भी मंदिर कमेटी के बीच विवाद हुआ था जिसमें पुजारी ने गोली चलायी थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले के छानबीन में जुटी हुई है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
07

## मुसहर परिवारों के बीच एसडीओ ने बांटा कंबल



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सोमवार शाम को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बीरबंधा पंचायत के ग्राम जरगढ स्थित मुसहर टोली पहुंचकर लगभग 25 परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने मुसहर परिवारों से जुड़ी समस्याओं के बारे में भी जाना। मौके पर मौजूद पंचायत के उप मुखिया सुरेश राम को भी उन्होंने निर्देश दिया कि वे इस टोली में रह रहे गरीब मुसहर परिवारों की समस्याओं और जरूरतों को चिन्हित कर उन्हें यथाशीघ्र बतायेंगे। उन्होंने फोन पर ही प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा को भी निदेशित किया कि वे प्रखंड अंतर्गत ऐसी अन्य मुसहर बस्तियों का सर्वेक्षण कर उनकी न्यूनतम जीवन स्तर से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक पहल करेंगे। इस दौरान गुड्डू मुसहर, बीरू मुसहर, दशरथ, लीलावती, ललिता, रीना, सुनीता, गीता, अनीता, कविता, रेखा, क्रांति मुसहर आदि मौजूद थे।

# एसडीओ संजय ने सूरत पांडे डिग्री कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

## प्राचार्य, शिक्षकों समेत लगभग सभी कर्मचारी मिले नदारद, कारण पृच्छा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजय कुमार ने सूरत पांडे डिग्री कॉलेज का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान प्राचार्य, टीचिंग स्टाफ तथा नॉन टीचिंग स्टाफ की लगभग शत प्रतिशत अनुपस्थिति पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई।

दरअसल बीते दिनों इस डिग्री कॉलेज के लगभग 15 शिक्षकों ने अनुमंडल पदाधिकारी को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं सहित ससमय वेतन भुगतान नहीं करने आदि शिकायतों के साथ एक शिकायती पत्र सौंपा था। प्राप्त शिकायती बिंदुओं की वस्तु स्थिति जानने हेतु एसडीओ सोमवार को दोपहर लगभग 2:30 बजे महाविद्यालय पहुंचे थे, किंतु वहां



पर न तो प्राचार्य मौजूद थे और न ही शिकायत करने वाले एक भी शिक्षक गण। मौके पर सिर्फ चपरासी मनोहर राम मौजूद थे, जबकि परिसर के ही पास भूगोल के विभाग अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे भी टहल रहे थे। चपरासी से जानकारी लेने पर एसडीओ को पता चला कि प्रिंसिपल के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ में से कोई भी उपस्थित नहीं हैं। उसके बाद उन्हें पूरे परिसर के सभी कक्षों में लटके हुए तालों को ही देखकर ही संतोष करना पड़ा। लगभग 10 मिनट के बाद एक शिक्षक विवेकानंद उपाध्याय भी मौके पर पहुंच गये। प्राचार्य निकलेश कुमार चौबे से जब एसडीओ के द्वारा फोन कर पूछा गया तो वे अनुपस्थिति का संतोषजनक कारण नहीं बता पाये, हालांकि उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि 30 से अधिक शिक्षकों और अन्य नॉन टीचिंग स्टाफ में से सभी अनुपस्थित हैं। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुये एसडीओ ने उनसे कहा कि यह महाविद्यालय जिले का एक प्रतिष्ठित महाविद्यालय है इसकी गरिमा और प्रतिष्ठा को इस प्रकार खराब न करें, नियमित मॉनिटरिंग करके सभी शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करवायें और अपनी निगरानी में सुनिश्चित करें कि नियमित कक्षाएं संचालित हों।

उल्लेखनीय है कि अनुमंडल पदाधिकारी इस महाविद्यालय के पदेन अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय से जुड़े जिम्मेदार पदाधिकारियों व शिक्षकों को इस गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए कारण पृच्छा किया जा रहा है।

# विधायक सत्येंद्रनाथ पर एफआइआर दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी संजय चौबे के आवेदन पर मेराल थाना में गढ़वा के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी और तीसरटेटुका के मुखिया पति जगजीवन राम पर गाली-गलौज करने और धमकी देने तथा 35 लाख रुपए रंगदारी मांगने को लेकर केस दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी विष्णुकांत के अनुसार थाना क्षेत्र में काम करा रहे संजय चौबे के द्वारा आवेदन में कहा गया है कि मुखिया पति जगजीवन राम के माध्यम से विधायक द्वारा 7 करोड रुपए के कार्य में 5% कमिशन कुल 35 लाख रुपए की मांग किया गया। काम बंद करने के बाद भी मुखिया पति द्वारा अपने फोन पहले बात किया गया फिर विधायक द्वारा धमकी और गाली




### साजिश के तहत किया गया है मिमिक्री : विधायक

वहीं विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा है कि वह मामले में अनभिज्ञ हैं। जिस ऑडियो की बात की जा रही है, उसमें उनकी आवाज ही नहीं है। यह विरोधियों की साजिश है।

गलौज किए जाने से मैं और मेरा परिवार दहशत में है। फोन पर बार-बार धमकी और भयादोहन से मैं पूरी तरह टूट चुका हूं। विधायक द्वारा किए गए अपमान से तंग आकर मेरे दिमाग में कई बार आत्महत्या करने पर विचार आ रहा है क्योंकि इस समय मैं बड़े कर्ज में डूबा हुआ हूं, काम बंद करने के कारण आय पर संकट होने की स्थिति में मुझे आत्महत्या के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं रहेगा। मेरी इस हालत की पूरी जिम्मेदारी विधायक पर होगी।

# सदर अस्पताल में फैली अव्यवस्था को जल्द ठीक करने को लेकर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के निर्देश पर एक प्रतिनिधिमंडल सदर अस्पताल के उपाधीक्षक के साथ बैठक किया। इसके पश्चात अस्पताल में फैली अव्यवस्था को जल्द ठीक करने को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि सदर अस्पताल झामुमो सरकार के उदासीन रवैया के कारण पुरी तरह अव्यवस्थित है। सदर अस्पताल जिले का एकमात्र बड़ा अस्पताल है फिर भी साधन संशाधन की भारी कमी है उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार व्यवस्था में सुधार करे जनहित में भाजपा सड़क से सदन तक आवाज को बुलंद करने में पिछे नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी



स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति काफी गंभीर है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। स्वास्थ्य प्रतिनिधि अद्याशंकर पांडेय ने कहा कि सदर अस्पताल का निरीक्षण के दौरान उपाधिक्षक से चर्चा किया, जिसमें उपाधिक्षक ने सुविधा का अभाव बताया जिस पर माननीय विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी तक बात पहुंचाई जायेगी। उन्होंने कहा कि जनवरी से डेंगु का जांच की सुविधा सदर अस्पताल गढ़वा में उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में साफ सफाई मरीज के लिए सभी सुविधाओं के साथ ही डॉक्टर का नियमित ड्यूटी का रोस्टर के अनुसार ओपीडी संचालित होगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे सुरेंद्र विश्वकर्मा उमेश कश्यप विकास तिवारी विरेंद्र सिंह लक्ष्मीकांत पांडेय विकास तिवारी सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अनाथ बच्चों के घर एलएडीसी चीफ और पीएलवी पहुंचे



भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा, नलिन कुमार के आदेश से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा रवि चौधरी के निर्देशन पर भंडरिया प्रखंड के सबसे सुदूरवर्ती इलाका ग्राम बिजका में अनाथ बच्चों के घर एलएडीसी चीफ प्रवीण साहू पीएलवी लाजरस तिर्की, शिवपूजन चौधरी की टीम पहुंच कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। जिसमें पता चला कि उन बच्चियों के माता-पिता दोनों की मृत्यु सितंबर 2024 में हो गयी तथा एक बड़ी बहन कहीं गुम हो गयी है। दोनों बच्ची भीख मांग कर अकेले जीवन यापन करते हैं, उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं था। जानकारी मिलने के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार उन अनाथों के बीच में पहुंचकर उन्हें हर संभव मदद दिलाने का कार्य प्रारंभ कर चुका है। जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी डीईओ कैसर राजा से भी बात हो चुकी है, वह तुरंत करवाई करने के लिए भरोसा दिलाया है। यथाशीघ्र उन बच्चियों को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शिक्षा और अल्पा श्रय के लिए रखा जायेगा, साथ ही अनाथों की बड़ी बहन जो गुम हुई है उसकी भी खोजबीन के लिए भंडरिया थाना में गुमशुदा की सूचना दर्ज करायी जा रही है, ताकि उस अनाथ बच्ची को भी न्याय मिल सके।

# टीचर्स ट्रेनिंग प्रोगाम का पांचवा चरण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2)स्कूल के सभागार में इनहाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का पांचवां चरण सीबीएसई गाइडलाउन के आलोक में संपन्न हुआ। इस मौके पर अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों को तकनीकों और आधुनिक शिक्षण रणनीतियों से लैस करता है जो उन्हें प्रबंधित करने और उन्हें पढ़ाने में मदद करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र सीख रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षक




प्रशिक्षण कार्यक्रम जब सही तरीके से तथा सही विषयवस्तु के साथ संचालित किए जाते हैं, तो उसमें शिक्षकों को इस हद तक प्रशिक्षित करने की शक्ति होती है कि वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि इसके बाहर भी छात्रों पर सकरात्मक प्रभाव डालते हैं। शिक्षक छात्रों के लिए ज्ञान और सूचना के प्राथमिक स्त्रोत होते हैं। प्रशिक्षण कार्यशाला में शिक्षक वीरेंद्र साहू, कृष्णा कुमार, विकास कुमार, मुकेश भारती, सुनिता कुमारी, निलम, रागिन्नी, प्रिंस आदि की उपस्थिति सराहनीय रही। लैपटॉप द्वारा पीपीटी स्लाइड संचालन का महत्वपूर्ण कार्य श्रेया आनंद सलतापूर्वक किया गया।

## विस्थापित संघर्ष समिति ने डीसी को लिखा पत्र



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। विस्थापित संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन यदि उग्र होता है और क्षेत्र में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है, तो इसकी सारी जवाबदेही सेल प्रबंधन को निर्धारित की जायेगी। उक्त बातें श्री बंशीधर नगर अनुमंडल पदाधिकारी ने विस्थापित संघर्ष समिति द्वारा बीते एक सप्ताह से धरना प्रदर्शन किये जाने के बावजूद सेल प्रबंधन द्वारा उक्त मामले में कोई दिशा निर्देश नहीं दिये जाने पर गढ़वा उपायुक्त को पत्र लिखकर बतायी। पत्र में अनुमंडल पदाधिकारी ने विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संयोजक सुशील कुमार चौबे महासचिव राम विजय साह और झामुमो नेता सह समाजसेवी दीपक प्रताप देव की मांगो का भी जिक्र किया है। साथ ही उन्होंने पत्र में उप महाप्रबंधक, सेल, भवनाथपुर खदान समूह द्वारा बतायी गयी बातों का जिक्र करते हुए लिखा की सेल प्रबंधन द्वारा विस्थापित संघर्ष समिति की मांगों के साथ धरना प्रदर्शन के प्रतिदिन की जानकारी सेल के वरीय अधिकारियों को दी जा रही है, परंतु वरीय अधिकारियों के द्वारा अभी तक किसी प्रकार का निर्देश नहीं दिया गया है। भवनाथपुर खदान समूह के उक्त क्रेशर प्लांट का ऑक्सन बोकारो स्टील प्लांट, बोकारो से किया गया है, और संबंधित ठेकेदार को कार्यादेश भी निर्गत किया गया है, जिसे उप महाप्रबंधक के स्तर से नहीं रोका जा सकता है। तुलीदामर-भवनाथपुर खदान समूह के मजदूरों, विस्थापितों का मामला काफी समय वर्ष 1979 से चल रहा है, जिसका निपटारा लगातार बातचीत कर ही किया जा सकता है।

# विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीजीएम सह विद्यालय चेयरमैन एस यू मेदा और प्राचार्य आर सचदेवा ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का बच्चों और शिक्षकों ने तिलक चंदन कर पुष्प गुच्छ देकर किया गया। मुख्य अतिथि के साथ निर्णायक मंडली ने प्रत्येक मॉडल निरीक्षण कर मॉडल के अनुसार अंक प्रदान किए। विजेता टीम को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर



पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजनों से बच्चों में सृजनात्मक का विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी के विषय में बताते हुए शिक्षक प्रवीण पांडे ने बताया कि छात्रों ने किताबी ज्ञान अर्जित करने के साथ विज्ञान के सभी आयामों को अपने मॉडल के माध्यम से प्रदर्शित किये। संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी के नेतृत्व में बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुति गीत और नृत्य का देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका पूर्वी रंजन, अनिल कुमार द्विवेदी, प्रवीण पांडे अक्षिता द्विवेदी और मयंक कुमार ने किया।

# आरके पब्लिक और जवाहर नवोदय अपने-अपने मैच जीते

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 15वें दिन आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव ने सेंट्रल पब्लिक स्कूल को आठ विकेट से हराया और दूसरे मैच में जवाहर नवोदय विद्यालय ने डीएवी भवनाथपुर को 71 रन से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जवाहर नवोदय विद्यालय के आरिफ अंसारी, और आरके पब्लिक के प्रियांशु को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष अमित




कुमार सिंह ने प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह मंच खिलाड़ी के प्रतिभा को निखारने के लिये लगातार एक महीना से अधिक समय देकर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है ऐसा आयोजन प्रत्येक साल आयोजित करना बहुत बड़ी बात है। खेल में अनुशासन मायने रखता है। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक कुमार द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, अयोध्या ठाकुर, आकाश कुमार, मनोज तिवारी, अभिषेक तिवारी, शहजाद खान सहित कई लोग शामिल थे।

## बीडीओ ने अबुआ आवास निर्माण स्थल और मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय के पिपरी कला एवं पतिहारी पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार ने अबुआ आवास योजना 2024-25 के स्वीकृत लाभूकों का आवास निर्माण स्थल व मनरेगा योजना का निरीक्षण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अबुआ आवास लाभुकों को बताया कि वह पहली किस्त की राशी से प्लिंथ लेवल तक का कार्य पूर्ण करेंगे व प्राक्कलन के अनुसार अबुआ आवास निर्माण कार्य ससमय पूर्ण करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि स्वीकृत अबुआ आवास लाभुकों का आवास निर्माण स्थल का कनीय अभियंता द्वारा ले आउट कार्य किया जायेगा। वहीं उन्होंने अबुआ आवास निर्माण स्थल निरीक्षण करने के दौरान पिपरी कला एवं पतिहारी पंचायत में मनरेगा योजना अंतर्गत आम बागवानी, टीसीबी, डोभा का भी निरीक्षण किया।14

# मन से स्वस्थ बच्चे ही करेंगे बेहतर भविष्य का निर्माण : अलखनाथ

**आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का पांचवां इनहाउस कार्यशाला संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा सेशन 2024-25 का पांचवां इनहाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम आरकेवीएस के सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित सभी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए, जिनमें आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उँचरी



(मंझिआंव) और हूर के शिक्षक शामिल थे। आज की कार्यशाला का मुख्य विषय था छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना'। इस विषय पर विस्तृत चर्चा करने के लिए विनय सिंह, राज चौबे, प्रशांत चौबे, और प्राची पांडेय को रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वस्थ मन के बिना, स्वस्थ शरीर की कल्पना नहीं की जा सकती है। जब बात बच्चों के स्वास्थ्य की होती है, तो इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। बच्चों की मानसिक स्थिति को सबसे बेहतर ढंग से उनके शिक्षक ही समझ सकते हैं, क्योंकि उनका अधिकांश समय स्कूल में ही बीतता है। इसलिये, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर शिक्षकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इस अवसर पर एलके ओझा, अनिल सिन्हा, अनिता सिन्हा, राजेश पाण्डेय, राज, अभिलाषा, जागृति, रुपेश सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**समाहरणालय, कोडरमा**
**(जिला पर्यटन कार्यालय)**
E-mail:-sportskoderma17@gmail.com

**Amended date for Expression of Interest (EOI)**

Advertisement PR No-342179 एवं कार्यालय ज्ञापांक 152/पर्य0 दिनांक 16–12–2024 द्वारा कोडरमा एडवेंचर पार्क, तिलैया डैम, उरवाँ के समीप पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु Floating Jetty Project का विकास हेतु दिनांक 30–12–2024 को निविदा आमंत्रित की गई थी।

अपरिहार्य कारणवश उक्त **Expression of Interest (EOI)** की तिथि परिवर्तित करते हुए दिनांक 16–01–2025 निर्धारित की जाती है।

**Expression of Interest (EOI)** की शर्तें एवं अन्य विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला पर्यटन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 343230 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 24-25 (D)

## पीएलवी अमरेंद्र कुमार ने बांटे कंबल



रंका (आजाद सिपाही)। ठंड के बढ़ते ठिठुरन में रंकाकला पंचायत स्वयंसेवक समाजसेवी पीएलवी अमरेंद्र कुमार ने रंकाकला पंचायत के शिवनाला वार्ड में लगभग 40 गरीब असहाय बृद्ध महिला-पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया। इस मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रमकंडा क्षेत्र के पुल निर्माण योजनाओं में बगैर अनुमति के की जा रही है ब्लास्टिंग

**नदी के अवैध पत्थरों का हो रहा उपयोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रमकंडा।** गढ़वा जिले के सुदूरवर्ती रमकंडा प्रखंड के चेट स्थित हाठु नदी और रकसी के हड़बड़िया नाला पर बन रहे पुल निर्माण के लिए गड्ढों की खुदाई में बगैर अनुमति के ब्लास्टिंग हो रहा है।वहीं एक साथ सैकड़ों जिलेटिन बम के विस्फोट से निर्माण स्थलों के किनारे बसे घरों में दरारें पड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों की ओर से गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर से शिकायत के बावजूद ब्लास्टिंग



का काम नही रुक रहा है। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से चेटे पंचायत स्थित टेढ़ाकहुआ व बोड़ी गांव के बीच बन रहे पुल निर्माण में पिलर खुदाई के लिये बगैर परमिशन के ब्लास्टिंग का काम किया जा रहा है। इसके लिये अप्रशिक्षित मजदूरों को इस काम में लगाया गया है।जो पिलर के गड्ढों में ड्रिलिंग कर जिलेटिन बम लगाते हैं।रविवार को पाया गया कि गड्ढे की खुदाई के लिये एक मजदूर ड्रिलिंग कर रहा है।वहीं दूसरा मजदूर ड्रिलिंग किये गये छेद में जिलेटिन बम को डाल कर इसे विद्युत तार से जोड़ रहा है।पूछने पर मजदूरों ने बताया कि जिलेटिन बम कहां से और कैसे मिला है। उन्हें इसकी जानकारी नही है। वे मजदूरी पर इस काम को कर रहे हैं। इसके अलावे इसी नदी से निकाले गये अवैध पत्थरों का उपयोग पुल निर्माण में लगाया जा रहा है।वहीं इसी पत्थर से गार्डवाल जोड़ाई का काम हो रहा है।इससे खनन विभाग को राजस्व की क्षति हो रही है। वहीं इस तरह एक साथ करीब 50 जिलेटिन बम के धमाके से नदी के दोनों ओर बसे घरों में भूकंप जैसी स्थिति बन जाती है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् **ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 25/2024-25/RWD/CHATRA**, दिनांक– 05.10.2024, जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 14.10.2024 है, जिसका **P.R. No. 338199 Rural Work Department (24–25)D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **10.01.2025**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **20.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **22.01.2025 अपराह्न 03.30 बजे।**
4. अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता ळें

**PR 343231 Rural Work Department(24-25)#D**

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

## सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का निधन, शिक्षकों ने जतायी संवेदना



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सहायक अध्यापक संघ ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्दिक शेख के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। ज्ञात हो कि शेख का रविवार को बेन हेमरेज से रिम्स रांची में निधन हो गया था। संघ के खूंटी जिलाध्यक्ष संजय कुमार पाठक की अध्यक्षता में सोमवार को स्थानीय कचहरी मैदान में आयोजित बैठक में संघ के नेताओं ने कहा कि सदिक घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। अब चिंता की बात है कि उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। जिलाध्यक्ष संजय पाठके ने कहा कि सरकार द्वारा ईपीएफ की राशि काटी जा रही थी। सरकार तत्काल उनके परिवार को नियमानुकूल सहायता प्रदान करे और अनुकंपा के आधार पर उनके पुत्र को समायोजित करे। जिला सचिव नेली लुकस ने कहा कि हमारे भविष्य की चिंता यदि सरकार को है, तो तत्काल उनके परिवार को राहत देते हुए 10 लाख रुपये का भुगतान करे। 22 वर्षों से हम सेवा दे रहे हैं और अभी तक न संतोषजनक मानदेय मिला और न ही वेतनमान। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के तमाम सहायक अध्यापक 300 रु की राशि मृतक के स्वजनों को सहयोग के तौर पर देंगे। संघ द्वारा निर्णय लिया गया कि सहयोग नहीं करने वाले शिक्षकों को चिह्नित कर भविष्य में किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया जायेगा। बैठक में जीता मिंज, गौरांग मुंडा, सुकन्या टूटी, रविंद्र मुंडा, सुनील स्वांसी, सोमनाथ नाग, सुखनाथ होरो, कोनो सिंह मुंडा, उदय सिंह मुंडा, आसमान कच्छप, तारामुनी देवी, द्रौपदी कुमारी, रूपण कुमारी, अमृता कुमारी, कृष्णा महतो आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खादी और सरस मेला में खूंटी के ग्रामीण उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी और सरस मेला में खूंटी जिले के ग्रामीण उत्पादों की धूम है। झारखंड के खूंटी जिले के पांच स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। खूंटी जिले के पलाश अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किये गये उत्पादों को मेले में भारी सराहना मिल रही है। खासकर, आदिवासी ज्वेलरी का स्टॉल, जिसे जीवन ज्योति महिला मंडल, मुरहू द्वारा लगाया गया है। स्टॉल में अब तक 2.69 लाख रुपये मूल्य के उत्पादों की बिक्री हो चुकी है। जिले के तोड़ंगकेल गांव के बुनकरों द्वारा बनाये गये हैंडलूम वस्त्रों का स्टॉल, जिसे शांति महिला मंडल द्वारा संचालित किया जा रहा है, ने अब तक 60,000 रु का कारोबार किया है, वहीं, मुरहू प्रखंड के गुलाब महिला मंडल द्वारा लगाये गये लाह की चूड़ियों के स्टॉल ने 55,000 रु की बिक्री हुई है। तोरपा प्रखंड से लगाये गये बेकरी यूनिट के स्टॉल ने अब तक 27,000 रु का व्यवसाय किया है। इसके साथ ही आजीविका दीदी कैफे, जो स्थानीय व्यंजन परोस रहा है, ने मेले में आए लोगों का ध्यान खींचते हुए एक लाख रुपये का कारोबार किया है। खूंटी के ये सभी स्टॉल न केवल ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भरता को दर्शा रहे हैं, बल्कि स्थानीय कला और संस्कृति को भी बढ़ावा दे रहे हैं। मेला आगामी छह जनवरी 2025 तक जनता के लिए खुला रहेगा।

## आरोग्य रथ से लाभान्वित हो रहे हैं खूंटी जिले के कुपोषित बच्चे



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन और राजकुमारी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से खूंटी जिले में आरोग्य रथ पहल शुरू की गयी है। यह कार्यक्रम छह वर्ष से कम उम्र के कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनके परिवारों और समुदाय को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहा है। कार्यक्रम के तहत बच्चों को 15 दिनों तक विशेष पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार हो सके। यह पहल अनुभवी डाइटिशियन और सामुदायिक मोबिलाइजर्स की देखरेख में संचालित होती है, जो पोषण और स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित सत्र आयोजित करते हैं। अब तक यह कार्यक्रम सैकड़ों बच्चों और उनके परिवारों को लाभांवित कर चुका है। आरोग्य रथ पहल खूंटी जिले में स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में बदलाव लाने और कुपोषण को समाप्त करने में प्रेरणादायक कदम है। जिला प्रशासन इस कार्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## सबकी योजना सबका विकास अभियान को लेकर लपरा पंचायत में ग्राम सभा



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** लपरा पंचायत भवन में सोमवार को सबकी योजना सबका विकास अभियान को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया पुतुल देवी ने किया। ग्राम सभा में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत दिये गये नौ थीम में एक थीम बच्चों के अनुकूल गांव को लेकर चर्चा की गयी। उपस्थित ग्रामीणों से भी इस पर सुझाव लिया गया। वहीं पंचायत सेवक रिशु कुमारी ने बताया कि सबकी योजना सबका विकास अभियान कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणो को जानकारी दी। मुखिया पुतुल देवी ने कहा कि बच्चों के अनुकूल गांव को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए एक बेहतरीन खेल मैदान विकसित करने की बात कही। साथ ही बच्चों के अनुकूल गांव की सफलता के लिए हर संभव कार्य करने की बात कही। इस मौके पर प्रसाद मुंडा, राधेश्याम प्रसाद, सोनू कुमार यादव, मुनिया देवी, ललिता देवी, मीना देवी, रुकमणी देवी, बबीता देवी,सीमा देवी, फुनी देवी, पूनम देवी, अंचला देवी, आरती देवी, सीता कुमारी, संजू देवी, सुनीता देवी, पनवा देवी, सोनी देवी, मालती देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## कांची में हाइबुरू मेला का आयोजन किया गया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगाना क्षेत्र के प्रसिद्ध त्योहार टुसु पर्व की शुरुआत बुरू के साथ शुरू हो गयी है। सोमवार को कांची में हाइबुरू मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांची नदी के किनारे स्थित शिवलिंग की पूजा पाहनों के द्वारा किया गया। क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गयी। यहां मेला लगी जहां आसपास और दूर से लोग मेला देखने के लिए पहुंचे, लोग टुसु पर की तैयारी में लग जाते हैं और मकर संक्रांति के बाद मां टुसु का धूमधाम से पर्व मनाते है।

# अफीम की अवैध खेती के खिलाफ प्रशासन ने चलाया व्यापक अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर, जिले में अफीम की अवैध खेती के खिलाफ सोमवार को व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कर्रा, अड़की समेत अन्य प्रखंड में अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने की कार्रवाई की गयी। जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर इन फसलों को पूरी तरह से नष्ट किया। इस कार्रवाई में अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे। प्रशासन ने इस अभियान के माध्यम से अवैध खेती करने वालों को कड़ा संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को जिले में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अफीम की अवैध खेती मामले में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर एफआइआर समेत अन्य कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें, ताकि जिले को अपराधमुक्त बनाया जा सके। साथ हीं उन्होंने अफीम की अवैध खेती छोड़ कर ऐसे लोगों को वैकल्पिक खेती करने की बात कही।

## बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी ने बटुका गांव में दिया नया ट्रांसफार्मर



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के बटुका गांव में बिजली की गंभीर समस्या को देखते हुए बड़कागांव के भाजपा विधायक रौशनलाल चौधरी ने 100 केबी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया है। इस दौरान विधायक रोशन लाल चौधरी के निर्देश पर आजसू प्रखंड सचिव सह बुंडु पंसस प्रतिनिधि मोहन कुमार ने फीता काटकर नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बता दे कि बुंडु पंचायत के बटुका गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पिछले 15 दिनो से पुरा गांव अंधकारमय था। इस दौरान बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गांव के ग्रामीणों ने इसकी सूचना विधायक रौशनलाल चौधरी को दिया। इस गंभीर समस्या पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने तत्काल करवाई करते हुए विधायक के द्वारा विभाग से 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। गांव में नया ट्रांसफार्मर लग जाने और बिजली बहाल होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी के प्रति आदर प्रकट किया। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के कार्यकर्ता चतर्भुज शर्मा, चंदन कुमार महतो, महेंद्र महतो, मुकुल महतो, बलराम महतो, अशोक महतो, रंजीत महतो, बासुदेव महतो, विनोद बिहारी महतो,कृष्णा महतो, प्रमोद महतो,छोटन कुमार, भीम शर्मा,संदीप महतो, धर्मनाथ महतो, मुकेश महतो, सुरेश महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा के गुरु आंनद स्वांसी को स्वांसी समाज ने दी श्रद्धांजलि



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के गुरु आंनद स्वांसी के समाधि पत्थर पर सोमवार को पुष्प अर्पित की स्वांसी समाज के लागों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। स्वांसी समाज के महिला-पुरुषों ने उनके व्यक्तित्व को नमन किया। मौके पर गुरु आंनद स्वांसी के वंशज के अलावा रांची जिला कमेटी के विश्वकर्मा स्वांसी, नारायण स्वांसी, राहुल स्वांसी, सुनिता स्वांसी, रंथु स्वांसी, हिरामुनी स्वांसी, संजना स्वांसी, राजेश स्वांसी, लक्ष्मण स्वांसी आदि मौजूद थे।

## जैन धर्मावलंबियों ने मंदिर में किया अभिषेक, नमोकार मंत्र का आयोजन




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जैन धर्मावलंबियों ने सोमवार को जैन मंदिर मे भगवान का अभिषेक किया। उसके बाद गुरु सुयश सागर द्वारा प्रवचन किया गया। अपने प्रवचन में सुयश सागर जी ने जैन धर्म के अहिंसा के सिद्धांत को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि क्यों जैन धर्म के लोगो को रात मे नहीं खाना चाहिए। शाम में सुयश सागर जी द्वारा नमोकार मंत्र का आयोजन किया गया। कार्यकर्म को सफल बनाने में मनीषा जैन, ममता जैन, रिंकू जैन, मिक्की जैन, पिंकी जैन, शालू जैन, मेघा जैन, प्रीती जैन, रुचि जैन, उषा जैन, रेखा जेन, मनोज अजमेरा आदि लगे हुए हैं।

## बेसहारा संडय डाडेल के अंतिम संस्कार में उमड़ा विभिन्न समाज के लोगों का हुजूम



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड के कच्चा बारी गांव के अनाथ और बेससारा संजय डालेल के अंतिम सस्कार में सोमवार को रांची के हरमू मुक्तिधाम में विभिन्न समाज के लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। लगभग 40 वर्षीय संजय डाडेल को सड़क से उठाकर नवजीवन संस्थान में भर्ती कराया गया था। सोमवार को सुबहः उनका हृदयाघात से निधन हो गया। उनके आगे-पीछे कोई भी नहीं था। इस बात की जानकारी मिलने पर विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग के सह प्रांत प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने अपने साथियों को सूचित किया और तत्काल मुक्तिधाम हरमू में उनके पार्थिव शरीर को पहुंचा कर उनका विधिवत जनजातीय विधि-विधान से दाह-संस्कार किया गया। उनके पार्थिव देह को मुखाग्नि संतोष आग्रवाल ने दी। ज्ञात हो कि संतोष अग्रवाल ने अपनी माता की पुण्य स्मृति में अभी तक 100 से अधिक ऐसे लोगों को मुखाग्नि देकर पंचतत्व में विलीन कर मुक्ति दिलाई है। जिनकें आगे-पीछे कोई नहीं था, उसके लिए उमड़ा समाज संजय डाडेल के आगे-पीछे कोई नहीं था, पर उसके अंतिम संस्कार में विभिन्न समाज के सैकड़ों लोग मुक्तिधाम पहुंच गये। हरमू घाट पर कृष्ण कुमार गाड़ोदिया, ओम प्रकाश सर्राफ, प्रकाश बजाज, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह मुंडा, रांची महानगर के अध्यक्ष कैलाश केसरी, सहयोगी राजेश यादव, नारनौली अग्रवाल सभा के राजेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा से सीतारामजी शर्मा और समाज के बहुत से सदस्यों के साथ विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त सह सेवा प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल ने उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संजय डाडेल के अंतिम संस्कार में नवजीवन संस्थान के कार्यकर्ता और हरमू मुक्ति धाम के विजय मिंज, उनके दोनों सुपुत्र अशीष मिंज और अभय मिंज ने विधिवत आदिवासी रीति-रीवाज से उनका दाह-संस्कार किया। हरमू घाट के डोम समाज के कर्मियों ने भी अपना योगदान दिया। पिठोरिया के काटमकुली गांव से मनोज मुंडा ने अपने जनजातीय समाज के कई कार्यकर्ताओं के साथ सहयोग किया।

## करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख सहयोग समिति की हुई बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** करकट्टा कोलियरी कर्मचारी साख सहयोग समिति लिमिटेड की मासिक बैठक धमधमिया स्थित कार्यालय में हुई। समिति के अध्यक्ष अमृत भोगता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में समिति के आय व्यय को लेकर चर्चा हुई। साथ ही सदस्यों के बीच वार्षिक कलेंडर का भी वितरण किया। बैठक में सचिव उमाकांत सिंह, कोषाध्यक्ष धनेश्वर गंझू, भरत रजक, रामा उरांव, सुधीर सिंह, महेंद्र यादव, मालती कुमारी, कौशल्या देवी, रातो देवी, पुष्पा देवी, निर्मला कमला तिर्की, सोनू ठाकुर, मनोज कुमार, प्रभु प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

# झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने एनके एरिया प्रबंधन को 20 सूत्री मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एनके एरिया ने सोमवार को क्षेत्रीय सचिव रंथू उरांव के नेत्त्व में कर्मचारियों की समस्याओं के लेकर 20 सूत्री मांग पत्र एनके प्रबंघन को दिया। मांग पत्र में एनके एरिया के विभिन्न परियोजनाओं में भुरकुंडा, रामगढ़, पतरातु तथा अन्य दूर-दराज क्षेत्रों से आकर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को अविलंब आवास उपलब्ध कराये जाने, एनके एरिया के विभिन्न यूनिट में खाली पदों पर कैडर पूरा करने वाले कर्मचारियों का समय से पदोन्नति देने, एनके एरिया की सभी इकाइयों में एसएलपी का लाभ माह जनवरी 2025 के वेतन से देना सुनिश्चित किया जाए, सेवा निर्मित एवं मृत कर्मचारियों के आश्रितों को एनसीडब्ल्यू ए 11 का एरिया सालाना बोनस ग्रेजुएट ग्रुप ग्रेजुएट लीव एनकैशमेंट का भुगतान तीन वर्षों से निलंबित पड़ा हुआ है उसे अविलम्ब भुगतान करने, सीएमपीएफ और पेंशन का दवा ऑनलाइन किया जा रहा है जिसके लिए सभी ईकाइयों में कंप्यूटर, स्कैनर, इंटरनेट के सुविधा विभाग को देने, सीपीआरएम के साथ सेवा निर्मित कर्मचारियों के इलाज में व्यय राशि का भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर करने, एनके एरिया के सभी आवासीय कॉलोनी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, एनके एरिया में अधिग्रहित भूमि के बदले रैयतों को नौकरी, मुआवजा और पुनार्वास अविलम्ब करना सुनिश्चित करने, एनके एरिया के सभी इकाइयों में स्वतंत्र रूप से कार्मिक पदाधिकारी की व्यवस्था सुनिश्चित करने, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन को एनके एरिया के वार्षिक गजट बैठक सूची में शामिल करते हुए एनके एरिया के विभिन्न समितियां संयुक्त एनके एरिया क्षेत्रीय सलाहकार समिति, आवास आवंटन समिति, खान सुरक्षा समिति, वेलफेयर समिति, सीएसआर समिति और अन्य समितियों में प्रतिनिधित्व दिये जाने, एनके एरिया के सभी इकाइयों में कैटिगरी 1 के पद पर वर्षों से कार्य करने वाले कर्मचारियों को अविलंब पदोन्नति देने, एनके एरिया के सभी इकाइयों में सप्ताह के चार दिन की उपस्थिति पर रविवारीय ड्यूटी की बाध्यता समाप्त करने, गैर सुरक्षा कर्मचारियों को पोशाक, जूता, गरम कपड़ा 2023-24 का वितरण अति शीघ्र करने, केंद्रीय अस्पताल डकरा में मरीजों की सुविधा में सभी तरह के उपकरणों, दवाइयां तथा दक्ष कर्मचारियों के देखरेख में संचालित किया जाए, एनके एरिया के सभी इकाइयों में संवेदनशील पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारियों का नियमानुसार समय से टेबल ट्रांसफर करने, एनके एरिया के सभी आवासीय कॉलोनी के सड़कों में स्ट्रीट लाइट लगाने एवं सफाई करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, एनके एरिया में सभी आवासीय कॉलोनी का जर्जर आवासों की छत से पानी रिसाव का मरम्ती सिविल विभाग के देखरेख में कराने, सभी कलानियों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने, रैयत विस्थापितों के परिवार के बच्चों को आउटसोर्सिंग कंपनियों में प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने और कर्मचारियों के आश्रितों के जन्म तिथि सेवा पुस्तिका में अंकित करने की प्रक्रिया जटिल है, जिसे सरल प्रक्रिया में लाकर अंकित कराया जाये। मांग पत्र सौंपने के दौरान यूनियन क्षेत्रीय सचिव रंथू उरांव, जगरनाथ महतो, गुलाब राजभर, ऋषिदेव प्रसाद, सुभाषचंद्र प्रसाद, पंकज मुण्डा, रमेश तुरी, उदय चैहान, बालमुकुंद पांडेय, नरेश गझू, संतोष उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## गणेश स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ी छोटू उरांव का 16वीं झारखंड स्टेट चैंपियनशिप में हुआ चयन



**पिपरवार/खलारी (आजाद सिपाही)।** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ी छोटू उरांव टोप्पो का चयन 16वीं झारखंड स्टेट क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा 31 दिसंबर को जमशेदपुर में किया जायेग। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए छोटू उरांव टोप्पो अपने कोच गणेश कुमार महतो के साथ जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। छोटू उरांव टोप्पो का चयन अंडर-18 बालक आयु वर्ग 6 किलोमीटर दौड़ इवेंट के लिए किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि छोटू उरांव टोप्पो ने अब तक जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में कई मेडल जीतकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर चुका है। उन्होंने काफी मेहनत और परिश्रम के साथ 16वीं झारखंड स्टेट क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे अपना जगह बनाया है। उनके चयन होने पर कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। गणेश कुमार महतो ने उम्मीद जताई है कि छोटू उरांव टोप्पो 16वीं झारखंड स्टेट क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

## विद्यालय के रसोइया संघ ने विधायक सबिता महतो को सौंपा ज्ञापन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक सबिता महतो के आवसीय कार्यलाय में सोमवार को चांडिल अनुमंडल रसोइया संघ ने एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र ने मानदेय की वृद्धि और प्रत्येक माह मानदेय की भुगतान हेतु अनुरोध किया है। वर्तमान समय में विद्यालय के रसोइया को दो हजार रु मिलता है। वही इस संबंध में विधायक सविता महतो ने बताया कि रसोइया संघ के मांग जायज है। उन्होंने कहा कि जल्द ही संघ के एक प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अवगत कराया जायेगा। मौके पर केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, रसोइया संघ के रुवीरानी प्रमाणिक, ववित्ता गौस्वामी, दीपाली गोराई, बसंती महतो, उषारानी महतो आदि उपस्थित थे।

## नये साल को लेकर क्षेत्र के पर्यटन स्थल सज-धज कर तैयार

**बुंडू/तमाड़ (आजाद सिपाही)।** नये साल के आगाज को लेकर पंच परगना क्षेत्र के पर्यटन स्थल सज धज कर तैयार हैं। आज साल के अंतिम दिन विदाई होगी। इस वर्ष सुःख और दुःख का मिला-जुला असर रहा। रांची-टाटा रोड पर सालों भर दुर्घटना होती रहीं सैकड़ों लोगों ने अपने जान गंवाई अफीम की खेती को रोक पाने में पुलिस प्रशासन विफल रही। दिउड़ी मंदिर का मामला सुर्खियों में रहा है। पूरे इलाके में हत्या का मामला सर चढ़ कर बोलता रहा। लोकसभा और विधानसभा का चुनाव में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सरकार के रोक के बावजूद अवैध बालू का धंधा चलता रहा। पंच परगना क्षेत्र के प्रसिद्ध दशम फॉल सैलानियों को नये साल में आकर्षित कर रहा है। इसके अलावा बूढ़ाडीह मंदिर, दिउड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर, रीमिक्स फॉल आदि जगहों पर अभी से ही लोगों का पिकनिक मनाने की भीड़ उमड़ रही है। नये साल में हजारों की संख्या में इन पर्यटन स्थलों में पिकनिक मनाने के लिए लोग आयेंगे। प्रशासन भी इस बार पिकनिक स्पॉटों के दुर्घटना स्थल को चिन्हित कर सुरक्षा प्रदान करने में लगी हुई है।

## स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद जीतराम बेदिया की मनायी गयी 222वीं जयंती



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्र सेनानी वीर शहीद जीतराम बेदिया की 222वीं जयंती काफी धुमधाम से मनायी गयी। लोगों नें उनके प्रतिमा पर मल्यार्पण कर स्मरण करते हुए नमन किया। इस अवसर पर सुरसू पंचायत के सिंगारी बजारटांड़, सूरसू गांव में कार्यक्रम आयोजित की गयी। वहीं बरवादाग पंचायत के सेताडीह गांव में जिला परिषद अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुंडा ने शहीद जीतराम बेदिया के प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उनके द्वारा देश के प्रति त्याग और बलीदान का स्मरण किया। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि हमें अपने जीवन में इनके द्वारा किये गये त्याग और समर्पण को आदर्श के रूप में अपनाना चाहिए। मौके पर नवागढ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, बुधराम बेदिया, जयशंकर मुंडा, धर्मदेव रजवार, सोमरा बेदिया, डब्ल्यू बेदिया आदि के अलावा महिला पुरुष शामिल थे।

## हुंडरू फॉल में पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी की अध्यक्षता में हुई बैठक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** सुप्रसिद्ध जलप्रपात हुंडरू फॉल में सोमवार को नववर्ष में पर्यटकों की शांति और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी को लेकर पर्यटन कर्मी, स्थानीय दुकानदारों और ग्रामिणों के साथ एक बैठक सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में और संचालन बालेश्वर बेदिया के द्वारा किया गया। नववर्ष में पर्यटकों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए शांति और सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन और स्थानीय पर्यटन कर्मी मिल कर कार्य करेंगे। साथ ही फॉल घूमने आने वाले पर्यटकों का स्वागत अतिथि देव भवः की तर्ज पर किया जायेगा और पर्यटकों के साथ मधुर व्यवहार और सहयोग किया जायेगा। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि पर्यटन स्थल में नशापान करना, शराब बिक्री करना, प्लास्टिक और थमोकॉल का प्लेट का उपयोग करना, और डीजे साउंड का बजाना आदि पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। सिकिदीरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्यटकों को कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा और पर्यटकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। शराब पीकर हुड़दंग करने वाले, तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वाले पर भी कड़ी नजर रखी जायेगी। बैठक में कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया वार्ड सदस्य बबीता देवी, शचिमोहन कुमार, पवन भोगता नित्यानंद बेदिया हरिचरण बेदिया विष्णु कुमार बेदिया, मदन कुमार बेदिया, दसैया बेदिया, शुभम बेदिया, मंगलदास हजाम, जितवाहन भोगता सुरज बेदिया सुनिता देवी, फुलचंद करमाली, संदीप बेदिया विशेश्वर बेदिया, जितू बेदिया अरूण बेदिया, मेघनाथ बेदिया बुधराम बेदिया, मनोज बेदिया आदि उपस्थित थे ।

# रिनपास में वार्ड अटेंडेंट बहाली के विरोध में प्रदर्शन, विधायक पहुंचे

**निदेशक डॉ जयति शिमलई के दलाल डॉ भुवन ज्योति और लेखपाल विनय कुमार सिंह को विधायक ने लगायी फटकार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** मानसिक स्वास्थ्य संस्थान रिनपास कांके में सोमवार को यहां कार्यरत सुरक्षाकर्मियों और सफाईकर्मियों ने 2 घंटे तक जम कर आंदोलन किया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संजर खान और वरीय कांग्रेसी नेता लालचंद सोनी के नेतृत्व में आंदोलन कर रहे सुरक्षा कर्मियों और सफाई कर्मियों का आरोप था कि प्रभारी निदेशक डॉ जयति शिमलइ के दलाल डॉ भुवन ज्योति और वरीय लेखपाल विनय कुमार सिंह संस्थान में दो-दो लाख रुपया लेकर 20 वार्ड अटेंडेंट की बहाली एवर ग्रीन सर्विसेज कंपनी के माध्यम से संस्थान में गुपचुप ढंग से कर दी है। जो स्थानीय नहीं है और बाहरी है। संस्थान में ही अच्छे पदों पर कार्यरत लोगों के सगे संबंधी है। निदेशक, डॉ भुवन ज्योति और वरीय लेखपाल विनय कुमार सिंह की तिगड़ी ऐसी है, कि दो वर्षों के भीतर यहां जो भी खरीदारी, फर्नीचर, कंप्यूटर उपकरण, लैपटॉप, दवाई की खरीदारी और जितने भी एवरग्रीन सर्विसेज के माध्यम से बहाली की जा रही है, उसमें पैसे का लेनदेन लाखों रुपये में किया जा रहा है। इन दोनों की चल अचल संपत्ति की जांच करायी जाये और दोनों को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के चुनाव क्षेत्र जामताड़ा में ट्रांसफर किया जाये। आंदोलन के दौरान वार्ता के क्रम में किसी बात को लेकर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संजर खान और लालचंद सोनी से डॉ भुवन ज्योति की तीखी बहस हो गयी। तो डॉ भुवन ज्योति के साथ सुरक्षा कर्मियों ने धक्कामुक्की भी की और मारने के लिए हाथ भी उठाया, लेकिन कुछ लोगों ने इसे ऐसा करने से रोक दिया।

**कांग्रेसी नेताओं का आरोप, निदेशक के दलाल हैं डॉक्टर भुवन ज्योति और विनय कुमार सिंह :** आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि 20 लोगों को वार्ड अटेंडेंट के पद पर बिना किसी विज्ञापन और मौजूदा मंत्री इरफान अंसारी की अनुमति के ही बहाल कर दिया गया है। कांग्रेसी नेताओं और सुरक्षा कर्मियों ने आरोप लगाया कि डॉ भुवन ज्योति और विनय कुमार सिंह निदेशक डॉ जयति शिमलई के दलाल हैं और 2 वर्षों के भीतर इन लोगों ने लाखों की अवैध ढंग से कमायी की है। डॉ भुवन ज्योति करीब एक दर्जन विभागों के प्रभारी पदाधिकारी है। इसकी जानकारी होते ही सोमवार को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजर खान और लालचंद सोनी के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता और वर्षों से संस्थान में कार्यरत निजी सुरक्षा प्रहरियों ने घेराव कर दिया। उग्र होकर जोरदार नारेबाजी करते हुए अविलंब गलत ढंग से रखे गये लोगों को कार्य से हटाने की मांग करने लगे। इस बीच सुरक्षा प्रभारी डॉ भुवन ज्योति वहां पहुंचे। उनको देखते ही गार्ड नारेबाजी करने लगे। उनकी किसी बात पर वे इतने नाराज हो गये कि नौबत धक्का मुक्की तक पहुंच गयी।


### विधायक सुरेश कुमार बैठा ने डॉ भुवन ज्योति और लेखापाल विनय कुमार सिंह को लगायी फटकार

आंदोलन की जानकारी पाकर विधायक सुरेश कुमार बैठा भी घेराव कर रहे गार्डों के पास पहुंचे। उन्होंने संस्थान के सुरक्षा पदाधिकारी डॉ भुवन ज्योति और लेखपाल विनय कुमार सिंह को बुलवाया। गार्डों ने विधायक को बताया था कि डॉ भुवन ज्योति, विनय सिंह और मनोज कुमार के कारण ही संस्थान में गड़बड़ी हो रही है। वे लोग खुलेआम एक से दो लाख की वसूली कर लोगों को आउटसोर्सिंग एजेंसी एवरग्रीन सर्विसेज के तहत अपने चेहते लोगों को बहाली कर अनुभव पत्र दिलाने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे स्थायी पद पर भविष्य में होने वाली बहाली में उनको लाभ मिल सके। आरोप लगाया कि एजेंसी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी उससे कार्य करवाया जा रहा है। उसकी आड़ में नर्सों और वार्ड अटेंडेंट की बहाली की जा रही है। इसके बाद विधायक सुरेश बैठा ने आंदोलनकारियों के समक्ष विनय सिंह को अविलंब मनमानी रोकने को कहा। कहा कि जल्द वार्ड अटेंडेंट और नर्सों के पदों को विज्ञापित करवाए। वार्ड अटेंडेंट के पद पर वर्षों से कार्यरत निजी सुरक्षा प्रहरियों को समायोजित करायें। चेतावनी देते हुए कहा कि सभी गार्डों को सरकार की ओर से दो जा रही पूरी राशि का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निदेशक उनसे मिलकर सारी बातों के संबंध में अपना पक्ष रखें। अब पहले की तरह किसी की मनमानी नहीं चलेगी। कहा कि उनको सारी गड़बड़ियों की जानकारी है। वे स्वयं विभागीय मंत्री से मिलकर उनको इससे अवगत कराने की बात भी कही। इसके बाद प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने पांच बिंदुओं वाला मांग पत्र निदेशक को सौंपा। इसमें अविलंब बहाल हुए 20 लोगों को हटाना, निदेशक डॉ जयति शिमलई, डॉ भुवन ज्योति, विनय सिंह और मनोज कुमार की आय की जांच कराते हुए रिनपास से जामताड़ा जिला स्थानांतरित करने की मांग शामिल है। घेराव और आंदोलन सुबह साढ़े दस बजे से एक बजे तक चला, लेकिन इस बीच संस्थान में प्रभारी निदेशक तथा उपनिदेशक आदि मौजूद नहीं थे। इधर हंगामे के बाद बहाल किये गये लोगों को तत्काल कार्य पर नहीं रखने का निर्देश दे दिया गया है।

# बलिदानी जीतराम बेदिया की जयंती पर देश सेवा का लिया संकल्प, वंशजों को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** बीसा में सोमवार को बलिदानी जीतराम बेदिया की 222वीं जयंती समारोह का आयोजन हुआ। मौके पर जीतराम बेदिया की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि जसपुरिया एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक जैलेंद्र कुमार, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, आजसू नेता आतिश कुमार महतो, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव थे। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि बलिदानी जीतराम बेदिया का एक चित्र संसद भवन में लगाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। साथ ही झारखंड सरकार जीतराम बेदिया की जीवनी स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करें। मौके पर जीतराम बेदिया के बलिदान को याद करते हुए देश सेवा का संकल्प लिया गया। आयोजन समिति के द्वारा बलिदानी जीतराम बेदिया के वंशज धनराज बेदिया व बृजलाल बेदिया को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संचालन कमल बेदिया व अशोक बेदिया ने किया। इस अवसर पर जोन्हा पंसस दिलीप बेदिया, बेदिया विकास परिषद के उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, बालेश्वर बेदिया, रामसाय मुंडा, जलनाथ चौधरी, संजय नायक, ब्रजकिशोर बेदिया, मुखिया मंजोती देवी, सबिता मुंडा सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित बेदिया, छत्रपति बेदिया, मंगल बेदिया, अशोक बेदिया, देवनारायण बेदिया, फागुराम बेदिया, संजय भोगता, एतवा, महावीर सहित अन्य उपस्थित थे। सीताडीह में भी बलिदानी जीतराम बेदिया की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, बुधराम बेदिया, भुवनेश्वर बेदिया आदि उपस्थित थे। सिंगारी बाजार टांड़ में बलिदानी जीतराम बेदिया की प्रतिमा पर सिल्ली विधायक अमित कुमार, जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, टाटी मुखिया रामानंद बेदिया, एतवा बेदिया, मुखिया सुमित्रा देवी, बीरबल, रिझुवा, हरदयाल, माया आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा को चुनाव प्रभारी बनाये जाने पर दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश में संगठन पर्व के अंतर्गत सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रहा है। इस अभियान के तहत संगठन का चुनाव भी निर्धारित है। भाजपा की केंद्रीय इकाई ने संगठनात्मक चुनाव के लिए प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। सोमवार को भाजपा टाटीसिलवे मंडल के पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद ने डॉ प्रदीप वर्मा को चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने डॉ वर्मा के नेतृत्व और अनुभव की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में संगठनात्मक चुनाव पारदर्शी और सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि डॉ प्रदीप वर्मा पार्टी के एक मजबूत स्तंभ है और उनके नेतृत्व में संगठन को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाने की क्षमता है। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे चुनाव अभियान में सक्रिय रूप से शामिल होकर संगठन को और मजबूत बनाएं। इस मौके पर पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। जिन्होंने डॉ. प्रदीप वर्मा को शुभकामनाएं दी और उनके नेतृत्व में संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## युवाओं के प्रेरणास्रोत बने पन्नालाल और जलेश महतो: अनुराधा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा प्रखंड की जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा ने सोमवार को आयोजित एक समारोह में पन्नालाल महतो एवं जलेश महतो को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मालुम हो कि पन्नालाल महतो पिता हरिपाल महतो, माता पंचमी देवी ग्राम साल्हन एवं जलेश महतो पिता राजाराम महतो, माता लालको देवी मानकी ढीपा टाटीसिलवे ने क्रमश यूजीसी नेट जीआरएफ (टीआरएल) 2022 तथा यूजीसी नेट 2024 की परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। मौके पर अनुराधा मुंडा ने कहा कि दोनों की इस उपलब्धि से क्षेत्र के लोग गौरवान्वित हैं। उनकी यह उपलब्धि खासकर युवा पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। कहा कि आज युवा पीढ़ी नशा की ओर अग्रसर हो रहा है तथा पढ़ाई से दूर भाग रहा है। युवा पीढ़ी को बचाने के लिए हम सबों को मिलजुलकर नशा के खिलाफ अभियान चलाना होगा। मौके पर युवा समाज सेवी रामसाय मुंडा, संजय नायक, संतोष महतो आदि मौजूद थे।

# जीतराम बेदिया के चित्र को विधानसभा में लगवाने का प्रस्ताव रखेंगे : अमित महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के बरवादाग पंचायत अंतर्गत मुसंगू जिरकी मैदान और टाटी पंचायत में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया की 222वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक अमित महतो थे। मौके पर अमित महतो ने देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद जीतराम बेदिया के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए कहा कि विधानसभा के अंदर अन्य स्वतंत्रता सेनानियों की तरह शहीद जीतराम बेदियाजी का भी चित्र लगवाने का प्रस्ताव आगामी विधानसभा सत्र में रखेंगे। कहा कि सिल्ली की जनता के हर सुख- दुख में वे शामिल हैं। उनकी हर समस्या का समाधान किया जायेगा। कार्यक्रम में सुरसू मुखिया श्रीमति सुमित्रा देवी, उपमुखिया बिरबल बेदिया, ग्राम प्रधान गणेश बेदिया, बालेश्वर बेदिया, पुष्पा देवी, सहीराम मुंडा, सुखराम बेदिया, चमनराम बेदिया, पूर्व मुखिया एतवा बेदिया, माया बेदिया, रिझुवा मुंडा, हरदयाल मुण्डा, दिनेश प्रजापति, बबलु महतो, जीतराम बेदिया, सीताराम बेदिया, सीताराम, तिवारी, भूषण आदि ने अहम योगदान दिया।

## पड़हा समाज की पारंपरिक व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखना हमारा कर्तव्य है : सुबोध कुमार लकड़ा



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होने की जरूरत है। आज समाज में एक जुटता नहीं होने के कारण आदिवासी समाज पिछड़ रहा है। उक्त बातें 10 पड़हा कटरमाली के अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहीं। वे 10 पड़हा कटरमाली के तत्वावधान में रविवार को बेड़ो प्रखंड केशा गांव के नदी किनारे में आयोजित जरिया, केशा व गड़गांव चचगुरा पड़हा समाज की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा पड़हा समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक व पारंपरिक व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। बैठक में मुख्य रूप से आदिवासी समाज की मृत आत्मा की शांति के लिए प्रत्येक वर्ष तीनों पड़हा गांव मिलकर एक साथ कुंडी में उतरते हैं और पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया जाता है। जिसे आदिवासी लोग कोहा बेंजा पूजा के नाम से भी जानते है, इस दिन गांव में काफी उत्साह रहता है, दुःख के साथ खुशी भी रहती है और पूर्वजों को याद किया जाता है। इस स्थल की सुंदरी करण के लिए अमीन बुला कर सीमांकन पहचानी किया गया।

# डीएवी स्कूल में रचनात्मक शिक्षण पर कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को रचनात्मक शिक्षण रणनीतियां और गतिविधि आधारित शिक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के ट्रेनर कोलकाता के देवकल्प घोष के द्वारा लिया गया। कार्यशाला में स्कूल के सभी शिक्षक सम्मिलित हुए। कार्यशाला में प्रशिक्षक देवकल्प घोष ने बतलाया कि रचनात्मक शिक्षण प्रणाली बच्चों में रचनात्मक सोच कौशल विकसित करने में मदद करता है। समस्या समाधान खेल और गतिविधियों का उपयोग करना बच्चों को बॉक्स के बाहर सोचने के लिए प्रेरित करने का एक शानदार तरीका है। देवकल्प घोष ने शिक्षकों के बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधि का आयोजन किया जिसे वे अपने कक्षाओं में उपयोग कर सकते हैं। वहीं स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि आज का समय बदल रहा है और समय के साथ पारंपरिक शिक्षण प्रणाली से आगे निकलकर अब शिक्षण प्रणाली में बदलाव लाने की आवश्यकता है क्योंकि बच्चों में एकाग्रता की कमी हो रही है इसीलिए रचनात्मक शिक्षण प्रणाली और गतिविधि आधारित शिक्षण प्रणाली में बच्चे गतिविधि कर सीखते हैं और उनमें सोचने की शक्ति बढ़ती है इसीलिए इस शिक्षण प्रणाली को स्कूल में लागू करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना बहुत आवश्यक है। कैलाश कुमार ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के प्रशिक्षक देवकल्प घोष और शुभम रूंगटा का धन्यवाद दिया कि उन्होंने स्कूल के शिक्षकों के लिए इतनी अच्छी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला हमारे स्कूल के शिक्षकों को बहुत लाभकारी होगा और उनमें नई शिक्षण प्रणाली की गुणवत्ता विकसित होगी जो हमारे स्कूल के बच्चों के लिए लाभकारी होगा।

## इटकी बंद समपार फाटक को खोलने को लेकर ग्रामीणों ने डीआरएम के समक्ष रखी अपनी मांग



**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन के पास के बंद समपार फाटक को खोलने और ओवर फ्लाई की मांग को लेकर ग्रामीणों की एक ग्यारह सदस्यों की टीम पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अगुवाई में रेलवे के डीआरएम एसके बांद्रा से मिले। ग्रामीणों ने जब अपनी मांग डीआरएम के समक्ष रखी, तो उन्होंने कहा कि रेल मंत्री ने देश के सभी समपार फाटक को बंद करने का निर्देश दिया है। इसी आदेश के तहत विभाग हमेशा के लिए समपार को बंद कर दिया है। लोगों के सहुलियत के लिए विभाग ने करोड़ों खर्च कर एक नहीं दो अंडरपास सड़क का निर्माण कराया है। इसके बावजूद अगर ग्रामीणों को परेशानी हो रही है, तो चार जनवरी को रेलवे विभाग के टेक्निकल टीम इसके विकल्प के लिए स्थल का सर्वेक्षण करने पहुंचेगी और लोगों के बेहतर विकल्प के साथ सुविधा जनक कार्य टेक्निकल टीम के सर्वेक्षण के बाद विभागीय प्रक्रिया पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने छात्र छात्राओं और लोगों के पैदल आने जाने के लिए समपार फाटक के निकट फुड ओवर ब्रिज निर्माण का अश्वासन दिया है। फ्लाई ओवर की मांग पर कहा कि रेलवे विभाग के पास उक्त स्थल पर पर्याप्त भूमि नही है। टीम में पूर्व उप प्रमुख उरूज अंसारी, मुखिया राजन किस्पोट्टा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इकबाल पम्मू, कुदुश अंसारी, खुर्शीद, फ्जले, इमरोज, अतिकुल सहित चार अन्य लोग शामिल थे।

# बेड़ोवासी महादानी मंदिर में मत्था टेककर मनाते हैं नववर्ष

**मन्नत पूरी करने के लिए प्रसिद्ध हैं महादानी बाबा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** नव वर्ष पर प्रखंड मुख्यालय बेड़ो के लोग महादानी बाबा के मंदिर में मत्था टेककर नव वर्ष मनाते हैं। इस बार साल का पहला दिन बुधवार को है। प्रत्येक वर्ष नए साल के आगमन पर महादानी मंदिर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार भी इसकी पूरी संभावना है कि हजारों लोग प्रथम दिन महादानी बाबा का दर्शन करेंगे। इस मंदिर के प्रति पूरे क्षेत्र में श्रद्धालु भक्तजनों का अटूट आस्था व विश्वास जुड़ा है। जहां पुराने साल की विदाई और नव वर्ष के आगमन में एक दिन से भी कम समय बचा है, जिसे लेकर आम लोगों में जश्न का माहौल है। नव वर्ष के आगमन के स्वागत और जश्न की तैयारी में लोग अपने-अपने तरह से जुटे हैं। रांची जिले के बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी बाबा का मंदिर शिव आस्था व विश्वास का बड़ा केंद्र है। इस ऐतेहासिक मंदिर के बारे में झारखंड के लोगों को बहुत कम जानकारी है। इसका निर्माण नौवीं शताब्दी में हुआ था। वहीं कुछ इतिहासकारों के अनुसार 1048 से 1100 ईसवी के बीच महादानी मंदिर की रचना हुई। भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर की अनुकृति में बना महादानी मंदिर में द्रविड़ व नागर शैली का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। पौराणिक कथा व दंत कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने खुद अपने हाथों से महादानी मंदिर की रचना की है। पुरातत्वविदों के शोध पत्र में महादानी मंदिर का निर्माण पाल वंश के शासक धर्मपाल के शासन काल के दौरान बताया गया है। वही बेड़ो कॉलेज के इतिहास विभाग के विद्वानों ने भी मंदिर की रचना पाल वंश के समय की बताते है। जबकी यह आज भी शोध का विषय बना हुआ है। यहां जनजातीय समुदाय के द्वारा आदि देव महादेव शिव की पूजा और संबंधित परंपराओं का इतिहास है। इस मंदिर की खास बात यह है कि यहां का पुजारी कोई पंडित न होकर गांव का पाहन है। जो आज भी आदिवासियों व स्थानीय लोगों के बीच महादानी मंदिर के प्रति आस्था व विश्वास कायम है। यहां प्रत्येक वर्ष महादानी मंदिर में शिव को नए चावल से बने पीठा का भोग चढ़ाकर ही लोग नई फसल का उपयोग करते हैं। जहां आज भी जनजातिय समुदाय का आस्था व विश्वास इस मंदिर से जुड़ा है। प्रत्येक वर्ष यहां हड़बोड़ी बूढ़ा जतरा का आयोजन होता है। इस दौरान हड़बोड़ी की परंपरा अनुसार पूजा अर्चना और पारंपरिक समाजिक नियम की अदायगी के बाद गांव के पहान की अगुवाई में ढ़ोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा, झंडा और दीप कलश के साथ शाम के समय में एक शोभायात्रा निकाली जाती है। जो आज भी प्रासंगिक है। सावन में पूरे एक महीने तक श्रृंगार पूजा के अलावे,दुर्गा पूजा, महाशिवरात्रि, रामनवमी,हड़बोड़ी जतरा के मौके पर इस शिवालय में शिव भगवान की आस्था की बयार बहती है।

### मन्नतें पूरी करते हैं महादानी बाबा

महादानी बाबा मंदिर शिव भक्ति का बड़ा केंद्र है। आज भी यह मंदिर भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था व श्रद्धा की मिसाल है। यह झारखंड के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर में शिवरात्रि व सावन के मौके पर बाबा भोले के दर्शनों के लिए भक्तगणों का तांता लगा रहता है। झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग इस मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते हैं। भक्तगणों का मानना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत बाबा पूरी करते हैं। वहीं मंदिर परिसर में स्थापित मां पार्वती, बजरंगबली व मां संतोषी की मंदिर है। और मां दुर्गा की भव्य मंदिर बनकर तैयार है।साथ ही विशालकाय बरगद, पीपल, आम व करम पेड़ के अलावा बहुत सारे फल फूल के अशोधीय पेड़ अत्यंत ही मनोरम है। वहीं इस मंदिर के नाम महादानी के नामकरण के पीछे लोक आस्था का पुट छिपा हुआ है। मान्यता व दंतकथा के अनुसार भगवान शंकर के दरबार में मन्नत मांगने पर मंदिर के मुहाने पर याचक को स्वंय बाबा भोलेनाथ की ओर से दिया जाता था। रात में मांगने पर सुबह में घरेलू सामग्री मंदिर परिसर में रखा हुआ रहता था। इसलिए कालान्तर में इस मंदिर का नाम महादानी पड़ा। वहीं यह भी चर्चा है कि एक आदमी द्वारा मन्नत मांगने, काम चलाने व सक्षम हो जाने के बावजूद जब इसे वापस नहीं किया गया। तब उस समय से यह परंपरा बंद हो गयी। इसके बाद भी पूरी भक्ति भावना के साथ पूजा अर्चना के बाद मन्नत मांगने से महादानी बाबा अपने भक्तों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। यहां मात्था टेकने और बाबा का आशीर्वाद पाने के बाद महादानी के दरबार से कोई निराश होकर नहीं लौटता है।

## बेड़ो में सवारी ऑटो के पलटने से तीन घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी बाजार मोड़ के समीप सोमवार की अपराह्न लगभग पौने चार बजे एक सवारी ऑटो के असंतुलित होकर पलटने से ऑटो पर सवार एक बच्चा समेत तीन घायल हो गये। घायलों में खीरदा बेड़ो निवासी 22 वर्षीय महिला सुमी कुज्जूर, 19 वर्षीय उषा कुज्जूर और ढाई वर्षीया अनूपा कुज्जूर शामिल हैं। तीनों घायलों को इलाज के लिए पीसीआर पांच के एएसआई भैया राम लकड़ा, सुलेचंद उरांव और सीताराम बड़ाइक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत की मुखिया अनिता बाड़ा और पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा बेड़ो सीएचसी बेड़ो पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## बेड़ो में दिव्य ज्योति कलश यात्रा का होगा आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आगामी तीन जनवरी से बेड़ो प्रखंड के दर्जनों गांवों में दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रथयात्रा शांति कुंज हरिद्वार से प्रस्थान कर रांची जिला के विभिन्न क्षेत्रों से परिभ्रमण करते हुए तीन जनवरी को बेड़ो पहुंचेगी। इसके बाद तीन जनवरी से छह जनवरी तक यह रथयात्रा बेड़ो प्रखंड के जरिया, बैरटोली, हरहंजी,पंडरा, जमुनी, जहानाबाज, ईंटा चिल्द्री, करांजी, खत्रीखटंगा, दिघिया, तुको, खुखरा, चनकोपी, भैंसादोन, दरशिला, पहाड़कंडरिया, मुरतो, बलरामपुर, ईडरी, महुगांव, टेरो, पाकलमेड़ी, बारीडीह व बेड़ो पहुंचेगी। जहां पूजा अर्चना, आरती व दीप यज्ञ किया जायेगा। वहीं चार जनवरी को समाजसेवी दीपक सिंह की अगुवाई में महादानी मंदिर परिसर में दीप यज्ञ और भंडारा का आयोजन किया जायेगा। वहीं सात जनवरी को यह रथयात्रा मांडर प्रखंड के लिए प्रस्थान करेगी।

## तीन किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किया गया



छतरपुर (आजाद सिपाही)। छतरपुर अनुमंडल के छतरपुर प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को प्रखंड स्तरीय रवि फसल के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने किया। प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार ने आत्मा और कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तारपूर्वक बताया। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने भूमि संरक्षण से संबंधित योजना, गव्य विकास की योजना के बारे में किसानों को जानकारी दी। इस मौके पर प्रमुख, उप प्रमुख के द्वारा तीन किसानों युगेश्वर यादव कउवल, जितेंद्र महूगाईं, मिथिलेश यादव डुमरिया को स्वायल हेल्थ कार्ड वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों के अलावा जनसेवक संतोष, पंचायत सेवक, एचडीएफसी, एर्गो फसल बीमा के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### चैंबर महिला विंग ने किया 'महिला हुनर हार्ट 2025' का आयोजन

# भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना ही लक्ष्य : प्रियंका

**प्रथम महापौर की प्रेरणा से महिलाओं और युवाओं के हुनर को प्रोत्साहित करना उद्देश्य : शिखा अग्रवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** गांधी उद्यान में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज लेडीज विंग द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया कि मेदिनीनगर शहर में पहली बार प्रथम महापौर अरुणा शंकर के मार्गदर्शन में 12 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रविवार को गांधी उद्यान में बड़े शहरों की तर्ज पर युवाओं एवं महिलाओं के हुनर को बढ़ावा देने के लिए चैंबर महिला विंग द्वारा 'महिला हुनर हार्ट 2025' का आयोजन किया जा रहा है, जहां ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं द्वारा बनायी जाने वाली पारंपरिक अच्छे-अच्छे व्यंजन का लुफ्त निगम वासी उठा सकेंगे। चेंबर महिला विंग की अध्यक्षा प्रियंका सिंघानिया ने बताया कि मेले में पारंपरिक व्यंजन के साथ-साथ पलामू के ग्रामीण और शहरी इलाकों में छिपे हुनर को निखारना और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में 10 वर्ष से 18 वर्ष तक की छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति से जुड़ी डांस शो, 1 वर्ष से 4 वर्ष तक के बच्चों का तीन भाग में बेबी रैंप शो, रोज (गुलाब) शो, डॉग शो, 18 वर्ष तक के बच्चों का स्केटिंग शो, 18 वर्ष से 30 वर्ष तक के युवाओं का बेस्ट फिजिक शो बाई जिम, भारतीय परिधानों का बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 18 वर्ष से 25 वर्ष तक के युवा युक्तियों के लिए मिस्टर एंड मिस मेदिनीनगर का भी आयोजन किया गया है।

संस्था की सचिव शिखा अग्रवाल ने बताया मेले को रोचक बनाने के लिए तंबोला के साथ-साथ लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया है जिसे हर एक घंटे निकाला जायेगा और हर घंटे बंपर उपहार दिया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ हमारी पारंपरिक नागपुरी झूमर से होगा और समापन राजस्थानी घूमर (कालबेलिया डांस) से करने का निर्णय लिया गया है।

एग्जीक्यूटिव सदस्य संध्या जायसवाल ने बताया कि स्टॉल की बुकिंग और कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्याशियों का रजिस्ट्रेशन 2 तारीख से 7 तारीख तक किया जायेगा। इसमें मात्र 100 स्टॉल बनाए जा रहे जिसमें लगभग 60 स्टॉल पहले से ही आरक्षित है साथ ही हर कार्यक्रम हेतु पार्टिसिपेंट सीमित है जो पहले रजिस्ट्रेशन करायेंगे, उन्हें ही अपने हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। स्टॉल और प्रतिभागियों का एंट्री फी 2 तारीख से 7 तारीख तक मोबाइल नंबर 8409669151 पर जानकारी लेने के उपरांत रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

### चैंबर महिला विंग सदस्यता हेतु आमंत्रण

पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने शहर के व्यावसायिक गतिविधियों में लगी बहनों को चेंबर महिला विंग से जुड़ने हेतु सदस्यता लेने का अनुरोध किया साथी ही कहा कि अभी हमारी एग्जीक्यूटिव कमिटी ने मात्र 25 नयी महिला सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इच्छुक बहनें 8 जनवरी तक 8409669151 नंबर पर मुझसे संपर्क कर सदस्य बन सकती है ताकि उनकी भागीदारी भी मेले में सुनिश्चित की जा सके।

### गुजरात में आयोजित इस्कू इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में

## तोलरा की बिटिया ने लहराया परचम




**आस्था ने दो वर्गों में लिया हिस्सा एक में गोल्ड तो दूसरे में जीता सिल्वर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत तोलरा गांव की बिटिया आस्था ने गुजरात के अहमदाबाद ट्रांसटैडिया स्टेडियम में आयोजित 19वें इस्कु इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में अपना परचम लहराया है। आस्था ने इस चैंपियनशिप के दो वर्गों में हिस्सा लिया था। जिसमें एक में उसने गोल्ड और दूसरे में सिल्वर मेडल जीता। आस्था ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी है। उसके पिता दीपक तिवारी पुलिस बल में कार्यरत हैं। वर्तमान में वे पुलिस महानिदेशक के रांची कार्यालय में पदस्थापित हैं। उन्होंने बताया कि आस्था खेल प्रतियोगिताओं में बचपन से ही रुचि रखती थी। उसने कराटे में अब तक दर्जनों मेडल जीता है। आस्था का सपना है कि वह देश के लिए खेले। इधर आस्था के इस सफलता पर पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। कई लोगों ने उसे बधाई दी है। बधाई देते वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, प्रमुख रंभा देवी, उपप्रमुख सतेंद्र सिंह, रविशंकर चौबे, प्रवीण मिश्रा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू शुक्ला, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, सुमंत तिवारी, नेत्री नूतन देवी सहित कई लोगों का नाम प्रमुख है।

# चारधाम मंदिर परिसर में श्रीरामलीला संपन्न, रामभक्तों को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर स्थित चारधाम मंदिर परिसर में आयोजित श्रीरामलीला मंचन कार्यक्रम रविवार की देर रात संपन्न हो गया। रविवार को उत्तर प्रदेश प्रयागराज क्षेत्र के रामायण मंडल के धर्मदेव जी ब्यास व उनके मंडली द्वारा प्रभु श्रीराम के जीवंत चित्रण की प्रस्तुति की गयी। कलाकारों ने रावण वद्ध व प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक के साथ ही श्रीरामलीला का यह कार्यक्रम संपन्न किया गया। प्रस्तुत श्रीराम के जीवंत अभिनय से दर्शक भाव विभोर व मंत्रमुग्ध हो गए। श्रीराम के जयकारा से क्षेत्र भी पूरा राममय हो गया। श्रीरामलीला देखने जुटे रामभक्तों ने जय श्रीराम का जयकारा लगाकर कलाकारों को प्रोत्साहित किया। रविवार को रामायण मंडल के धर्मदेव जी ब्यास व उनके मंडली को चारधाम मंदिर पूजा समिति द्वारा अंग वस्त्र आदि भेंट कर विदाई दी गयी। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि श्रीरामलीला प्रभु श्रीराम का जीवंत चित्रण है। यह हमें राम राज के साथ साथ संस्कृति, पौराणिकता व बुराई पर अच्छाई की जीत का बोध कराता है। सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल ने रामायण मंडली द्वारा प्रस्तुत श्रीराम के जीवन अभिनय को सराहनीय बताया। कहा कि श्रीरामलीला में हुए जीवंत चित्रण से हमसभी को सिख लेने की जरूरत है। चारधाम मंदिर समिति अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया कि श्रीरामलीला का आयोजन में सभी ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। मौके पर धर्मदेव जी ब्यास, यश मिश्रा, रमाकांत चौबे, राज कुमार, विनोद चौरसिया, हरिओम बाबा, लवकुश बाबा, सुशील, केशव प्रसाद बाबा, राजेंद्र पटेल, ललन, सुरेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# एमकेडीएवी के साहिल एसजीएफआइ में राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे प्रतिभाग

**राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले डीएवी के बने पहले खिलाड़ी**

**आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में यह स्वर्णिम अवसर परिश्रमी एवं सौभाग्यशाली छात्रों को ही प्राप्त होता है : डॉ जीएन खान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** एक से 8 जनवरी 2025 तक तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में आयोजित होने वाले स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयु वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल ओपन साइट प्रतियोगिता में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के 12वीं कक्षा के छात्र साहिल राज सुपुत्र संजय कुमार प्रतिभाग करने जा रहे हैं। साहिल राज का चयन डीएवी कालेज प्रबंधक कर्तृ समिति दिल्ली की ओर से किया गया है। इनका चयन डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत आयोजित प्रतिस्पर्धा में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक प्राप्त करने के आधार पर हुआ। डीएवी के अनेक विद्यालयों के खिलाड़ियों में से साहिल राज के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें यह गरिमा पूर्ण उत्तरदायित्व सौपा गया, जो संपूर्ण झारखंड पलामू एवं एमकेडीएवी परिवार को गौरवान्वित करने वाला है। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डां जीएन खान ने साहिल को बधाई और अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया भारत सरकार के खेल मंत्रालय के अधीन एक संस्था है जो छात्रों में खेलकूद के विकास को प्रमाणित और प्रोत्साहित करती है। प्राचार्य ने साहिल राज और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उनको आगामी प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन की शुभकामना दी। उन्होंने बताया कि साहिल राज आज 30 दिसंबर 2024 को विद्यालय के खेल शिक्षक मयंक सिंह के साथ हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान


चार पहिया वाहन की जांच करते पुलिस।

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नये साल के आगमन और पिछले वर्ष की विदाई से पहले अपराधों पर नियंत्रण को लेकर पलामू एसपी के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना के एसआई सुवोध कुमार के नेतृत्व में हुसैनाबाद के पटेल चौक पर पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम और नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना था। बिना हेलमेट के सड़कों पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पुलिस ने कड़ी फटकार लगायी और उन्हें अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की सलाह दी। पुलिस ने यह भी कहा कि हेलमेट पहनना न केवल कानून का पालन करना है, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा का महत्वपूर्ण उपाय भी है। पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि लोग कानून का पालन करें और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, वनभोज का भी उठाया लुफ्त



विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। महुगाईं दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में बच्चे बेतला नेशनल पार्क,केचकी संगम सहित कई ऐतिहासिक व पर्यटन स्थल पर गये। जहां उन्होंने प्राकृतिक चीजों को नजदीक से देखा और ऐतिहासिक चीजों के बारे में गहनता से जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने वनभोज का भी लुफ्त उठाया। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में सामान्य ज्ञान तो विकसित होता है,साथ ही बाह्य प्रतिभा भी निखरता है। भ्रमण में बच्चों के साथ प्राचार्य तृप्ति मिश्रा, उप प्राचार्य शैली कुमारी, शिक्षक नेहा वर्मा, नीतीश कुमार, दिलीप, पूजा कुमारी, प्रमोद, अलका कुमारी, संतोष सिंह, वीरेंद्र नागेंद्र, कुंदन, सुनील सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## छतरपुर अंचल में जमीन माफिया का आतंक न्याय के लिए भटक रहे लाचार और बेबस लोग

छतरपुर (आजाद सिपाही)। पलामू जिला के छतरपुर अंचल में जमीन माफियाओं के बढ़ते आतंक और प्रशासनिक लापरवाही ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। यहां के लोग अपनी पुश्तैनी जमीन को बचाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। न्यायालय में लंबित मामलों के बावजूद, अंचल के कुछ पूर्व अधिकारियों द्वारा अवैध रूप से म्यूटेशन किए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। यहां तक कि जिनकी जमीन पूरी तरह वैध है और जिनकी रजिस्ट्री हो चुकी है, उन्हें भी म्यूटेशन करवाने के लिए भारी रकम का भुगतान करना पड़ रहा है। बिचौलियों के माध्यम से अधिकारियों को मोटी रिश्वत दी जाती है, तब जाकर म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी होती है। जो लोग रिश्वत देने में असमर्थ हैं, उनके म्यूटेशन को तीन से चार सालों तक लंबित रखा जाता है। कुछ मामले तो प्रशासनिक तंत्र और न्याय प्रणाली की विफलता को साफ-साफ उजागर करते हैं। यह स्थिति न केवल लोगों के अधिकारों का हनन कर रही है,बल्कि न्याय व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है। लोगों की इस पीड़ा को सुनने और समाधान देने के लिए प्रशासन को तत्परता से कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, जिम्मेदार अधिकारियों और जमीन माफियाओं के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

## रबी फसल कार्यशाला का आयोजन




हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। कृषि क्षेत्र में खेती को आकर्षक बनाने के उद्देश्य से सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित रबी फसल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इससे पहले बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं योजना से संबंधी बीडीओ द्वारा कृषक मित्रों से पूछे जाने पर असमर्थ दिखे। इससे साबित होता है कि कृषक मित्र को खेती करने की आधुनिक तौर तरीके की जानकारी नहीं है। इस हाल में किसानों को कम लागत में अधिक उपज का लाभ कैसे मिल सकता है। यह स्थिति कृषि विभाग के ऊपर गंभीर सवाल खड़ा करता है। जबकि बीते पांच साल से समय समय पर जिला और प्रखंड स्तर पर कृषक मित्रों को कार्यशाला तथा पाठशाला आयोजन कर कृषि से संबंधित कई जानकारियां दी जाती रही है। वहीं बीएओ और बीटीएम ने किसानों को कम समय और कम लागत में अधिक लाभ के लिए मोटे अनाज मक्का, मडूआ आदि की खेती करने का प्रोत्साहित किया। मौके पर बीएओ बृजेश कुमार, बीटीएम सुशील कुमार मिश्रा, बीपीएम मुकेश कुमार, मुखिया विनय सिंह, सीसी अरविंद कुमार, आईपीआरपी जितेंद्र कुमार, ममता कुमारी, सरिता देवी, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, अखिलेश मेहता, सुरेंद्र गुप्ता, रामनंदन यादव कई कृषक मित्र और किसान उपस्थित थे।

# प्रकृति से करीब और सामाजिक रिश्तों को सुदृढ़ बनाना ही पिकनिक का मुख्य ध्येय: अविनाश देव

**नव वर्ष के स्वागत में संत मरियम के शिक्षकों के लिए पिकनिक का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** साल 2024 किसी के लिए सुखद रहा तो किसी के लिए दुखद भी। किसी ने क्या खूब लिखा है, अंधकार है छाया घना डरकर इससे रोना नहीं,

*अदम्य साहस भरा तुझमें*
*धीरज अपना खोना नहीं,*
*उजियारा जग में फिर आएगा*
*वक़्त ही तो है, गुजर जाएगा।*

साल 2024 को लोग विदा कर 2025 के स्वागत के लिए काफी उत्साहित है जिसे लेकर संत मरियम विद्यालय के तत्वाधान में समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए पिकनिक का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उप्राचार्य एसवी साहा समन्वयक समेत समस्त वरिष्ठ शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक साथ बैठकर लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया, वहीं लॉर्ड स्पीकर में बज रहें प्रेरक गीतों पर झूमने के साथ-साथ वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बैलून ब्लास्ट, कबड्डी जैसे कई खेलों का आनंद भी लिया। उक्त मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि यह पिकनिक क्षण भर की मस्ती के लिए आयोजित नहीं की गयी है बल्कि यह पल अपनी विश्लेषण परख प्रवृत्तियों से जीवन को विश्लेषित कर व विगत वर्षों में घटित आपदाओं को अवसर समझकर नई ऊर्जा, नई सोच के साथ नववर्ष में प्रवेश करने का समय है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा से नव वर्ष की उत्साह में प्रकृति के गोद में बैठकर खुशियां मनाते हैं ताकि हम प्रकृति के करीब रहकर हम बहुत सारी चीजें सीख सके, क्योंकि कुदरत ने हमें प्राकृतिक के रूप में जो नवाजी है वह हमें जीवन जीने के संपूर्ण कला को सिखाती है। वहीं देवम इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन के अकादमी मुख्य यूएस चौबे ने कहा कि इस विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सामंजस्य व स्नेह देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस विद्यालय के शिक्षा रूपी मुख्य धारा के प्रवाह में जिस तरह से समस्त शिक्षक धारा बनकर बह रहे हैं आने वाले समय में पलामू के शिक्षा जगत में संत मरियम शिक्षा का सागर बनकर उभरेगा। मौके पर देवम इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन के प्रबंधकीय निदेशक आरएन सिंह, प्रवीण दुबे, अमरेंद्र, अचला, रिजवाना परवीन, रोशन राज, निकिता, विकास, राजेश, जितेंद्र के साथ-साथ सैकड़ों शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट 184 रन से हार गयी है। इस हार के बाद टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ गयी है। आखिरी मुकाबला सिडनी में 3 जनवरी से खेला जायेगा।

# मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 13 साल बाद हराया

## 2024 में रोहित 16 बार सिंगल डिजिट में आउट, बुमराह के सीरीज में 30 विकेट

एजेंसी

**मेलबर्न।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से हरा दिया। मेलबर्न में भारतीय टीम को 13 साल बाद पराजय का सामना करना पड़ा है। टीम ने आखिरी सेशन में 7 विकेट 20.3 ओवरों में गंवा दिए। 340 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 155 पर सिमट गयी। सोमवार को कई रिकॉड्र्स बनें।

**1. मेलबर्न में 13 साल बाद हारा भारत :** मेलबर्न में भारत को 13 साल बाद हार का सामना करना पड़ा हैं। भारत को इस मैदान पर आखिरी हार 2011 में मिली थी। 2014 में टीम ने कंगारुओं के खिलाफ ड्रॉ कराया था।

**2. एक साल में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन :** 2024 में यशस्वी जायसवाल भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज है। उन्होंने 2024 में अब तक 1478 रन बना दिए हैं। सूची में पहले पायदान पर सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 2010 के साल में 1562 रन बनाए थे।

**3. 2024 में सिंगल डिजिट में आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 2024 में 16 से ज्यादा बार 10 से कम के स्कोर पर आउट हुए हैं। रोहित ने इस साल 15 टेस्ट इनिंग में 10.93 की औसत से रन बनाए हैं। दूसरे पायदान पर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली है, जो 15 बार सिंगल डिजिट के स्कोर को पार नहीं कर सके हैं।



**4. SENA देशों में सबसे ज्यादा 5 विकेट (भारतीय बॉलर्स):** साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया देशों में बुमराह ने सबसे ज्यादा 9 बार 5+ विकेट लिए हैं। ऑलराउंडर कपिल देव ने 7 बार ये कारनामा किया है। वह लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं।

**5. एक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट (भारतीय बॉलर्स) :** जसप्रीत बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में अब तक 30 विकेट ले चुके हैं। वह किसी एक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। पहले नंबर पर कपिल देव हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 1979 में 32 विकेट लिए थे। हालांकि बुमराह के पास इस लिस्ट में कपिल देव से आगे निकलने का मौका है। सीरीज के आखिरी मैच में वह आगे निकल सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से हराया, सीरीज में 2-1 से आगे

एजेंसी

**मेलबर्न।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट 184 रन से हार गयी है। इस हार के बाद टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ गयी है। आखिरी मुकाबला सिडनी में 3 जनवरी से खेला जायेगा।

मेलबर्न में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए 340 रन का टारगेट दिया था, लेकिन भारतीय टीम आखिरी पारी में 155 रन ही बना सकी। टीम ने एक समय 3 विकेट खोकर 120 रन बना लिए थे और एक सेशन बाकी था। ऐसे में मुकाबला ड्रॉ की ओर



जाता दिख रहा था, लेकिन ऋषभ पंत (30 रन) के आउट होने के बाद भारत ने 34 रन बनाने में आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। 71वें ओवर में यशस्वी जायसवाल (84 रन) थर्ड अंपायर के विवादित फैसले पर आउट हुए। उन्हें फील्ड अंपायर ने नॉटआउट दिया था। जब जायसवाल का विकेट गिरा, तब भारत को मैच ड्रॉ कराने के लिए 22 ओवर खेलने थे और 3 विकेट बाकी थे। ऐसे में यहां भारत मैच ड्रॉ करा सकता था, लेकिन यशस्वी के विकेट के बाद भारत का लोअर ऑर्डर (आखिरी 3 बैटर्स) बिखर गया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in
11

# विश्वकर्मा वर्कशॉप में खाकी प्रसाद के सेना वृत्त होने पर विदाई समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** जमसं कुंती गुट के कुसुंडा क्षेत्रीय अध्यक्ष सह शावेल आपरेटर खाकी प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर विश्वकर्मा वर्क शोप मे सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां जमसं के पदाधिकारियों और बीसीसीएल अधिकारियों ने इन्हें शाल ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी। इसके अलावा उन्हें अटैची, कपड़ा, टार्च, घड़ी सहित अन्य सामग्री प्रदान किया।

इस कार्यक्रम मे बतौर अतिथि के रूप मे मौजूद कुसुंडा कुछ क्षेत्रीय अभियंता महाप्रबंधक एके सिंह और विश्वकर्मा परियोजना के पीओ संजय कुमार ने कहा कि खाकी विश्वकर्मा में एक सकुशल शावेल आपरेटर थे। वे हमेशा बीसीसीएल के उत्पादन मे हमेशा गंभीर रहते थे। हमेशा प्रबंधन और मजदूर के बीच सामंजस्य बनाकर रखते थे। इधर जमसं के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय सचिव अरविंद सिंह ने कहा कि खाकी युनियन में रहकर मजदूरों के हीत की लड़ाई लड़ते थे। इनके सेवानिवृत्त होने से कुसुंडा के पूरा बीसीसीएल परिवार मे मायुसी है। इनकी कमी हमेशा खलती रहेगी। संचालन बलवंत सिंह, अध्यक्षता अरविंद सिंह ने की।मौके पर प्रबंधन की ओर से प्रबंधक आशीष रंजन, अभियंता केशव कुमार, सेफ्टी आफिसर केके दलई और संयुक्त मोर्चा के कमलेश, लालबिहारी, तारकेश्वर, अवधेश सिंह, सुनिल साह, राजेश चौहान, महादेव यादव, कुवर सिंह सहित अन्य थे।

# लिलोरी स्थान में सरकारी जमीन कब्जा करने को लेकर दो गुटों में हुई झड़प

**सरकारी जमीन में पाठा छिलने और धर्मशाला बनाने को लेकर शुरू हुआ विवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** कतरास के लिलोरी मंदिर के समीप कतरी नदी के सीढ़ी घाट के किनारे सरकारी जमीन को कब्जा करने को लेकर दो गुटों के बीच झड़प हो गया। एक गुट की ओर से विशाल महतो, रमेश महतो, टिंकू महतो, अंजना देवी, जादू महतो आदि का कहना था कि वे लोग वर्षों से उक्त सरकारी जगह में मंदिर में बली दिए हुए पाठा को छिलकर अपनी आजीविका चलाते हैं और बगल के परती जमीन को साफ सुथरा रखने का काम करते हैं। दूसरे पक्ष के अजय महतो, पप्पू महतो, अजीत महतो एवं अन्य लोग हमारे कब्जे के जमीन को छीनकर धर्मशाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जब इसका विरोध किया तो अजय महतो, बिजय महतो, अजीत महतो, पप्पू महतो और अन्य लोगों ने हमलोगों के साथ मारपीट किया।

वहीं दूसरे पक्ष के अजय महतो, बिजय महतो, अजीत महतो, पप्पू महतो ने कहा कि यहाँ का जमीन सरकारी है। हमलोग भी बगल में अपना रोजगार करना चाहते हैं। मारपीट की बात गलत है। अगर हमको रोजगार करने का अधिकार नहीं है तो दूसरा को कैसे है। सरकार को चाहिए कि सरकारी जमीन को अपने कब्जे में ले लें। बता दे कि पाठा छिलने के दुकान से सटकर एक सरकारी ( महिलाओं के कपड़ा बदलने का कमरा) जिला परिषद के द्वारा वर्ष 2000-2001 में बनाया गया था। वर्तमान में उक्त सरकारी कमरा से सटा कर अवैध रूप से एक विशालकाय धर्मशाला बना लिया गया है। लोगों ने बताया कि अगल बगल का पूरा निर्माण सरकारी जमीन पर हुआ है। अब यह जांच का विषय है कि लिलोरी मंदिर के आसपास कहां-कहां सरकारी जमीनों पर किस किस ने अवैध कब्जा कर अवैध रूप से धर्मशाला और दुकान बनाया है। बता दे कि बाघमारा के कई हिस्से में सरकारी जमीनों की लूट धड़ल्ले से जारी है। जिम्मेदार अधिकारियों की खामोशी से करोड़ो की जमीनें लूटी जा रही है। इधर एक पक्ष की ओर से विशाल महतो, टिंकू महतो, जादू महतो, अंजना देवी, ममता देवी, ललिता देवी, रजनी देवी, कुंती देवी, रेखा देवी, मंजू देवी, गायत्री देवी, गुड़िया देवी आदि ने घटना की लिखित शिकायत कतरास थाना से की है। वहीं मामले को लेकर कतरास थाना प्रभारी ने बताया कि एक पक्ष की ओर से शिकायत मिला है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# डॉ मनमोहन सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



**झरिया (आजाद सिपाही)।** जामाडोबा कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के आवासीय कार्यालय राष्ट्रीय कोलयरी मजदूर यूनियन कार्यालय में आर्थिक नीति के नायक पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजली सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की गयी सर्वप्रथम दो मिनट का मौन रखा गया तत्पश्चात उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। वक्ताओं ने कहा शिक्षक से लेकर प्रशासक तक उन्होंने राष्ट्र सेवा के लिए अपने आप को समर्पित कर दिया उदारीकरण निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को लागू किया। जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिली और देश आर्थिक संकट से बाहर निकाला और वैश्विक मंच पर एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ उनकी सेवाओं के लिए उन्हें पद्म भूषण से लेकर फाइनेंस मिनिस्टर ऑफ द ईयर और विदेशों से भी कई अवार्ड का खिताब दिया जा चुका है। मुख्य रूप से मुख्तार खान, संतोष महतो, कयूम खान, भगवान दास, अक्षवर प्रसाद संतोष चौधरी सतपाल सिंह ब्रोका, फैज अहमद रिजवी, शिव शंकर सिंह, सकलदेव सिंह एजाज मौजूद आलम भोलानाथ सिंह सुरेंद्र रामधारी, विक्की कुमार, रामानुज दे, मोंटी सिंह, मानिक चंद्र, हीरालाल नोनिया, प्रकाश कुमार सिंह, मनजीत कुमार नोनिया, कौशल सिंह, सुरेश कुमार महतो, अवधेश यादव, सोनू सिंह, ने सुखदेव सिंह, गौरव कुमार सिन्हा, के अलावा सैकड़ो कि संख्या में कांग्रेस के नेता गण कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

# एमजीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल-कूद का आयोजन



खेल-कूद के आयोजन से विद्यालय में बढ़ी सामूहिक भावना : संतोष महतो

**महुदा (आजाद सिपाही)।** एमजीएम पब्लिक स्कूल चरकीटांड में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झामुमो युवा नेता दिनेश महतो और पूर्व जिला परिषद सदस्य संतोष कुमार महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में जैसे क्रिकेट, दौड़, कबड्डी, खो-खो, जलेबी रेस, वालीबॉल, बैडमिंटन, मेंढक रेस, आदि और अन्य प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर अपनी कड़ी मेहनत और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। जिन्हें कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने पुरस्कार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया और विद्यालय प्रशासन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। विद्यार्थियों के उत्साह और प्रदर्शन ने समारोह को यादगार बना दिया। अंत में, प्रधानाचार्य प्रेम महतो ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और आगे भी ऐसे आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में टीमवर्क, नेतृत्व और अनुशासन की भावना विकसित होती है। उन्होंने बच्चों को खेलों के महत्व और शारीरिक फिटनेस के लाभ के बारे में कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिंगड़ा पंचायत मुखियां सूर्यकांत महतो, बागड़ा पंचायत की मुखिया सावित्री देवी, स्कूल के सचिव अजय कुमार महतो, जेपीएस के प्रधानाचार्य सचिन महतो, समाजसेवी विक्रम जसवाल, बिनोद बिहारी महतो इंटर कॉलेज के प्राचार्य कार्तिक महतो, भगत सिंह स्कूल के प्रधानाचार्य दिनेश राय, युधिष्टिर महतो, शमीम अंसारी, गोविंद महतो, अनुज महतो, विवेक महतो, शिक्षिकाओं में रिंकू, भारती, लिलू, संगीता, किरण, गीता आदि शामिल थे।

# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर एसी ने की सुनवाई



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। मामलों पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने की सुनवाई, ऑन स्पॉट दर्जनों मामलों का निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, डीपीएलआर, जिला भू-अर्जन विभाग, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।


## समाहरणालय, लातेहार

(भू–अर्जन शाखा)

समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना

(देखें नियम 6 का उप–नियम(1))

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक– 07.06.2024 के द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक हेतु ग्राम–डडैया चादर–I में भूमि का रकबा–**215.44** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :– राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक मौजा– डडैया अंचल–चन्दवा जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :– डडैया चादर–I थाना नं0–247 राजस्व, थाना–चन्दवा पुलिस स्टेशन–चन्दवा, जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 161 | डडैया चादर–I | 37 | 170 | टांड़ दो | 0.34 | 0.34 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 162 | डडैया चादर–I | 37 | 171 | मकान मय शहन | 0.10 | 0.10 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– दक्षिण– |
| 163 | डडैया चादर–I | 37 | 173 | धान दो | 0.16 | 0.16 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– निज दक्षिण– रास्ता |
| 164 | डडैया चादर–I | 37 | 174 | धान दो | 0.02 | 0.02 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– निज दक्षिण– निज |
| 165 | डडैया चादर–I | 37 | 175 | धान दो | 0.06 | 0.06 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– निज दक्षिण– रामचरण उरांव |
| 166 | डडैया चादर–I | 37 | 184 | पुरानी परती गैर काविल आवाद | 0.03 | 0.03 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– दक्षिण– |
| 167 | डडैया चादर–I | 37 | 185 | टांड़ दो | 0.10 | 0.10 | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | दुलारी देवी, पिता–श्यामनारायण उराँव अठारह अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात सुमित्री कुँवर वो मुस्मात रधुआ, पति–टीपू उराँव दो अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व रामचरन उराँव, पिता–टिपू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व एतवा उराँव वो दीपन उराँव वो नन्दलाल उराँव, पिता–नन्हकू उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व सुर्या उराँव, पिता–चोटना उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व मुस्मात तेतरी उराइन, पति–लक्ष्मन उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व ओली उराँव, पिता– साहिवू उराँव एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व जगु उराँव वो करमा उराँव वो धरमा उराँव, पिता–भिखी उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व धौउस वो शितल उराँव, पिता–रतिया उराँव एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम पत्रालय होलन व बदरी उराँव, पिता–बिरसा उराँव | उत्तर– दुलारी सिंह दक्षिण– पुरानी परती |

PR 343145 Land Reforms(24-25)D

ह0/– उपायुक्त, लातेहार।

# अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में किट की महिला टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया

**किट ने 10 पदक जीते और भारत के सबसे भव्य विश्वविद्यालय खेल उत्सव में किट एथलीटों ने दो नएये मीट रिकॉर्ड बनाये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शानदार अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (पुरुष और महिला) 2024-25 का आज समापन हो गया। 26 दिसंबर, 2024 को ङक्क्क्ळ विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नयी दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित एक रोमांचक पांच दिवसीय टूर्नामेंट के बाद, इस मेगा खेल आयोजन में भारत भर के 400 से अधिक विश्वविद्यालयों के 6,000 से अधिक एथलीटों, कोचों और अधिकारियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए, किट विश्वविद्यालय ने कुल 10 पदक जीते, जिनमें पांच स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य शामिल हैं। उल्लेखनीय रूप से, किट एथलीटों द्वारा दो नये मीट रिकॉर्ड स्थापित किय गये, जो चैंपियनशिप के दौरान बनाये गये 11 नये मीट रिकॉर्ड में शामिल हैं। समापन समारोह में किट, किस और किमस के माननीय संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत उपस्थित थे, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी की जिम्मेदारी किट को सौंपने के लिए भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआइयू) के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रो सामंत ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों के लिए एथलीटों के चयन के लिए एक मंच के रूप में टूर्नामेंट के महत्व पर प्रकाश डाला। समापन समारोह में उपस्थित सम्मानित गणमांय व्यक्तियों में थे। मार्टिन ओवेंस, हेड कोच, रिलायंस एथलेटिक्स हाई-परफॉरमेंस सेंटर, कैप्टन (सेवानिवृत्त) दिनेश सूरी, सीओओ, ओड़िशा एथलेटिक्स प्रोजेक्ट, डीएसवाईएस, रुद्रकेश जेना, खेल उप निदेशक, किस और डॉ गगनेंदु दाश, महानिदेशक, खेल और योग, केआइआइटी और किस द्वारा आयोजित किया गया। समग्र संचालन प्रबोध मोहंती, तकनीकी समिति के अध्यक्ष ओएए और संजय कुमार गरनाइक, हेड कोच, ओड़िशा एथलेटिक्स प्रोजेक्ट, डीएसवाईएस, ओड़िशा सरकार द्वारा निर्बाध रूप से किया गया। 26 दिसंबर, 2024 को एआइयू के अध्यक्ष प्रो विनय कुमार पाठक द्वारा उद्घाटन की गयी। इस चैंपियनशिप ने प्रोफेसर बलजीत सिंह सेखों, संयुक्त सचिव (खेल), एआइयू, नयी दिल्ली के साथ विश्वविद्यालय स्तर के खेलों में एक नया मानदंड स्थापित किया।

एथलीटों, कोचों और प्रबंधकों सहित 15,000 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, यह सात दिवसीय मेगा खेल महोत्सव भारत में एक ही स्थान पर आयोजित अब तक के सबसे बड़े विश्वविद्यालय खेल आयोजनों में से एक है। यह टूर्नामेंट विशेष महत्व रखता है क्योंकि यहां के प्रदर्शन जुलाई 2025 में जर्मनी में होने वाले विश्व विश्वविद्यालय खेलों में भारत की एथलेटिक्स टीम का प्रतिनिधित्व निर्धारित करेंगे। नोडल विश्वविद्यालय के रूप में, किट ने पहले ही भागीदारी शुल्क के रूप में एफआइएसयू में 38,000 (यूरो) जमा कर दिए हैं, जो वैश्विक खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रो अच्युत सामंत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कई अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं के साथ ओलंपियन श्रावणी नंदा, राहुल बनर्जी, डोला बनर्जी, सीमा अंतिल जैसे खेल दिग्गजों की उपस्थिति से यह कार्यक्रम और भी यादगार बन गया। उनकी उपस्थिति ने युवा एथलीटों को प्रेरित किया और इस अवसर को भव्यता प्रदान की। जैसे ही चैंपियनशिप समाप्त होती है, किट विश्वविद्यालय अपने एथलीटों की असाधारण उपलब्धियों का गर्व से जश्न मनाता है, जो विश्वविद्यालय के खेलों में एक पावरहाउस के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करता है।

### डॉ एल मुरूगन ने अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र

## मोहम्मदगंज स्टेशन पर रांची-नयी दिल्ली गरीब रथ के ठहराव के संबंध में ध्यान आकृष्ट कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ एल मुरूगन ने केंद्रीय रेल मंत्रीअश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर मोहम्मदगंज स्टेशन पर रांची-नयी दिल्ली गरीब रथ के ठहराव के संबंध में ध्यान आकृष्ट कराया है। रेल मंत्री को लिखे पत्र में डॉ मुरूगन ने कहा है कि पिछले दिनों आकांक्षी जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत वे पलामू जिले के दौरे पर थे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा उक्त ट्रेन को मोहम्मदगंज स्टेशन पर ठहराव के लिए उनसे आग्रह किया गया था। उन्हें बताया गया कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार पत्र लिखकर मांग की गयी है, लेकिन इस पर विचार नहीं किया गया है। अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री ने उल्लेख किया है कि मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर ऊंटारी रोड, हैदरनगर, मझिआंव, कांडी और भवनाथपुर प्रखंड के सैकड़ों लोग ट्रेन पकड़ने के लिए आते हैं। यहां ठहराव होने से पलामू और गढ़वा जिले के लोगों को गरीब रथ ट्रेन पकड़ने के लिए अत्यधिक दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी।

## उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने कहा कि महिला लाभार्थियों को 2025 में तीन बार पैसा मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में सुभद्रा योजना की महिला लाभार्थियों को वर्ष 2025 में तीन बार पैसा मिलेगा। इसलिए, वर्ष 2025 को सुभद्रा योजना के वर्ष के रूप में जाना जा सकता है, सोमवार को उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने कहा, सुभद्रा योजना की महिला लाभार्थियों को इस योजना के तहत पहली किस्त के चौथे चरण में एक बार (जिन्हें अभी तक नहीं मिला है), दूसरी बार आठ मार्च को महिला दिवस के दौरान और एक बार अगस्त में रक्षा बंधन के दौरान पैसा मिलेगा । इस हिसाब से उन्हें वर्ष 2025 में तीन बार पैसा मिलेगा। जिन लाभार्थियों के आवेदन किसी कारणवश अभी तक स्वीकृत नहीं हो पाए हैं, उन्हें शामिल करने के लिए पूरा सर्वे जनवरी के पहले सप्ताह में पूरा हो जायेगा। पूरा डेटा जनवरी के पहले सप्ताह में आयेगा। हम सुभद्रा योजना में सभी को शामिल करने के लिए समय ले रहे हैं। हम इस बात पर जोर दे रहे हैं कि कोई भी लाभ से वंचित न रहे। देवी सुभद्रा नये साल में महिलाओं/माताओं को आशीर्वाद दें।

## धर्म परिवर्तन के आरोप में दो आदिवासी महिलाओं को खंभे से बांधकर पीटा गया



**बालासोर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के बालासोर जिले के नीलगिरी क्षेत्र के छनखानपुर गांव में कुछ स्थानीय लोगों को दूसरे धर्म में धर्मांतरित करने के आरोप में दो आदिवासी महिलाओं को कथित तौर पर एक खंभे से बांध दिया गया और ग्रामीणों के एक समूह द्वारा उनके साथ मारपीट की गयी। वीडियो क्लिप में महिलाओं को लोगों के एक समूह द्वारा घेर लिया गया और उनमें से कुछ लोगों द्वारा उन पर इलाके के आदिवासियों का जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में हमला किया जा रहा है। स्थानीय लोगों में से एक की शिकायत के आधार पर, दोनों महिलाओं पर ओड़िशा धर्म की स्वतंत्रता अधिनियम, 1967 की धारा 4 और धारा 299 (किसी धर्म का जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण अपमान), धारा 3 (5) (संयुक्त आपराधिक दायित्व) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351 (2) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरी ओर, पुलिस ने महिलाओं की शिकायत के आधार पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 तथा बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी राज प्रसाद ने कहा कि जबरन धर्म परिवर्तन के लिए शिकायत दर्ज की गई थी और एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत एक और मामला भी दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि अब तक एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत भेजा गया है और चार अन्य को नोटिस जारी किया गया है।

## ओड़िशा में फरवरी 2025 से लागू होगी आयुष्मान भारत योजना : स्वास्थ्य मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में फरवरी से आयुष्मान भारत और गोपबंधु जन आरोग्य योजना लागू हो जायेगी। नयी सरकार नये साल में स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा विकास करेगी। राज्य के 3.5 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य कार्ड मिलेंगे। कोई भी वंचित नहीं रहेगा। ओड़िशा के स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने सोमवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय टीम भी दौरा कर चुकी है। इसके साथ ही सरकार नये साल में नये मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेजों की संख्या बढ़ायेगी। आयुष्मान भारत और गोपबंधु जन आरोग्य योजना फरवरी से प्रदेश में लागू हो जायेगी। आयुष्मान भारत योजना को चालू वित्त वर्ष में ही प्रदेश में लागू कर दिया जायेगा। गोपबंधु आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत योजना के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। 3.5 करोड़ लोगों को विशेष कार्ड दिये जायेंगे। इससे कश्मीर से कन्याकुमारी तक 27 हजार अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। यह भी कहा गया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ पाने के लिए पात्र होंगे। ओड़िशा में आयुष्मान भारत कब लागू होगा, इसे लेकर कई सवाल उठते रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य मंत्री ने आज इस संबंध में बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य आधारित योजनाओं से वंचित ओडिया प्रवासियों को भी अब इसका लाभ मिलेगा।

## बालासोर जिले में ऑटो पलटने से छह स्कूली छात्र घायल

**सोरो (आजाद सिपाही)** ओड़िशा के बालासोर जिले में सोमवार सुबह एक ऑटो-रिक्शा दुर्घटना में छह स्कूली छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। ऑटो सोरो-कुपारी रोड पर कोचियाकोइली के पास पलट गया। अर्जुनपुर के आदर्श विद्यालय के छह छात्र कुरूंटा, कलिहा और गंदीबेड़ गांवों से ट्यूशन के लिए स्कूल जा रहे थे। जब ऑटो सोरो-कुपारी रोड पर कोचियाकोइली इलाके से गुजर रहा था, तो ड्राइवर का वाहन पर से नियंत्रण खो जाने के कारण ऑटो सड़क से फिसलकर पलट गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर छात्रों को बचाया और इलाज के लिए खैरा के अस्पताल में भर्ती कराया। छात्रों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आइएमडी ने ओड़िशा के कई जिलों में घना कोहरे का अलर्ट जारी किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय केंद्र ने ओड़िशा के कई जिलों में घने कोहरे की पीली चेतावनी जारी की। मौसम विभाग ने 31 दिसंबर की सुबह 8.30 बजे तक झारसुगुड़ा, संबलपुर, क्योंझर और सुंदरगढ़ जिले में एक या दो स्थानों पर घना कोहरा छाने की संभावना जतायी है। इस अवधि के दौरान कंधमाल और कालाहांडी जिले में एक या दो स्थानों पर हल्के से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों के पूवार्नुमान के मद्देनजर विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) के कार्यालय ने संबंधित जिलों के पुलिस और परिवहन अधिकारियों के लिए एक परामर्श जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि घने कोहरे के दौरान राजमार्गों पर वाहनों के नियंत्रित संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें, ताकि किसी भी सड़क दुर्घटना से बचा जा सके।

## तालचेर थर्मल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत शीतकालीन कार्यशाला का सफल समापन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** तालचेर थर्मल ने 28 दिसंबर 2024 को अपने फ्लैगशिप सीएसआर पहलबालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत 9 सरकारी स्कूलों की 39 छात्राओं के लिए शीतकालीन कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा, मार्गदर्शन और जीवन कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से युवा लड़कियों को सशक्त बनाना था। इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को अपने मार्गदर्शकों के साथ बातचीत करने, अपने विकास की यात्रा को समझने और जीइएम कार्यक्रम के उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया। छात्राओं ने साझा किया कि इस पहल ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया है, उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाया है, और उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर प्रेरित किया है। छात्राओं को संबोधित करते हुए विजय चंद, मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और परियोजना प्रमुख (एचओपी), तालचेर थर्मल ने कहा, तालचेर थर्मल हमेशा शिक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देता रहा है। गर्ल एंपावरमेंट मिशन हमारी इस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हर बच्ची को सीखने और विकसित होने का अवसर मिले। यह कार्यशाला छात्राओं के आत्मविश्वास और क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है। विभा अग्रवाल, सागरिका लेडीज क्लब की अध्यक्षा, ने भी छात्राओं को प्रेरित करते हुए आत्मविश्वास और कठिनाइयों का सामना करने के लिए दृढ़ता की आवश्यकता पर बल दिया।

## संबलपुर मंडल की 140 किलोमीटर प्रति घंटे की गति परीक्षण में सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** भारतीय रेलवे के संबलपुर मंडल ने वर्ष 2024 को एक ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया है। संबलपुर-बलांगीर अप और डाउन दोनों लाइनों पर 140 किलोमीटर प्रति घंटे की गति परीक्षण किया, जिसमें कुल 236 किलोमीटर की दूरी तय की गयी। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि पूरे क्षेत्र में रेल गतिशीलता को बढ़ाने और यात्री और माल ढुलाई सेवाओं में सुधार करने के लिए मंडल के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गति सुधार के लिए प्रमुख संवर्द्धन बढ़ी हुई गति कई प्रमुख अवसंरचनात्मक सुधारों के माध्यम से संभव हुई है, जिनमें शामिल हैं। **घुमाव सुधार:** ट्रैक अलाइनमेंट में सुधार के परिणामस्वरूप सहज परिवर्तन हुआ है, जिससे उच्च गति संभव हुई है। डायनेमिक टैम्पिंग एक्सप्रेस द्वारा मशीन टैम्पिंग ट्रैक अलाइनमेंट और स्थिरता के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग, बेहतर सवारी गुणवत्ता और बढ़ी हुई गति सुनिश्चित करना। पीसीटीएम द्वारा टर्नआउट और एसईजे (स्विच एक्सपेंशन जॉइंट) टैम्पिंग महत्वपूर्ण ट्रैक घटकों, जैसे टर्नआउट और एक्सपेंशन जॉइंट पर विशेष ध्यान, जो उच्च गति परीक्षणों में और योगदान देता है। इन उन्नयनों से कोचिंग ट्रेनों की गतिशीलता में काफी सुधार होने, यात्रा समय कम करने और नेटवर्क की समग्र दक्षता बढ़ाने की उम्मीद है। यह मील का पत्थर संबलपुर मंडल के लिए प्रगतिशील गति संवर्द्धन की श्रृंखला में नवीनतम है। पिछले दो वर्षों में, मंडल ने ट्रेन की गति 80 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 110 किमी प्रति घंटे कर दी है और अब 140 किमी प्रति घंटे की गति प्राप्त कर ली है, जो अपेक्षाओं से अधिक है और मंडल की परिचालन उत्कृष्टता के लिए नये मानक स्थापित करता है। यह उपलब्धि न केवल संबलपुर मंडल की परिचालन क्षमताओं को मजबूत करती है, बल्कि आने वाले वर्षों में रेल बुनियादी ढांचे और सेवाओं में और सुधार के लिए मंच भी तैयार करती है।

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
With OMR Sheet for Practice
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
All Subjects Combined in ONE BOOK
Arts Subject: Hindi (Core), English (Core), Hindi (Elective), English (Elective), Economics, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Philosophy and Home Science
Science Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology and Computer Science
Commerce Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Accountancy, Business Studies, Commercial Arithmetic, Entrepreneurship and Computer Science
विज्ञान विषय: हिन्दी (कोर), अंग्रेजी (कोर), अर्थशास्त्र, भौतिकी, रसायन, गणित, जीवविज्ञान एवं कम्प्यूटर साइंस
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें!

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Stage, Any Type
संपूर्ण ईलाज
अब धनबाद में
Radiotherapy | PET Scan | Mammography
A Unit of Asarfi Hospital Ltd. 9297970030

POPKORN cinemas | SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
Schedule For 29th Dec., 2024 onwards!
at Screen-1 (Sujata)
Pushpa: The Rule-Part 2 : 10.00, 1.45, 5.30, 9.15
at Screen-2 (Miniplex)
Pushpa: The Rule-Part 2 : 3.00
Baby John : 11.30, 7.00
at Popkorn Cinemas
Baby John : 2.00, 8.30
Pushpa: The Rule-Part 2 : 10.30, 12.00, 3.45, 5.00, 7.30
*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**